kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-214 | रविवार, 07 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



'जीएसटी में व्यापक बदलाव लोगों के लिए सुधार है और इस कदम से देश के 140 करोड़ लोगों पर सकारात्मक असर होगा। गरीब से गरीब लोगों पर कुछ-न-कुछ इसका सकारात्मक असर होगा। निर्मला सीतारमण

यमुना का जलस्तर अभी भी खतरे के निशान से ऊपर 11

मुख्यमंत्री धामी ने 15 सहायक अध्यापकों को सौंपे नियुक्ति पत्र 12

## संक्षेप

### मोदी बाढ़ की विभिषिका झेल रहे राज्यों का करेंगे सर्वेक्षण

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समय बाढ़ की विभिषिका झेल रहे राज्यों का सर्वेक्षण करने जायेंगे।यह जानकारी शुक्रवार को आधिकारिक सूत्रों ने यहां दी। सूत्रों ने कहा कि बाढ़ग्रस्त राज्यों के सर्वेक्षण के लिए प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को अंतिम रुप दिया जा रहा है। गौरतलब है कि इस समय पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर तथा उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के कई इलाके भीषण बाढ़ अतिवृष्टि तथा भूस्खलन से प्रभावित हैं।

### राष्ट्रपति मुर्मु से मिले मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। श्री मोदी की राष्ट्रपति के साथ यह मुलाकात जापान और चीन की चार दिन की यात्रा से लौटने के बाद हुई है। समझा जाता है कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति को अपनी इन महत्वपूर्ण यात्राओं के दौरान इन देशों के नेताओं के साथ हुई बातचीत से अवगत कराया। श्री मोदी ने चीन में शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में भी भाग लिया था और वहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा अन्य वैश्विक नेताओं से भी मुलाकात की थी। राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस मुलाकात की जानकारी देते हुए एक फोटो साझा किया है।

### रोपवे की तार टूटी, छह लोगों की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के पंचमहल जिले में शनिवार को पावागढ़ शक्ति पीठ में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां मालवाहक रोपवे की तार अचानक टूटने से छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो लिफ्टमैन, दो मजदूर और दो अन्य शामिल बताए जा रहे हैं। यह हादसा दोपहर करीब 3:30 बजे हुआ। घटना की पुष्टि पंचमहल कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक हरेश दुधात ने की है। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं।

### मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों के साथ यूक्रेन सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर की बात

**नयी दिल्ली।** रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किये जा रहे प्रयासों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और कहा कि दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी की वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका है। बातचीत के बाद श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ उनकी अच्छी बातचीत हुई और दोनों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ यूक्रेन के मुद्दे पर भी विचारों का आदान प्रदान किया। भारत संघर्ष के जल्द समाधान और क्षेत्र में स्थायी शांति की बहाली के प्रयासों का निरंतर समर्थन करता रहा है।

# भारत के साथ रिश्ते अहम मोदी अच्छे दोस्त : ट्रम्प

एजेंसी



- भारत और अमेरिका के बीच विशेष रिश्ते, चिंता की कोई बात नहीं: ट्रंप
- ट्रंप की सकारात्मक राय का समर्थन करता हूं : प्रधानमंत्री मोदी
- भारत अमेरिका के साथ अपने मित्रता को महत्व देता है : जयशंकर

नयी दिल्ली। अमेरिका द्वारा भारत पर भारी टैरिफ लगाये जाने के बाद दोनों देशों में चल रही तनातनी के बीच पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत के साथ संबंधों को विशेष और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अच्छा दोस्त बताये जाने वाले बयान और उस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सकारात्मक जवाब के बाद इस मुद्दे के समाधान की उम्मीद बढ गयी है। श्री ट्रंप ने शुक्रवार को अपने पहले दिये गये बयान से बारह घंटे में ही पलटते हुए व्हाइट हाउस में भारत के साथ रिश्तों को बेहद खास बताते हुए कहा था कि वह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा अच्छे दोस्त रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वह महान प्रधानमंत्री हैं। दोनों देशों के संबंधों के बारे में श्री ट्रंप ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ अच्छी बनती हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने साथ ही यह भी कहा कि लेकिन उन्हें भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर नाराजगी भी है। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कभी-कभी इस तरह की बातें हो जाती हैं। श्री मोदी ने शनिवार को इसके जवाब पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि वह श्री ट्रंप की भावनाओं का सम्मान करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं और हमारे संबंधों के सकारात्मक मूल्यांकन की हम तहे दिल से सराहना करते हैं और उनका पूर्ण समर्थन करते हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अत्यंत सकारात्मक और दूरदर्शी व्यापक एवं वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। वहीं विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर ने शनिवार को यहां कहा कि भारत अमेरिका के साथ अपनी मित्रता को बहुत ज्यादा महत्व देता है। हम अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए टैरिफ के चलते दोनों देशों के रिश्ते में हाल के समय में कुछ दूरियां देखने को मिली हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के साथ हमारी साझीदारी को बहुत महत्व देते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनके हमेशा से बहुत अच्छे व्यक्तिगत संबंध रहे हैं, लेकिन मुद्दा यह है कि हम अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए हैं और इस समय वे इससे ज़्यादा कुछ नहीं कह सकते। उल्लेखनीय है कि श्री ट्रंप ने इससे पहले चीन में प्रधानमंत्री मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात के बाद कहा था कि लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। लेकिन बारह घंटे के अंदर ही श्री ट्रंप ने अपने रूख को बदलते हुए भारत के साथ रिश्तों को अहम बताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी प्रशंसा की और कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। श्री ट्रंप के इस बयान तथा इस पर प्रधानमंत्री की ● शेष पेज 11 पर

# बिना किसी भय या पक्षपात के कानून का शासन लागू करना न्यायालयों का कर्तव्य : न्यायमूर्ति नागरत्ना

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश बी वी नागरत्ना ने शनिवार को कहा कि यदि कानून के शासन को लोकतंत्र के सार के रूप में संरक्षित रखना है, तो अदालतों का कर्तव्य है कि वे इसे बिना किसी भय या पक्षपात के लागू करें।

यहां राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में न्यायमूर्ति नागरत्ना ने इस बात पर जोर दिया कि कानून केवल नियमों के बारे में नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करने के संबंध में है कि प्रत्येक व्यक्ति धन, स्थिति, जाति, लिंग या आस्था की परवाह किए बिना ऽ कानून के समक्ष एक समान विषय के रूप में माना जाए।

उन्होंने कहा कि कानूनी पेशा बदलाव



का एक माध्यम है, विशेष रूप से भारतीय समाज में 'जहां गहरी असमानताएं बनी हुई हैं'। उन्होंने कहा, ''एक लोकतंत्र में, जहां कानून का शासन उसका सार है, उसे संरक्षित और लागू किया जाना चाहिए, विशेष रूप से न्यायालयों द्वारा। यदि कानून के शासन को लोकतंत्र के सार के रूप में संरक्षित किया जाना है, तो न्यायालयों का यह कर्तव्य है कि वे उसे बिना किसी भय या पक्षपात, स्नेह या द्वेष के लागू करें। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, ''कानून का शासन सुशासन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक है, क्योंकि भारत में एक स्वतंत्र न्यायपालिका है, जो अन्य बातों के अलावा, एक स्वतंत्र बार के समर्थन और सहायता के कारण कायम है। उन्होंने कहा कि संविधान को उसकी पूरी उदारता और अच्छे इरादों के साथ लागू करने की जिम्मेदारी केवल सत्ता के गलियारों में बैठे लोगों की ही नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदारी प्रत्येक वकील की है, जिसे संविधान का समर्थक होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''अक्सर, कानून ● शेष पेज 11 पर

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दो न्यायाधीश नियुक्त

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिवक्ता अमिताभ कुमार राय और राजीव लोचन शुक्ला को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने शनिवार को एक अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति से संबंधित यह घोषणा की। उधर, केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने भी अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल कर एक पोस्ट कर के सर्वश्री राय और शुक्ला को न्यायाधीश बनाने से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने अपने में पोस्ट में लिखा, ''राष्ट्रपति भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग ● शेष पेज 11 पर

# बाराबंकी में श्री रामस्वरूप विवि परिसर में बने पशुशाला पर चला बुलडोजर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं पर 01 सितंबर को निजी विश्वविद्यालय के अधिकारियों के खिलाफ उनके विरोध प्रदर्शन पर लाठीचार्ज किया गया था, लेकिन शनिवार को अधिकारियों द्वारा विश्वविद्यालय के अंदर एक हिस्से को ध्वस्त करने के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया। विवाद के बीच, रविवार को लखनऊ में होने वाला भाजपा का 'एक राष्ट्र एक चुनाव' छात्र नेतृत्व सम्मेलन स्थगित कर दिया गया है।

सरकारी ज़मीन पर कथित अवैध अतिक्रमणों के ख़िलाफ़ एक बड़ी कार्रवाई के तहत शनिवार को बाराबंकी स्थित श्री रामस्वरूप विश्वविद्यालय परिसर के अंदर बुलडोज़र तैनात किए गए।विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित पशुशाला को ढहाने की कार्रवाई दोपहर लगभग 3:30 बजे शुरू हुई। नवाबगंज तहसील, राजस्व विभाग और स्थानीय पुलिस के अधिकारियों सहित प्रशासनिक दल दो बुलडोज़रों के साथ दिन में ही घटनास्थल पर पहुँच गए। अभियान शुरू होते ही पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। एडीएम राजकुमार शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय की 01 हेक्टेयर जमीन ग्रामसभा में दर्ज है, जिसमें कुल 32 गाटा संख्या हैं। जिन गाटा संख्या पर यूनिवर्सिटी का अवैध कब्जा है, उस पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। बंजर जमीन पर 400 वर्गमीटर एरिया में बना एनिमल हाउस तोड़ा गया है।

यह कार्रवाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा कथित तौर पर विश्वविद्यालय परिसर में ग्राम समाज की ज़मीन और सरकारी तालाबों पर अवैध अतिक्रमण के बारे में दर्ज कराई गई शिकायतों के बाद की गई है। राजस्व विभाग द्वारा की गई बाद की जाँच में आरोपों की पुष्टि हुई, जिसके बाद तहसील प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। विश्वविद्यालय ने कथित तौर पर पिछले 17 वर्षों से देवा ब्लॉक के अंतर्गत खुजेर गाँव में ग्राम सभा (ग्राम समुदाय) की लगभग 2 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा कर रखा है। स्थानीय ग्राम प्रधान रामनाथ यादव अप्रैल 2025 से तहसीलदार और एसडीएम सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत कर रहे थे। कई पत्र भेजने के बावजूद, इस ● शेष पेज 11 पर

## लाल किले से एक करोड़ का सोने-रत्नों से सजा कलश चोरी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक लाल किले से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य का सोने और कीमती रत्नों से सजा कलश चोरी हो गया है। यह कलश एक जैन धार्मिक अनुष्ठान के दौरान गायब हुआ जिससे आयोजन स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक चोरी हुआ कलश लगभग 760 ग्राम शुद्ध सोने से बना था और उसमें करीब 150 ग्राम हीरे, माणिक्य और पन्ना जड़े हुए थे। यह धार्मिक कार्यक्रम 28 अगस्त से 09 सितंबर तक चला था, जहां केवल धोती-कुर्ता पहने और अनुमति प्राप्त श्रद्धालुओं को ही प्रवेश दिया जा रहा था। घटना दो सितंबर को उस समय हुई जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। अचानक भीड़ और हलचल के बीच कलश मंच से गायब हो गया। शुरुआत में लगा कि कलश वहीं कहीं रखा रह गया है, लेकिन बाद में स्पष्ट हुआ कि यह चोरी हो चुका है। इसके बाद घटना की शिकायत पीड़ित सुधीर जैन ने कोतवाली थाने में ● शेष पेज 11 पर

# चुनावी रणनीति पर मंथन करेगा आयोग

एजेंसी

- 10 को बुलाई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक
- सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारी करेंगे प्रस्तुति, दो दशक बाद गहन संशोधन




नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने 10 सितंबर को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की नियमित बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में चुनाव से जुड़े सभी अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी। मतदाता सूची की समीक्षा, आचार संहिता का पालन, तकनीकी सुधार और पारदर्शिता जैसे विषय एजेंडे में शामिल होंगे। माना जा रहा है कि बैठक का मकसद आगामी चुनावों को सुचारू और विश्वसनीय ढंग से आयोजित करना है।

सूत्रों ने बताया कि बिहार के बाद अब देशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) लागू करने की तैयारी है। इस प्रक्रिया की पात्रता तिथि एक जनवरी 2026 रखी गई है। चुनाव आयोग ने 24 जून को आदेश जारी कर एसआईआर की घोषणा की थी। हालांकि, इसे पहले सिर्फ बिहार में लागू किया गया था। अब आयोग ने तय किया है कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस पर काम आगे बढ़ेगा। बैठक में सभी सीईओ को अपने-अपने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की स्थिति पर प्रस्तुति देनी होगी। इसमें मतदाताओं की संख्या, पिछली गहन समीक्षा की जानकारी और संशोधन की मौजूदा स्थिति शामिल होगी। चुनाव आयोग के आदेश के बाद ही अंतिम समयसीमा तय होगी। बैठक दिल्ली के द्वारका स्थित चुनाव आयोग के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में आयोजित होगी।

चुनाव आयोग ने कहा था कि 2003 के बाद से गहन संशोधन (इंटेंसिव रिवीजन) नहीं हुआ है। शहरीकरण और पलायन की वजह से मतदाता सूची में डुप्लीकेट नामों की आशंका बढ़ गई है। इसलिए हर व्यक्ति के नामांकन से पहले गहन सत्यापन जरूरी है। सामान्यतः हर साल मतदाता सूची में संशोधन होता है, लेकिन इस बार पूरी सूची नए सिरे से तैयार की जा रही है।

बिहार में इस प्रक्रिया को पहले ही लागू किया गया था। वहां नए एन्यूमरेशन फॉर्म और 11 दस्तावेजों की सूची जारी की गई थी। सभी मौजूदा मतदाताओं को फॉर्म भरना पड़ा और 2003 के बाद जुड़े नामों के लिए पात्रता दस्तावेज देना अनिवार्य था। अब यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए आधार बनेगा। बिहार की अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी।

# आकाश आनंद के ससुर की भी बसपा में वापसी

## हाथ जोड़कर माफी मांगते ही मायावती ने पार्टी में लिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी में मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्त को भी दोबारा पार्टी में शामिल कर लिया है। कुछ महीने पहले आकाश आनंद से जिम्मेदारियां छीनने और एक्शन लेते समय मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को ही निशाने पर लिया था। शनिवार को अचानक अशोक सिद्धार्थ ने हाथ जोड़कर मायावती से माफी मांगी। इसके कुछ घंटे बाद ही मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को माफ करते हुए बसपा में शामिल करने का ऐलान कर दिया।

मायावती ने एक्स पर लिखा कि बीएसपी के कई ज़िम्मेदार पदों पर लम्बे वर्षों तक कार्यरत रहे एवं पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक सिद्धार्थ को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिये कुछ माह पहले पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। उन्होंने एक्स पर आज अपने लम्बे पोस्ट के ज़िरये सार्वजनिक तौर पर अपनी ग़लती की माफी मांगी है। आगे पार्टी और बीएसपी मूवमेन्ट



के प्रति पूरी तरह से वफादर रहकर बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान एवं स्वाभिमान के मूवमेन्ट को आगे बढ़ाने में पूरे जी-जान से लग जाने का आश्वासन बहुजन समाज और बीएसपी नेतृत्व को दिया है।

मायावती ने कहा कि हालांकि उन्हें अपनी ग़लती का एहसास बहुत पहले हो चुका था और वे इसका लगातार पश्चाताप विभिन्न स्तर पर कर रहे थे, लेकिन आज उन्होंने सार्वजनिक तौर पर अपना पछतावा ज़ाहिर किया है। इसको ध्यान में रखते हुये पार्टी व मूवमेन्ट के हित में उन्हें पार्टी द्वारा एक मौका दिया जाना उचित समझा गया है और इसीलिये बीएसपी से उनके निष्कासन का फैसला आज तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है और पार्टी में वापस ले लिया गया है। मायावती ने यह भी कहा कि उम्मीद है कि पार्टी के अन्य सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं की तरह वे भी पूरे तन, मन, धन से पार्टी और मूवमेन्ट को आगे बढ़ाने में अपना भरपूर योगदान ज़रूर देंगे। बीएसपी के नेतृत्व में बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर का कारवां आगे बढ़ता हुआ बहुजन समाज को शोषित वर्ग से ऊपर उठाकर प्रदेश एवं देश का शासक वर्ग बना सके।

गौरतलब हो कि शनिवार को ही श्री सिद्धार्थ ने उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती से अपने सोशल मीडिया अकाउंट फ़ेसबुक पर शनिवार को पोस्ट शेयर करते हुए माफी मांगी । उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा मैं अशोक सिद्धार्थ बीएसपी पूर्व सांसद निवासी जिला ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री ने किया परिवहन विभाग की विभिन्न सेवाओं का शुभारंभ, डिजिटल लोकार्पण एवं शिलान्यास

# परिवहन विभाग बनेगा विकसित उत्तर प्रदेश का सारथी : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में परिवहन विभाग की विभिन्न सेवाओं का शुभारंभ और डिजिटल लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने विभाग को बधाई देते हुए कहा कि परिवहन विभाग प्रदेश के पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सबसे बड़ा माध्यम है और इसे विकसित भारत की परिकल्पना का सारथी बनना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के पास देश में सबसे बड़ा बेड़ा है। इतनी बड़ी संख्या में सेवाएं देना अपने आप में एक उपलब्धि है, लेकिन इसके साथ ही चुनौतियां भी कम नहीं हैं। उन्होंने रक्षाबंधन पर बहनों को तीन दिनों तक मुफ्त बस यात्रा उपलब्ध कराने की पहल को सराहनीय बताया और कहा कि विभाग भविष्य में इस तरह की सेवाओं का प्रचार-प्रसार और प्रभावी तरीके से करे।

समय की रफ्तार से कदम मिलाना जरूरीमुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी



व्यक्ति, समाज या राष्ट्र यदि समय की गति से पीछे जाता है तो हमेशा के लिए पीछे रह जाता है। लेकिन यदि वह समय की गति से दो कदम आगे चलने की क्षमता रखता है, तो विजयश्री का ध्वज फहराता है। उन्होंने परिवहन विभाग से अल्पकालिक (3 वर्ष), मध्यम अवधि (10 वर्ष) और दीर्घकालिक (22 वर्ष) योजनाएं तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि फाइल को लटकाने की आदत बंद करनी पड़ेगी। जनसुनवाई को तेजी से आगे बढ़ाना पड़ेगा। विभाग में टीम वर्क को और सशक्त बनाना पड़ेगा तो परिणाम आने में देर नहीं लगेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि परिवहन विभाग ने समय-समय पर अपनी सेवाओं से मिसाल पेश की है। 2019 के प्रयागराज कुंभ और 2020 की वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान जब करोड़ों कामगार और श्रमिक अपने-अपने राज्यों और गांवों की ओर लौट रहे थे, तब विभाग ने उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि बिहार, झारखंड, ओडिशा, असम, पश्चिम बंगाल और उत्तराखंड तक प्रवासियों को सुरक्षित पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति की सुरक्षा परिवहन विभाग की जिम्मेदारी है। यदि किसी यात्री की जान बचती है तो यह विभाग की सकारात्मक छवि बनाता है, लेकिन लापरवाही से जान जाने पर न केवल विभाग की बदनामी होती है, बल्कि आर्थिक क्षति भी होती है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बस चालकों का नियमित मेडिकल और फिजिकल फिटनेस टेस्ट हर तीन महीने में अनिवार्य रूप से कराया जाए। विशेष रूप से आंखों की जांच जरूरी है ताकि दृष्टि दोष के कारण दुर्घटनाएं न हों। उन्होंने कहा कि सड़क पर अंदाजे से गाड़ी चलाने की छूट नहीं दी जा सकती। जागरूकता और समन्वय से ही समाधानमुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाना ● शेष पेज 11 पर

# पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुआ मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम

**पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी भीड़ पर रखी थी कड़ी नजर, अधिकारी भी रहे मुस्तैद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरावं (प्रयागराज )। कोराव पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच गणेश जी की मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम शनिवार को कस्बा कोराव में सकुशल सम्पन्न हुआ। इस दौरान भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी रही और लोग नाचते-गाते हुए प्रसाद वितरण करते हुए नजर आए।

### मूर्ति विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था

पुलिस फोर्स की तैनाती दोपहर से लेकर शाम तक पुलिस फोर्स तैनात रही, जब तक मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम सम्पन्न नहीं हुआ।

### डीजे की तेज ध्वनि

डीजे की तेज ध्वनि से कस्बा कोराव के लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त रहा। पुलिस और डीसीपीसी की भूमिका पुलिस के अलावा डीसीपीसी के कार्यकर्ता भी सहयोग में जुटे रहे और मूर्ति विसर्जन को शांति व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराने में मदद की।

### पुलिस अधिकारियों की भूमिका

प्रभारी निरीक्षक थाना कोराव राकेश कुमार वर्मा ने मूर्ति विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अतरिक्त इंस्पेक्टर और उपनिरीक्षक अतरिक्त इंस्पेक्टर शैलेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अजय कुमार, गिरीश कुमार राय, अश्वनी यादव, उमेश यादव समेत अन्य सहयोगी पुलिस बल ने भी सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ, जिसके लिए पुलिस और प्रशासन की भूमिका की सराहना लोगो ने की

## साइबर टीम की कार्रवाईः ठगी का शिकार व्यक्ति को 8700 रुपये लौटाए

मीरजापुर । थाना लालगंज की साइबर सेल टीम ने ठगी का शिकार हुए व्यक्ति को राहत दिलाई है। टीम ने तत्परता दिखाते हुए 8700 रुपये की ठगी गई रकम वापस शिकायतकर्ता के खाते में जमा कराई।मामला थाना लालगंज क्षेत्र के मुरधुरा, पोस्ट दुबार कला निवासी रमाकान्त पुत्र रामचरन शुक्ला से जुड़ा है। उन्होंने 26 अगस्त को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि लोन दिलाने के नाम पर केवाईसी कराने के बहाने अज्ञात व्यक्ति ने उनसे 8700 रुपये की ठगी कर ली।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में साइबर टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान ठगी गई धनराशि को सफलतापूर्वक वापस कराया गया।खाते में पैसे लौटने के बाद पीड़ित रमाकांत शुक्ला थाने पहुंचे और थानाध्यक्ष लालगंज संजय कुमार, उच्च अधिकारियों तथा साइबर टीम की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही उन्हें साइबर जागरूकता अभियान के तहत ठगी से बचाव के उपाय भी बताए गए, ताकि वे और अन्य लोग भविष्य में सावधान रहें।

# परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिये जिलाधिकारी का औचक निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा के सफल और निष्पक्ष आयोजन के दृष्टिगत शहर के कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेरी वाना मेकर गर्ल्स इंटर कॉलेज, द्वारिका प्रसाद गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज, डीपी पब्लिक स्कूल समेत कई केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने परीक्षा नियंत्रण कक्ष में सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता जांची और उनकी मदद से की जा रही निगरानी की समीक्षा की।जिलाधिकारी ने प्रत्येक परीक्षा कक्ष में जाकर सीटिंग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या और केंद्रवार व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेट, प्रधानाचार्य व अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## अंडर ट्रांसफर पुलिसकर्मियों की जल्द होगी रवानगी, कुछ थाना प्रभारी हटाए जाएंगे

प्रयागराज । प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में जल्द ही बड़ा फ़ेरबदल होने जा रहा है। अंडर ट्रांसफर किए गए पुलिसकर्मियों की सूची पुलिस कमिश्नर के पास पहुंच चुकी है और जल्द ही इनकी रवानगी सुनिश्चित की जाएगी।सूत्रों के अनुसार, इस सूची में औद्योगिक थाना के चर्चित और लापरवाही के लिए चर्चित थाना प्रभारी विपिन पाल का नाम भी शामिल है, जिन्हें जल्द हटाया जा सकता है। इसके साथ ही लालापुर थाना के प्रभारी अजय मिश्रा को भी हटाए जाने की तैयारी चल रही है।यह बदलाव पुलिस प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

## मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण : किसानों और युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

प्रयागराज। मधुमक्खी पालन एक अनुपूरक कृषि उद्यम के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इससे न केवल शहद का उत्पादन होता है, बल्कि फसलों में पर-परागण के माध्यम से पौधों की जीवितता और उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है। आधुनिक कृषि के साथ ऐसे अनुपूरक उद्यम अपनाने की आवश्यकता है, जिनमें भूमि की अधिक आवश्यकता न हो। इसी उद्देश्य से उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज में दीर्घकालीन प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।इस कार्यक्रम के अंतर्गत तीन माह (90 दिवसीय) का निःशुल्क प्रशिक्षण सत्र दिनांक 16 सितंबर 2025 से 15 दिसंबर 2025 तक राजकीय मौन पालन प्रशिक्षण केन्द्र, कम्पनीबाग, प्रयागराज में आयोजित किया जा रहा है।प्रशिक्षण निःशुल्क होगा, हालांकि प्रशिक्षणार्थियों को रहने और खाने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।इस प्रशिक्षण में पुरुष एवं महिलाएं दोनों भाग ले सकते हैं। आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 पास होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 15 सितंबर 2025 तक अधीक्षक, राजकीय उद्यान कार्यालय, प्रयागराज से संपर्क कर निर्धारित प्रारूप पर आवेदन कर सकते हैं।आवेदन पत्र के साथ दो सम्भ्रांत व्यक्तियों या किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

## प्रयागराज में नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीच

प्रयागराज । जिले में नदियों के जलस्तर की स्थिति पर प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है। शनिवार शाम 4:00 बजे तक किए गए माप के अनुसार, खतरे का स्तर 84.734 मीटर निर्धारित है, जबकि सभी स्थानों पर जलस्तर इससे नीचे है।यमुना नदी में नैनी पर जलस्तर 82.31 मीटर दर्ज किया गया है, जिसमें पिछले 4 घंटों में 11 से.मी. की वृद्धि हुई है।गंगा नदी में फाफामऊ पर 82.40 मीटर (+16 से.मी.), छतनाग पर 81.79 मीटर (+12 से.मी.) तथा बक्सी एसटीपी पर 82.41 मीटर (+14 से.मी.) जलस्तर दर्ज हुआ है।पिछले चार घंटों में हल्की वृद्धि के बावजूद स्थिति नियंत्रण में है और सभी बंधे पूरी तरह सुरक्षित हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें।

## रोटरी प्लैटिनम ने वंचित बच्चों संग मनाया शिक्षक दिवस

प्रयागराज । रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम ने शिक्षक दिवस पर शुरुआत फाउंडेशन के निःस्वार्थ शिक्षकों को सम्मानित कर एक अनोखा आयोजन किया। ये शिक्षक वर्षों से मात्र 1 रूपये प्रतिदिन में वंचित बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं, किसी पुरस्कार की अपेक्षा में नहीं, बल्कि ज्ञान और मानवता के प्रेम में। इस पहल ने बच्चों के जीवन में आशा और उज्ज्वल भविष्य की किरण जगाई है।शुरुआत फाउंडेशन के प्रमुख अभिषेक शुक्ला के मार्गदर्शन में 15-20 युवा शिक्षक प्ले स्कूल से लेकर कक्षा बारहवीं तक के 200 से अधिक वंचित बच्चों को शिक्षा, किताबें, स्टेशनरी और स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराते हैं। यह निःस्वार्थ सेवा बच्चों के जीवन में न केवल शिक्षा का उजाला बल्कि आत्मविश्वास और साहस भी भरती है।रोटरी प्लैटिनम के मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर 17 शिक्षकों को मोमेंटो और उपहार देकर सम्मानित किया गया। जबकि 60 से अधिक बच्चों को आकर्षक गिफ्ट हैम्पर्स वितरित किए गए। बच्चों को रोटरी और समाज में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। अध्यक्ष डॉ. प्रतीक पाण्डेय ने बच्चों को शिक्षा और मेहनत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ल्लमेहनत का कोई विकल्प नहीं होता।ल्लइस अवसर पर डायरेक्टर गौरव अग्रवाल ने बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी और कहा, ल्लअगर लगन हो तो कुछ भी असम्भव नहीं।ल्ल सेक्रेटरी संजय तलवार ने शिक्षकों की निःस्वार्थ सेवा के लिए आभार व्यक्त किया। अभिषेक शुक्ला ने शुरुआत फाउंडेशन के विज़न को साझा करते हुए कहा, ल्लहमारा सपना है कि कोई बच्चा सड़कों पर भीख न मांगे और झुग्गियों में रहने वाले बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें।ल्लआयोजक मनीष गर्ग ने कहा, ल्लशिक्षा हर बच्चे का अधिकार है। आज हमने देखा कि कैसे समर्पित शिक्षक बच्चों के जीवन में आशा की किरण बन सकते हैं। हमें समाज के हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए।ल्ल विशेष रूप से प्रमोद बंसल को शिक्षकों को विशेष उपहार देने के लिए धन्यवाद दिया गया।इस विशेष कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य सेक्रेटरी संजय तलवार, वाइस प्रेसिडेंट एकता तलवार, डायरेक्टर गौरव अग्रवाल, एमओसी व कोषाध्यक्ष संजय सिंह, नितिन चोपड़ा, प्रमय मित्तल, मनोज जायसवाल, अरिंदम घोष, अनुज केसरवानी, मनोज अग्रवाल, अशोक पांडे और मनीष गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## इज्जतनगर मंडल में 'ऑपरेशन रेल सुरक्षा' के तहत बड़ी कार्रवाई

बरेली। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल में रेलवे सम्पत्ति की चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन रेल सुरक्षा' के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) फर्रुखाबाद पोस्ट ने शुक्रवार की रात बड़ी कार्रवाई की। फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन के डाउन यार्ड स्थित टावर वैगन शेड का ताला तोड़कर चोरी कर रहे गिरोह के दो सदस्यों को मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि एक महिला अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रही।आरपीएफ ने रात करीब 11:40 बजे दबिश देकर नीरज कुमार उर्फ नकचूल्ला पुत्र स्वर्गीय रामदयाल निवासी जसमई रेलवे क्रॉसिंग, थाना मऊदरवाजा, फर्रुखाबाद (31) और ब्रजकिशोर तिवारी पुत्र सुरेश तिवारी निवासी बनपुरा, थाना तिर्वा, जिला कन्नौज (20) को धर दबोचा। तलाशी में उनके पास से चोरी की गई ओएचई वायर बरामद हुई। जब्त माल में ओएचई 160 स्क्वायर मिमी जंपर वायर के दो टुकड़े (लगभग 13 मीटर), ओएचई एटीजे जंपर वायर के 30 टुकड़े (प्रत्येक की लंबाई 1.5 मीटर) और ओएचई कैटनरी वायर (लगभग 40 मीटर) शामिल हैं। बरामद सम्पत्ति की कीमत करीब 38,500 रुपये आंकी गई है।गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि वे दिन में सुनसान पड़े रेलवे यार्ड और स्थानों की रेकी कर रात में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने मौके से चोरी का पूरा माल भी बरामद कर लिया है।मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मंडल में रेलवे सम्पत्ति की चोरी रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

## पुलिया के नीचे नाले में मिला युवक का शव, परिजनों में मचा कोहराम

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मुस्करा थाना क्षेत्र के मसगांव गांव में शनिवार को एक पुलिया के नीचे नाले में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 34 वर्षीय संतोष के रूप में हुई है, जो चित्रकूट में बायो प्लांटेशन का काम करता था।परिजनों ने बताया कि संतोष शुक्रवार शाम करीब 4 बजे बांदा जाने की बात कहकर घर से निकला था। वह बांदा न जाकर मौदहा से वापस लौटा, लेकिन घर नहीं पहुंचा। देर रात परिजनों को सड़क किनारे उसका मोबाइल फोन पड़ा मिला था, जिसके बाद घर वाले परेशान हो उठे। शनिवार को टहलने निकले ग्रामीणों ने पुलिया के नीचे नाले में शव देखा। खबर फैलते ही गांव के लोग और परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक के छोटे भाई संजय ने बताया कि संतोष की शादी हो चुकी थी और उसके दो बेटियां व एक बेटा है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने बताया कि मृतक शराब का आदी था और प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में नाले में गिरने से उसकी मौत हुई है।

# 71 वर्ष के पति और 65 की पत्नी का शादी के 50 साल व 16 साल कानूनी लड़ाई के बाद तलाक

**70 के दशक में हुआ था गुरुप्रसाद व रमदेई का विवाह, आपसी मनमुटाव के बाद 1990 से रह रहे थे अलग अलग 2009 से परिवार न्यायालय में चल रहा था वाद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





काकोरी, लखनऊ । कानून की लंबी लड़ाई के बाद सम्बन्ध विच्छेद का आये फैसले से ग्रामीणों में कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा का विषय बना है । दांपत्य जीवन में आपसी कहासुनी, मनमुटाब और नोकझोंक तो लगी रहती है। कई बार विवाद ज्यादा बढ़ने पर मामला सम्बन्ध विच्छेद तक पहुंच जाता है। अमूमन ऐसे मामले में शादी के पांच-सात वर्ष के अंदर आते हैं। राजधानी लखनऊ में 71 वर्षीय बुजुर्ग और 65 वर्षीय पत्नी के बीच शादी के 50 साल बात 16 साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद तलाक का चौकाने वाला फैसला सुनाया गया। काकोरी लखनऊ। थाना क्षेत्र के वर्तमान दुबग्गा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटौली का मामला सामने आया की इन दोनों के बीच 1975 में शादी हुई थी और 1990 में आपसी तालमेल के बाद अलग हो गए थे। उसके बाद कुछ रिस्तेदारों ने 2009 में सबक सिखाने के लिए एक वाद दायर करा दिया जिसमें लंबे समय तक पारिवारिक न्यायालय में वाद चला। न्यायालय की ओर से दोनों पक्षों को साथ रहने के लिए रजामंद करने की हर प्रकार की कोशिश की गई, लेकिन सभी कोशिशें इन दोनों दिलों में प्यार पैदा करने में नाकाम साबित हुई। ब्लॉक काकोरी के ग्राम कटौली के निवासी गुरुप्रसाद और मलिहाबाद के ग्राम ईशापुर की निवासी रमदेई का विवाह 1975 में हुआ था। शादी के कुछ साल तक सब कुछ ठीक-ठाक चला, लेकिन बाद में कहासुनी शुरू हो गई। 14 साल तक बातों पर साथ रहने के बाद भी दोनों को कोई संतान नहीं हुई। 1990 में मनमुटाव इतना बड़ा कि रमदेई अपने मायके जाकर रहने लगीं। दोनों पक्षों में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला निरंतर चलता रहा। यह मामला 2009 में पारिवारिक न्यायालय पहुंचा। दोनों पक्ष साथ रहने के लिए राजी नहीं हुए। 26 मार्च 2025 की पारिवारिक न्यायालय ने हिंदू विवाह न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश अधिनिगम के तहत विवाह विच्छेद का निर्णय सुनाया। विश्ववार्ता संवाददाता ने गुरुप्रसाद और रमदेई में उनके घर पहुंच संपर्क किया। गुरुप्रसाद का कहना था कि उन्होंने कई बार रमदेई को साथ रखने के लिए लेने गए लेकिन उनकी तरफ से कोई आने के लिए जवाब नहीं मिला। वहीं, रमदेई और उनके भाई कभी भी गुरप्रसाद ने उन्हें साथ रखने का नही कहा है कि 1990 के बाद से अब तक कोई बात नहीं की। रमदेई का कहना है कि इतने सालों से मैं अपने भाई के पास रह रही हूं। दूसरा बड़ापे का कोई सहारा भी नहीं है। आर्थिक रूप से कोई मदद भी न्यायालय द्वारा नही मिली। गुजारा भत्ता भी कुछ समय ही मिला था बाद में बंद हो गया था। अब तो पूरी उम्र गुजर गई, भला किससे गुहार लगाउंगी रमदेई के भाई ने आरोप लगाते हुए कहा कि जमीन में भी बहन को कुछ हिस्सा नही दिया। रमदेई के भाई बालक राम ने आरोप लगाया कि गुरु प्रयाद ने मेरी बहन को अपनी जयदात में से कुछ भी नहीं दिया।

# सिसेंडी में विधायक अमरेश रावत का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**नशा मुक्त फुल मैराथन 'पुरुष' फार विकसित भारत का होगा आयोजन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ, मोहनलालगंज। सिसेंडी स्थित आराध्या स्वीट हाउस के सामने आगामी 19 अक्टूबर को स्व. आकाश किशोर उर्फ जैबी की पुण्यतिथि पर होने वाली नशा मुक्त फुल मैराथन दौड़ 'पुरुष' फार विकसित भारत के प्रचार यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार रावत का भव्य स्वागत किया।इस मौके पर विधायक रावत ने कहा कि ल्लहमारा देश युवाओं का है। लेकिन युवा नशे की ओर भटक रहे हैं। यदि वे खेलों की तरफ बढ़ें और नशामुक्त दोस्ती अपनाएँ, तो वे परिवार, समाज और देश के लिए सार्थक योगदान दे सकेंगे। उन्होंने बताया कि देशभर के विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में अब तक नशामुक्त समाज अभियान के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ और मैराथन आयोजित की गई हैं। इसी क्रम में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के नेतृत्व में 19 अक्टूबर को सुबह 8 बजे दुबग्गा से भिटौली चौराहा तक नशामुक्त फुल मैराथन का आयोजन होगा। इसमें विजेताओं को 25 लाख रुपये का पुरस्कार जनता के सहयोग से प्रदान किया जाएगा।कार्यक्रम में मंडल महामंत्री अंजनी शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, मंडल महामंत्री अंजनी शुक्ला समेत अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जीएसटी में बदलाव पर भाजपा और व्यापारी वर्ग ने मनाया जश्न

**प्रधानमंत्री मोदी को प्लेकार्ड और मिठाई के साथ दिया धन्यवाद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी में जीएसटी में बदलाव पर शनिवार शाम भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी से जुड़े व्यापारियों ने गुलाब बाग स्थित भाजपा कार्यालय पर जमकर जश्न मनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी टैक्स स्लैब में किए गए बदलाव को भाजपा नेताओं ने आमजन के लिए राहत बताया।इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में प्लेकार्ड प्रदर्शित किए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर धन्यवाद ज्ञापित किया। जश्न में शामिल भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी दरों को सरल बनाकर जनता को बड़ी राहत दी है। उन्होंने बताया कि जीएसटी काउंसिल ने पूर्व के 12 और 28 प्रतिशत टैक्स दरों को समाप्त कर अब केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत टैक्स स्लैब निर्धारित किए हैं। सरकार का यह निर्णय किसानों, युवाओं और छोटे व्यापारियों के जीवन को सरल बनाएगा तथा विकसित भारत के निर्माण को नई गति प्रदान करेगा। प्रदीप अग्रहरि ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताते हुए कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार 140 करोड़ देशवासियों की सबसे बड़ी हितैषी है। जश्न मनाने में नवरतन राठी, जगदीश त्रिपाठी, संतोष सोलापुरकर, मधुकर चित्रांश, राहुल सिंह, विनोद गुप्ता, चंद्रशेखर उपाध्याय, आत्मा विश्वेश्वर, अरविंद सिंह,अभिषेक मिश्रा,अनूप जायसवाल, अशोक पटेल, अशोक जाटव एडवोकेट,जेपी सिंह, कुंवरकांत सिंह आदि शामिल रहे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मशाल जुलूस निकाल कर किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अयोध्या। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को डा. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय मुख्य गेट से नाका हनुमान गढ़ी तक मशाल जुलूस निकाल कर प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालय एवं पुलिस प्रशासन पर उचित कार्यवाही न करने के विरोध में प्रदर्शन किया गया।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या विभाग के विभाग सयोंजक शशांक विद्यार्थी ने कहा कि लाठीचार्ज प्रकरण में संलिप्त पुलिसकर्मियों एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के निजी गुंडों पर कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा किसके आदेश पर लाठीचार्ज हुआ, यह तथ्य शीघ्र सार्वजनिक किया जाए। बिना नवीनीकरण व अनुमति के अवैध रूप से संचालित विधि पाठ्यक्रम की संपूर्ण तथ्यात्मक जांच कराई जाए। जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई कर विश्वविद्यालय को बंद किया जाए। साकेत इकाई की मंत्री नीलम गोस्वामी ने कहा कि हमारी कार्यकर्ता बहनों को पुलिस वालों ने आतंकियों की तरह पीटा है। लगभग आधार दर्जन से ज्यादा छात्राएं गंभीर रूप से घायल हैं कुछ बहनों को तो इतना संवेदनहीन होकर पीटा है जैसे किसी अपराधी को मारते हों। कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों पर बर्बर लाठीचार्ज अत्यंत निंदनीय एवं अमानवीय है। मानक विहीन और बिना नवीनीकरण के चल रहा विधि पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खुला अन्याय है। बुधवार को ही बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा विश्वविद्यालय को सशर्त (प्रोविजनल) अनुमति दी गई है, जो यह सिद्ध करता है कि अब तक यह पाठ्यक्रम अवैध रूप से संचालित था। आज केवल लखनऊ ही नहीं बल्कि प्रदेश के सभी जिला केंद्रों पर आंदोलन हो रहे हैं।महानगर मंत्री मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि उच्च शिक्षा परिषद सचिव द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी आधार पर शीघ्र कार्यवाही प्रारंभ की जाए। विश्वविद्यालय द्वारा लगभग 6 के के बीघे सरकारी भूमि (नाली, तालाब, बंजर व चकमार्ग) पर किए गए अवैध कब्जे पर तहसीलदार न्यायालय द्वारा 27.96 लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए 25 अगस्त को कब्जा हटाने का आदेश दिया गया है। अवैध निर्माण को तत्काल हटाया जाए और आदेश का अनुपालन कराया जाए। कहा कि विश्वविद्यालय में विधि विद्यार्थियों के न्याय के लिए संघर्षरत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रायोजित तरीके से पीटा गया है जिसको अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बर्दाश्त नहीं करेगी। इस प्रदर्शन में अभाविप के छात्र एवं छात्राएं शामिल रही। आशुतोष राणा,जिला संयोजक प्रियांशु तिवारी,दिवाकर चौरसिया, महानगर सहमंत्री आदर्श चतुर्वेदी,साहिल कसौधन,किशन सिंह ,अंश जायसवाल नेहा वर्मा,यश पाठक ,अमित मौर्या,विकास यादव,अभिषेक पांडेय, अभय गुप्ता,देवप्रकाश,तुषार तिवारी,शिवम शुक्ला,अजय तिवारी,स्वेता भारती समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाद्रपद पूर्णिमा पर श्री रामगंगा की महाआरती रामगंगा मैय्या को प्रदूषण मुक्त किया जाए : श्याम कृष्ण रस्तोगी

मुरादाबाद । राष्ट्रीय पुजारी परिषद ने भाद्रपद पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार शाम को प्राचीन गंगा मंदिर के अटल घाट पर श्री रामगंगा मैय्या की महाआरती एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तौगी ने कहा कि राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा प्रत्येक पूर्णिमा पर श्री राम गंगा मैय्या की महाआरती एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का अयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य श्री रामगंगा के प्रति आस्था, श्रद्धा जागृति बनी रहे और रामगंगा मैय्या को प्रदूषण मुक्त किया जाए।श्याम कृष्ण रस्तोगी ने आगे कहा कि लोगों में आस्था जगाकर प्रदूषण मुक्त करना और शासन प्रशासन के सहयोग से भारत की नदियों को साफ और स्वच्छ बनाना ही हमारा उद्देश्य है। मांग की कि सरकार तुरंत रामगंगा नदी में मिल रहे गन्दे नालों को बन्द करने की कार्रवाई करें।

# आज नवोदय विद्यालय सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नवोदय परिवार के तत्वावधान में नवोदय विद्यालय सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारी सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन दिनांक 7 सितम्बर, रविवार को प्रातः10:00 बजे होटल लिनेज, गोमती नगर, लखनऊ में किया जा रहा है। इस आयोजन में नवोदय विद्यालय के सेवानिवृत्त डिप्टी कमिश्नर, असिस्टेंट कमिश्नर, प्राचार्य, पीजीटी-टीजीटी शिक्षक एवं कर्मचारीगण को सम्मानित किया जाएगा। जिसमें विशेष रूप से शिक्षक संयोजक जी.पी. मिश्रा (पूर्व उप-प्रधानाचार्य, जेएनवी रायबरेली), अशोक कुमार शुक्ला (पूर्व डिप्टी कमिश्नर, एनवीएस लखनऊ),एम.डी. मिश्रा (पूर्व उपायुक्त, एनवीएस लखनऊ) यश0 के0 महेश्वरी (पूर्व उपायुक्त एनवीएस जयपुर), एस0 न0 पाठक (पूर्व सहायक उपायुक्त एनवीएस पटना) अमरनाथ राय (पूर्व प्राचार्य जेएनवी रायबरेली),एनवीएस लखनऊ के वर्तमान उपयुक्त बी0के0 सिन्हा जी, सहायक उपयुक्त सुमन कुमार , अर्चना सिंह, विमला देवी जो सहित अनेक सेवानिवृत्त प्राचार्य, शिक्षक और कर्मचारीगण भी उपस्थित रहेंगे।

इस आयोजन में नवोदय से शिक्षा प्राप्त कर वर्तमान में देश-विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके 100 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राएँ भी शिरकत करेंगे। इनमें विशेष रूप से प्रेम कुमार गौतम (आईजी, एटीएस उत्तर प्रदेश), सूर्यपाल गंगवार (आईएएस सचिव, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश), राजशेखर रेड्डी (आईएएस प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण जल निगम), बबलू कुमार (आईपीएस डीआईजी/जॉइंट कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर, लखनऊ), विपिन जैन (विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश), प्रशांत कुमार (निदेशक, समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश), रईस अख्तर (आईपीएस), विजय कुमार (विशेष सचिव, कार्मिक विभाग उत्तर प्रदेश), अमोल मुकुट (आईपीएस एसीपी बक्शी का तालाब), सीताराम नारोलिया (संस्थापक नवोदय फैमिली वर्ल्ड वाइड) विवेक तिवारी (प्रबंध निदेशक सत्या माइक्रोफाइनेंस कैपिटल लिमिटेड, नई दिल्ली) धर्मेंद्र मिश्रा (बिजनेसमैन), विकास पांडेय (एसीपी कृष्णा नगर), राजकुमार सिंह (एसीपी चौक), अनिल कुमार सरोज (एसडीएम), पवन कुमार (एसडीएम), सर्वेश कुमार श्रीवास्तव (सहायक उपयुक्त जीएसटी उत्तर प्रदेश), प्रो. डॉ. वीरेंद्र प्रसाद (केजीएमयू), प्रो. डॉ. अविनाश कुमार (केजीएमयू), श्रीकांत मिश्रा (निदेशक अमरावती ग्रुप लखनऊ), प्रवीण यादव (सहायक आयुक्त स्टांप), डॉ मधुसूदन मिश्रा (असिस्टेंट प्रोफ़ेसर केजीएमयू लखनऊ), डॉक्टर तूलिका साहू प्रोफ़ेसर (एनआईएफटी रायबरेली), अनामिका सिंह (डीजीएम एसबीआई), सरोज कुमार, (डायरेक्टर मंडी परिषद गोरखपुर) डॉ उमेश चंद्र (वरिष्ठ फिजिशियन लखनऊ), पूर्णेन्दु शुक्ला (वरिष्ठ करियर काउंसलर गोरखपुर) सहित अनेक गणमान्य पूर्व छात्र अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएँगे।

इस अवसर पर भूतपूर्व छात्रों एवं सेवानिवृत्त संगीत शिक्षकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, कविता पाठ और विविध रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएँगे। साथ ही नवोदय विद्यालय की शिक्षा प्रणाली, गुरु-शिष्य परंपरा और सामाजिक सरोकारों पर चिंतन-मनन भी किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच सौहार्द और पारिवारिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे।

इस कार्यक्रम का संयोजन वेद प्रकाश राय,अनिल दीप आनंद, डॉ. राजश्री पांडेय, हरिशंकर गुप्ता डॉ. नित्या वर्मा, प्रज्ञा पांडेय, शिवनारायण पाठक, डॉ अनुराग मिश्रा, एहसान अहमद आदि अन्य पूर्वछात्रों के कठोर परिश्रम और कुशल नेतृत्व में किया जा रहा है।

आपसे सादर अनुरोध है कि कृपया इस प्रेरणादायी आयोजन को समाचार माध्यमों में विशेष स्थान प्रदान करें तथा अपने संस्थान से सम्मानित पत्रकार एवं फोटोग्राफ़र बंधुओं को कल दिनांक 7 सितंबर, दिन-रविवार, दोपहर -12:00 बजे कार्यक्रम कवरेज हेतु भेजने की महान कृपा करें।

# पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की दो सड़को का किया गया शिलान्यास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । रक्षामंत्री भारत सरकार एवं लखनऊ के लोकप्रिय सासंद राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन एवं महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी के नेतृत्व में विकास कार्यों को गति प्रदान करने के क्रम में पश्चिम मण्डल 2 के अध्यक्ष विमल कुमार चौधरी , पश्चिम दो की महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्पा सिंह की उपस्थिति में वार्ड बालागंज में दो सड़कों (वृंदावन गेट नं पांच से गौशाला रोड एवं तोपखाना सत्याघाट पर) का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विजय बहादुर सिंह, एस एस मिश्रा, कमलेश बहादुर सिंह, सतीराम लोधी, जितेंद्र सिंह जीतू, डॉ मनमोहन, राम नरेश पटेल, विमलेश अवस्थी, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, राहुल द्विवेदी, राम औतार शुक्ला, राम आसरे तिवारी, जय प्रकाश शर्मा, अतुल गुप्ता, रंजीत गुप्ता, प्रियांशु निगम, कृष्ण गोपाल रस्तोगी, ऋषभ सिंह, प्रशांत मिश्रा, मान सिंह, मनोज रावत, हर्ष शुक्ला मोनू, पुष्पा सिंह, दीपाली तिवारी, रुखसाना नकवी एवं बड़ी संख्या स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# निगोहां में बाबा बैजनाथ धाम से लौटे कांवरियां मंडल ने किया विशाल भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ । निगोहां कस्बे में बाबा बैजनाथ धाम से कांवड़ लेकर लौटने पर कांवरियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। निगोहां इलाके के आधा दर्जन गांवों संतोष शर्मा, शिवचंद गुप्ता, मोनू गुप्ता, अनुज, सुधीर शर्मा, विशाल,अभिषेक गुप्ता,विजय सोनी समेत लगभग 300 श्रद्धालुओं की टोली निगोहां कस्बे से बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुई थी। कांवड़ यात्रा लगभग 150 किलोमीटर की थी। श्रद्धालुओं ने धाम पहुंचकर कजरी तीज के अवसर पर बाबा का जलाभिषेक किया और दर्शन के बाद शनिवार को कस्बे में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और सभी भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कांवड़ मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि निगोहां से करीब 300 कांवरिया बाबा बैजनाथ धाम के लिए निकलते हैं और कजरी तीज के दिन बाबा को जल अर्पित करते हैं। इसके बाद त्रयोदशी के दिन बाबा बैजनाथ का विशाल भंडारा होता है, जिसमें सब्जी, छोले, चावल और हलवे का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों में सुरेंद्र दीक्षित ,अजय सिंह, काका तिवारी, निगोहां ग्राम प्रधान अभयकांत दीक्षित, विकास सिंह, माया राम त्रिपाठी , बाबू गुप्ता सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# अवधेश वर्मा ने कहा यूपी ऊर्ज़ा क्षेत्र अव्वल तो निजीकरण क्यों

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अवधेश वर्मा ने कहा कि जब प्रदेश के ऊर्ज़ा मंत्री ने एक्स पर ट्वीट करके अनेको मामलों पर आंकड़े जारी करते हुए कहा कई मायने में उत्तर प्रदेश का ऊर्ज़ा क्षेत्र देश में अव्वल है बिल्कुल बात सही है तुरंत सरकार को निजीकरण का फैसला अब वापस लेना चाहिए। निजीकरण का मतलब सोने को पीतल के भाव में बेचने जैसा है।

उपभोक्ता परिषद ने कहा जिस राज्य का ऊर्ज़ा सेक्टर देश में दर्जनों मामलों में अव्वल है उस राज्य के ऊर्ज़ा सेक्टर को देश के बड़े निजी घरानो को बेचने की बात करना सीधे तौर पर निजी घरानो को लाभ देने जैसा मामला है इसलिए सरकार अब निजीकरण के फैसले को वापस ले।

ऊर्ज़ा मंत्री एक शर्मा जी द्वारा एक्स पर आज ट्वीट कर दर्जनों बिंदुओं पर खुलासा करते हुए कहा गया है कि कई मायने में उत्तर प्रदेश का ऊर्ज़ा क्षेत्र देश में अव्वल है निश्चित तौर पर यह बात सही है ऊर्ज़ा मंत्री



ने कहा देश में अधिकतम बिजली आपूर्ति जून 2025 में 31486 मेगावाट बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए आरडीएसएस प्रोजेक्ट के क्रियान्वन में देश में नंबर वन 16000 करोड रुपए का प्रोजेक्ट देश की सर्वश्रेष्ठ बिजली ट्रांसमिशन कंपनी देश में सबसे लंबी ट्रांसमिशन लाइन 55051 सर्किट किलोमीटर और देश में उच्चतम परिवर्तन क्षमता 169074 एमवीए सहित अन्य मामलों पर अपनी बात रखी गई है।

निश्चित तौर पर प्रदेश के ऊर्ज़ा मंत्री जी उत्तर प्रदेश का ऊर्ज़ा क्षेत्र देश में कई मामलों में अव्वल है ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार को निजीकरण का फैसला तत्काल निरस्त कर देना चाहिए कोई भी राज्य जिसका ऊर्ज़ा क्षेत्र इतना कीर्तिमान मान स्थापित कर रहा है उसे निजी घरानो को बेचने की बात करना पूरी तरह प्रदेश की जनता के साथ बड़ा धोखा है। यह तो उसी तरह बात हो रही है कि उत्तर प्रदेश में बिजली कंपनियों को कम दामों पर बेचने की साजिश की जा रही है यानी कि सोने के सामान को पीतल के भाव में बेचने की बात करने जैसा है।

उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा प्रदेश के ऊर्ज़ा मंत्री ने प्रदेश के ऊर्ज़ा सेक्टर के बारे में आज जो एक्स पर ट्वीट किया है उससे या स्पष्ट हो गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार को तत्काल निजीकरण का फैसला वापस ले लेना चाहिए पावर कारपोरेशन को प्रदेश के बिजली निगमो को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आरडीएसएस योजना में कुल स्मार्ट प्रीपेड मीटर के खर्च को भी शामिल करते हुए यदि पूरा आकलन किया जाए तो लगभग 44000 करोड़ का खर्च किया जा रहा है उसके आधार पर बिजली कंपनियों के तंत्र को मजबूत करते हुए आगे बढ़ना चाहिए और निजीकरण की बात अब ऊर्ज़ा सेक्टर में बंद होनी चाहिए।

उपभोक्ता परिषद लगातार यह बात कहता चल रहा है कि जब केंद्र सरकार द्वारा ऊर्ज़ा सेक्टर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 44000 करोड़ की सहायता प्रदान की जा रही है तो ऐसे में बिजली निगमन को बेचने की बात करना देश के बड़े निजी घरानों को लाभ देने की बात करना है।

उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा या किसी को नहीं भूलना चाहिए कि पिछले दो वर्षों में सबसे ज्यादा ऊर्ज़ा क्षेत्र के अभियंता कार्मिकों संविदा कार्मिकों को किसी ने किसी मामले में नीचा दिखाया गया बड़े पैमाने पर अभियंताओं ने वीआरएस लिया इसके बावजूद भी बिजली कंपनियां अव्वल है अब सरकार को तत्काल पावर कारपोरेशन को निर्देश देना चाहिए कि किसी भी कार्मिक का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए ।

# बिंदौवा कार्यालय पर पूर्व सपा सांसद बाल कुमार पटेल का भव्य स्वागत

## पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मोहनलाल गंज क्षेत्र के बिंदौवा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को पूर्व सपा सांसद बाल कुमार पटेल का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने अपने समर्थकों संग पटेल का भव्य अभिनंदन कर पार्टी की एकजुटता और मजबूती का प्रदर्शन किया। स्वागत के बाद पूर्व सांसद का काफिला मऊ गांव पहुंचा जहां मो रईश , राजू कुरैशी व ग्रामवासियों और कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। इस बीच फूल-मालाओं से स्वागत और जयकारों का माहौल पूरी तरह से राजनीतिक ऊर्ज़ा से भरा रहा। पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल इसी क्रम में गोसाईगंज में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बूथ प्रभारी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। जहां सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया और उनके समर्थन में बड़ी संख्या में लोग जुटे। इस अवसर पर सपा के जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत सहित जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी शशिलेंद्र यादव, सदस्य जिला पचायत अरुण यादव, अशर्फी लाल धीमान, सतीश गुप्ता, गुड्डू यादव, संत राम रावत, धर्मेंद्र रावत, सर्वेश रावत, हरी शंकर रावत, राम सुमिरन रावत, कल्लू रावत, दिनेश रावत, साहिल और विशंभर रावत आदि शामिल रहे।

# लखनऊ सीएमओ ने बांटी पोषण पोटली, टीबी रोगियों को मिला सहारा

## डॉ. एन.पी सिंह के हाथों 50 मरीजों को मिला पोषण और जागरूकता संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ठाकुरगंज लखनऊ। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को ठाकुरगंज स्थित टीबी एंड संयुक्त चिकित्सालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने 50 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की। कार्यक्रम की अगुवाई टीबी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.पी. सिंह ने की। उन्होंने रोगियों और उनके परिजनों को क्षय रोग से बचाव, नियमित दवा सेवन और स्वच्छ जीवन शैली अपनाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार और उचित पोषण से टीबी पूरी तरह से ठीक हो सकती है। कार्यक्रम का शुभारंभ बीएन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लखनऊ द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष महेश सिंह पटेल, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अबुल सिंध, स्थानीय जन प्रतिनिधि श्री राम अवतार सहित अनेक अधिकारी और चिकित्सक मौजूद रहे। सभी ने संयुक्त रूप से रोगियों को पोषण पोटली के महत्व और लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम के सफल संचालन में टीबी एंड संयुक्त चिकित्सालय का चिकित्सकीय स्टाफ, सहायक कर्मी तथा विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर पूजा अहमद अंसारी, श्री रजनीश श्रीवास्तव सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# महोना में 12 रबी उल अव्वल का जुलूस रवायती अंदाज में शानदार तरीके से निकला

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बीकेटी,लखनऊ । प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत महोना लखनऊ में हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की विलादत की खुशी में एक शानदार जुलूस अंजुमन जुलूस ए मोहम्मदी के जानिब से पीर हजरत कासिम रजा की कयादत में निकाला गया जिसमें मोहल्ले मोहल्ले की अंजुमनों ने अपने मोहल्ले के जुलूस के साथ शिरकत की अंजुमन सिद्दीकी रज्जबी की तरफ से मोहम्मद फैजान व मोहम्मद तौहीद खान अंजुमन रशीदी की तरफ से मोहम्मद आलम व शाहनिहाल व अंजुमन कुरैशी की तरफ से सुफियान कुरैशी व पकरिया मोहल्ले की अंजुमन सैफी व। आतिफ व अंजुमन गुलामाने रसूल की तरफ से मोहम्मद नसीम की अंजुमन ने शिरकत की वहीं पर अपनी तकरीर बयान में कारी मोहतसिम फैजी ने अपनी तकरीर में कहा कि ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद रहमतुलिल्ल आलमीन सरवर ए कायनात हुजूर सैयदना मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का योमें ए रहमत हम सबको पैगाम देता है कि अपनी जिंदगी को उनके बताए हुए रास्ते पर चले। हुजूर की सीरत इंसानियत मोहब्बत अमल व सलामती और भाईचारे का वह नूरानी चिराग है जो हर दौर की तारीकियों को मिटाने वाला है दुनिया में अगर कोई असल राहे निजात है तो वह सिर्फ और सिर्फ हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की तालीमात पर अमल करें आईए इस मुबारक मौके पर हम सब यह अजम करें कि अपने किरदार अपने अमल और अपनी जिंदगी से हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की सीरत का आईना बने। एक बार फिर हम ईद ए मिलादुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की दिली मुबारकबाद पेश करते हैं वही पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन के प्रदेश महासचिव हसीमुद्दीन बेग जुलूस ए मोहम्मदी के जुलूस में मौजूद नगर पंचायत महोना के अध्यक्ष जिया शेख पूर्व अध्यक्ष इशरत बेग व कमेटी के सरपरस्त मोहम्मद अकील खान पूर्व पार्षद व हजारों की तादात में लोगों ने शिरकत की जुलूस में चार चांद लगा दिया इसकी जानकारी कमेटी के सर परस्त मोहम्मद रईस सिद्दीकी ने दी है। स्थानीय पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में जुलूस ए मोहम्मदी शाकुशल संपन्न हुआ और पुलिस प्रशासन को कमेटी की ओर से शुक्रिया धन्यवाद दिया गया

## यूनिटी पी जी कॉलेज ने गोद लिए टीबी के मरीज़



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमति आनंदी बेन पटेल के आवाह्न पर जिलाधिकारी लखनऊ के निर्देश पर टीबी मरीजों को भावनात्मक सहयोग देने की दिशा में यूनिटी पी जी कॉलेज के प्रबंधन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काकोरी के अधीक्षक डॉ के डी मिश्र की अध्यक्षता में स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में पंद्रह टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली का वितरण किया गया।इस मौके पर यूनिटी कॉलेज की ओर से श्री शोएब जैदी,एवं श्री सौरभ मिश्रा द्वारा मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई, कार्यक्रम में केंद्र के एच ई ओ श्री राजेश सिंह , टीबी यूनिट से पर्यवेक्षक श्री सुजीत कुमार,श्री विजय कुमार मौर्य, टीबी स्वास्थ्य परिदर्शक श्री सुधीर कुमार अवस्थी सहित समस्त स्टाफ एवं आमजन उपस्थित रहे। केन्द्र के अधिक्षक द्वारा इस पुनीत कार्य हेतु यूनिटी कॉलेज के प्रबंधन का आभार व्यक्त किया गया।

## मां के डांटने पर युवक ने फंासी लगाकर जान दी

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके में शुक्रवार रात एक युवक ने फंासी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरी विहार निवासी वीरेंन्द्र कुमार (24) शुक्रवार रात अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी से नशे की हालत में घर लौटा। इसके बाद मां सुनीता ने उसे नशे में देखकर डांट लगाई। इससे नाराज होकर वह अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब उसके पिता शिवराज ने खिड़की से झांककर देखा तो वीरेन्द्र पंखे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने तुरंत दरवाजे की कुंडी तोड़कर उसे नीचे उतारा और सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक नशे का आदी था और शराब के नशे उसने यह कदम उठाया है । पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए प्रचार वाहन को जिला जज ने दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला जज सैयद माऊज बिन आसिम ने शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला जज ने बताया कि आगामी 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें पक्षकार आपसी सुलह-समझौते से अपने मुकदमों का निस्तारण करा सकते हैं। छोटे-छोटे मामलों में जुर्म स्वीकार कर भी वाद का निस्तारण संभव है। उन्होंने कहा कि न्याय सबके लिए, निर्धन के लिए भी के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गरीबों को सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का



आयोजन किया जाता है।

जिला जज ने बताया कि लोक अदालत में निस्तारित मुकदमों के फैसले अंतिम होते हैं, इन पर कोई अपील नहीं होती। इससे वादकारियों का समय और धन दोनों की बचत होती है, साथ ही पक्षकारों के बीच आपसी वैमनस्य भी समाप्त हो जाता है। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे वीरेंद्र नाथ पांडेय, एडीजे अशोक कुमार दुबे, एडीजे भूलेराम, एडीजे अभिषेक श्रीवास्तव, एडीजे देवेंद्र नाथ सिंह, एडीजे पूनम सिंह, एडीजे नूरी अंसार सहित अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

इन मुकदमों का होगा निस्तारण

राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत चेक बाउंस के मामले, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, फौजदारी के शमनीय वाद, विद्युत एवं जल संबंधी विवाद, पारिवारिक विवाद सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का निस्तारण कराया जाएगा।

# बिसवां में धूमधाम से संपन्न हुआ गणेश महोत्सव विसर्जन यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां। कस्बे के मां शीतला देवी मंदिर में करीब एक सप्ताह से चल रहे गणेश महोत्सव कार्यक्रम शनिवार को गणेश की मूर्ति के विसर्जन के साथ संपन्न हो गया।

विसर्जन यात्रा की शुरुआत माँ शीतला देवी मंदिर से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गो बस स्टाप, सिनेमा चौराहा, रेलवे स्टेशन, मिस्टर गंज, बड़ा चौराहा, रायगंज, , बदालपुरवा,और सेठगंज होते चहलारी घाट पहुंची यहां विधि विधान से मूर्तियों का विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा में सैकड़ो श्रद्धालुओ का हुजूम घोड़े और ऊंट पर सवार था विसर्जन यात्रा के दौरान बड़े चौराहे पर मटकी फोड़ने का आकर्षक मंचन किया गया। यात्रा में श्रद्धालु अबीर गुलाल खेलते नगाड़ो कि धुन पर झूमते नाचते गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाते नजर आ रहे थे विसर्जन यात्रा के दौरान जगह



जगह पर भंडारे का आयोजन किया जिसमे हजारो की तादात में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया सुरक्षा को लेकर पुलिस दल मुस्तैदी से तैनात रहा ।इस मौके पर समिति के सनी गुप्ता, प्रवीण श्रीवास्तव, प्रशांत गुप्ता, नितिन आर्य,, पियूष मौर्या सोनू शुक्ल, हरेश कनोजिया, अभिषेक पाण्डे, नितिन मिश्रा मनोज वर्मा के अलावा हजारो इस संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## नेपाली शराब सहित सीमा पर एक युवक को किया गिरफ्तार

सम्पूर्णानगर- खीरी। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना क्षेत्र में अपराध की रोकथाम व अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को सूचना के आधार पर भारत नेपाल सीमा के निकट कुंडा पुलिया के पास एक युवक को नेपाल से बाइक पर दो बोरा लाद कर लाते समय रोका गया पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान युवक के पास से 54 पीस प्लास्टिक की सीसी में नेपाली करणाली शराब बरामद की व दूसरे बोरे में 105 पाऊच नेपाली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस द्वारा पूछे जाने पर आरोपी युवक ने अपना नाम दिनेश कुमार पुत्र बृजानंद निवासी ग्राम प्रताप नगर थाना संपूर्णा नगर बताया पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है। पकड़ने वाली टीम में उप निरीक्षक अनिल सिंह पंकज हेड कांस्टेबल अजीत कुमार कांस्टेबल नरेंद्र कुमार कांस्टेबल प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

# गणेश प्रतिमा का किया गया विसर्जन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कसमंडा । ग्राम पंचायत नयागांव का मजरा जल्लाबाद में श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणपति बप्पा मोरया की मूर्ति स्थापना ग्राम वासियों के द्वारा की गई थी जिसे पूजा अर्चना निरंतर चलता रहा आज गांव के सैकड़ो ग्रामीणों के साथ डीजे पर भक्ति भजन एवं गुलाल के साथ गणपति बप्पा मोरया के जयकारा लगाते हुए नवागांव लालपुर घाट सरायन नदी पर विधिवत पूजा अर्चना के बाद श्री गणेश प्रतिमा के जयकारों के साथ सराय नदी में सम्मानपूर्वक विसर्जन किया गया इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वेद सिंह, पूर्व प्रधान मगनू राजवंशी, जगमोहन, धनीराम, संजय कुमार, प्रशांत सिंह ,छोटू सिंह, राजेंद्र कुमार, मुंशी, राकेश कुमार, दुर्गेश सिंह दुर्गेश सिंह,विनोद कुमार सिंह, प्रमोद सिंह ,संतराम, भोला सिंह भानु प्रताप सिंह, सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

# खीरी में सभी 26 परीक्षा केंद्रों पर हुई नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण पीईटी परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी में शनिवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 दो पालियों में 26 परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। शनिवार को दोनों पालियों में 16144 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 5456 ने परीक्षा छोड़ी।

डीएम-एसपी रहे फील्ड में सक्रिय- परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा स्वयं सुबह से ही सक्रिय रहीं। दोनों अधिकारियों ने राजकीय इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज सहित कई परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों से नामांकित व उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या जानी और कक्ष निरीक्षकों को



परीक्षा नियमों का शत-प्रतिशत पालन कराने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैद रहकर ड्यूटी करने को कहा। नोडल अधिकारी/एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी ने बताया कि पहली पाली में 10,800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 7,998 उपस्थित हुए, जबकि 2,802 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी 10,800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8,146 उपस्थित और 2,654 अनुपस्थित रहे।

अफसरों ने रखा पैनी नजर- डीएम-एसपी के साथ ही एडीएम-एएसपी, एसडीएम-सीओ, डीआईओएस, सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगातार भ्रमणशील रहे। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने दिनभर परीक्षा केंद्रों का सघन भ्रमण किया और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को सतर्क रहते हुए परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। रविवार को भी होगी परीक्षा शनिवार को दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने के बाद रविवार को भी जिले के सभी 26 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में ध्क्त्र परीक्षा आयोजित होगी। प्रशासन ने दावा किया है कि कल भी परीक्षा पूरी शुचिता और सुरक्षा के बीच सम्पन्न कराई जाएगी।

**डीएम-एसपी ने भ्रमणशील रहकर देखे परीक्षा केंद्र, दिए निर्देश, 16144 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा**

**सेक्टर मजिस्ट्रेट रहे भ्रमणशील, केंद्रों पर मुस्तैद दिखे स्टेटिक मजिस्ट्रेट**

# माधुरी का साहस बना मिसाल, मौत को दी मात, प्रशासन ने बढ़ाया मदद का हाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। नौवापुर घाट पर हुए नाव हादसे में जहाँ कई ज़िंदगियाँ खतरे में पड़ीं, वहीं माधुरी देवी ने साहस और संकल्प की मिसाल कायम की। बाढ़ राहत सामग्री लेने पति कैलाश और बेटी सीमा के साथ नाव पर सवार माधुरी हादसे का शिकार हो गईं, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। तेज बहाव के बीच तैरकर अपनी जान बचाना उनके अदम्य साहस का परिचायक है। हादसे के बाद वे गंभीर रूप से थक चुकी थीं और उनकी तबीयत बिगड़ गई, लेकिन प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नकहा में भर्ती कराया। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा स्वयं अस्पताल पहुंचे और न सिर्फ उनका हालचाल जाना, बल्कि हर संभव मदद का



भरोसा भी दिलाया। प्रशासन की सक्रियता और माधुरी का साहस एक उम्मीद की किरण बनकर सामने आया है। इस बीच, पति कैलाश और बेटी सीमा की तलाश के लिए प्रशासन द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। एनडीआरएफ और पुलिस टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं।

यह घटना हमें यह सिखाती है कि संकट चाहे जितना भी बड़ा हो, हिम्मत और प्रशासनिक सहयोग मिलकर उम्मीद की एक नई कहानी लिख सकते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी की मां पर अभद्र टिप्पणी से उबला धौरहरा, राहुल-तेजस्वी के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं का फूटा गुस्सा, पुतला दहन कर सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा (लखीमपुर खीरी) । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में धौरहरा विधानसभा क्षेत्र में आज भाजपा कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में जुटे भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीलीभीत-बस्ती हाईवे (राष्ट्रीय राजमार्ग 730) पर स्थित सिसैया चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ तीखे नारे लगाए और दोनों के पुतलों का दहन किया।

शांतिपूर्ण लेकिन सशक्त विरोध प्रदर्शन

दोपहर के समय चिलचिलाती धूप के बावजूद भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में राष्ट्रीय ध्वज और पार्टी के झंडों के साथ चौराहे पर एकत्र हुए। प्रदर्शन को पूरी तरह शांतिपूर्ण रखते हुए उन्होंने यातायात को बाधित नहीं किया, लेकिन ल्लदेशद्रोही कांग्रेस मुर्दाबादङ्क, ल्लराहुल-तेजस्वी होश में आओङ्क, और ल्लराम नाम सत्य हैङ्क जैसे नारे लगाकर विरोध को स्पष्ट और मुखर



बना दिया। भाजपा नेता कन्हैया बाजपेई का तीखा हमला प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे लोकप्रिय भाजपा किसान नेता एडवोकेट कन्हैया बाजपेई ने मंच से जनता को संबोधित करते हुए कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहाः''कांग्रेस की ओछी मानसिकता बार-बार उजागर होती रही है, लेकिन अब वह प्रधानमंत्री मोदी की मां तक पहुंच गई है। यह केवल असंयमित बयानबाज़ी नहीं, बल्कि एक गहरी साजिश का हिस्सा है। कांग्रेस का यह नैतिक पतन अब सहन नहीं किया जाएगा। 2027 के विधानसभा चुनावों में जनता इसका जवाब देगी और उत्तर प्रदेश से कांग्रेस का नाम-ओ-निशान मिटा देगी। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर उस आवाज़ का विरोध करेंगे जो भारत की अस्मिता, संस्कृति और नेतृत्व का अपमान करती है। ज्ञापन सौंपा गया मुख्यमंत्री के नाम प्रदर्शन के अंत में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने ईसानगर थाना क्षेत्र के हल्का प्रभारी राजकुमार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई और यह भी आग्रह किया गया कि इस प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर कड़ी रोक लगाई जाए। प्रमुख चेहरे रहे मौजूद- प्रदर्शन में शामिल अन्य प्रमुख भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में रामनरेश साहू, ललित अवस्थी, भोलानाथ मिश्रा, कन्हैया लाल निगम, सुनील दीक्षित, गुप्ता ग्राफिक्स सहित सैकड़ों भाजपा समर्थक शामिल रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में प्रधानमंत्री और उनके परिवार के सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही। इस प्रदर्शन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के सम्मान से जुड़ी किसी भी टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं करेंगे, और आवश्यकता पड़ने पर सड़कों पर उतरकर उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।

## उपखनिज परिवहन वाहनों के पंजीकरण एवं प्रशिक्षण हेतु कैम्प का आयोजन

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/प्रभारी अधिकारी खनन नीतीश कुमार सिंह ने समस्त ट्रांसपोर्टरों/वाहन स्वामियों को सूचित किया है कि अपर निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उ0प्र0, खनिज भवन, लखनऊ की अध्यक्षता में दिनांक 01.09.2025 को प्रदेश में उपखनिज (मौरंग, गिट्टी आदि) का परिवहन करने वाले वाहनों का पंजीकरण खनिज विभाग के पोर्टल पर किये जाने के सम्बन्ध में वर्चुअल माध्यम से समीक्षा की गयी। जिसमें सार्वजनिक स्थल पर विभाग द्वारा कैम्प लगाकर समस्त ट्रांसपोर्टरों/वाहन स्वामियों को प्रशिक्षण व वाहनों के पंजीकरण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अतः प्रदेश में उपखनिज (मौरंग, गिट्टी आदि) का परिवहन करने वाले वाहनों का पंजीकरण किये जाने एवं प्रशिक्षण हेतु दिनांक 08 एवं 10 अक्टूबर 2025 को सीतापुर में खैराबाद स्थित टोल प्लाजा पर तथा दिनांक 09 एवं 11 अक्टूबर 2025 को कलेक्ट्रेट सीतापुर में खनन अनुभाग कार्यालय में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समस्त ट्रांसपोर्टर /वाहन स्वामी आवश्यक अभिलेखों सहित प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## राष्ट्रीय सवर्ण आर्मी भारत युवा मोर्चा गौरव भव्य स्वागत - संजय शर्मा प्रदेश संयोजक

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय सवर्ण आर्मी भारत युवा मोर्चा लखनऊ में नियुक्ति होने के बाद अपने गृह जनपद रामपुर जाते समय कई जगह स्वागत कार्यक्रम हुए जिसमें सीतापुर प्रदेश अध्यक्ष अनुज त्रिवेदी की अगुवाई में जिले के कार्यकर्ताओं समेत बेचेलाल तिवारी विधानसभा उपाध्यक्ष प्रभाकर अवस्थी विधानसभा वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णधर तिवारी नगर अध्यक्ष अवधेश शुक्ला महंत जिला मंत्री हर्ष श्रीवास्तव लाला कुंदन अवस्थी आशीष जायसवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संजय शर्मा जी ने बताया जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हमारी प्रदेश नेतृत्व और राष्ट्रीय नेतृत्व आदरणीय प्रमुख चीफ सूरज प्रसाद चौबे जी के द्वारा दी गई है पूर्ण रूप से भली भांति जिम्मेदारियां को निर्वहन करुंगा और अपने समाज के लिए संदेश दिया इस समाज के प्रतिष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्माण करूंगा समाज के लिए दिन रात जिस जगह जहां जरूरत पड़ी उसे जगह पर हम वहां पर खड़े होने का कार्य करेंगे समाज की लड़ाई को अपने लड़ाई समझकर कंधे से कंधा मिलाकर संगठन के चलने का कार्य करेंगे इसी बीच प्रदेश अध्यक्ष अनुज त्रिवेदी जी ने शिक्षा के मुद्दे को लेकर एक बार फिर मीडिया पर आए और उन्होंने कहा है यह प्रदेश की हुंकार बनाने का कार्य करेंगे जिस तरीके से टर्म शुल्क और आवासीय बिल्डिंग के अंदर विद्यालय चल रहे हैं उनको बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराने का कार्य करेंगे जिस तरीके से अवैध तरीके से स्कूलों में अभिभावकों से पैसा लिया जा रहा है उन पर भी एक बड़े स्तर पर कार्य किया जाएगा। निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्माण करते हुए एक भव्य स्वागत हुआ संजय शर्मा जी अपने गृह जनपद रामपुर के लिए रवाना हो चुके हैं।

## प्रकाशित खबर की रंजिश को लेकर प्रधान पक्ष ने अखबार के संपादक पर कराया जानलेवा हमला

हरगांव सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के हरगांव क्षेत्र में विकास खंड हरगांव की एक ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान के भृष्टाचार की खबर प्रकाशित करने पर गतदिनों प्रधान पक्ष ने अपने गांव जा रहे एक अखबार के संपादक को रोककर पहले गाली-गलौज किया उसके बाद हमला कर उनकी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया।तदुपरांत प्रधान पक्ष ने संपादक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की कोशिश की । प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतापुर जनपद के विकास खण्ड हरगांव की ग्राम पंचायत पिपराघूरी की ग्राम प्रधान श्रीमती विमला सिंह व उनके पति/प्रधान प्रतिनिधि दिनेश कुमार के भृष्टाचार को विभिन्न अखबारों के द्वारा राष्ट्रीय समाचार पत्र रतन राज्य के संपादक ने गतदिनों अपने अखबार सहित प्रकाशित किया था । जिससे खुन्नस खाए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने अपने गुर्गों के द्वारा संपादक धर्मेन्द्र राना के ऊपर उस समय कातिलाना हमला कर दिया। जब वह किसी आवश्यक कार्य से अपने पैतृक गांव गए हुए थे।उसके बाद ग्राम प्रधान ने अपने एक गुर्गे के द्वारा संपादक धर्मेन्द्र राना को झूठे मुकदमें में फसाने के लिए हरगांव थाने में तहरीर भी दे दी है।जिसका पत्रकार सुरक्षा सेवा समित आल इंडिया पंजीकृत ने निंदा करते हुए पुरजोर विरोध किया है।पत्रकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर न्यायिक जांच की मांग करते हुए दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की पुरजोर मांग की है।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने विभाग को बचाने हेतु लगाई फर्जी आख्या

**क्लास के अंदर बच्ची का पैर टूट जाने के बाद प्रधानाध्यापिका ने इलाज भी नही कराया, खंड शिक्षा अधिकारी ने लगा दी फर्जी आख्या**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैगलगंज खीरी। जनपद मे खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने विभाग को बचाने में लगाई कोई कसर नही छोड़ते हुए फर्जी आख्या लगाकर विभाग की कमियों को छिपाने का प्रयास किया। विद्यालय मे क्लास के अंदर ही बच्ची का पैर टूट जाने के बाद ना ही प्रधानाध्यापिका ने इलाज कराया और न ही कोई हालचाल लिया उल्टा पीड़ित द्वारा शिकायत करने पर खंड शिक्षा अधिकारी ने फर्जी आख्या लगाकर विभाग की कमियों को छुपाने का भरसक प्रयास किया।

पीड़ित ने बताया कि शिकायत करने पर प्रार्थना पत्र को गलत तरीके से तोड़ मरोड़ कर फर्जी आख्या खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा



लगाई गई है। पीड़ित ने बताया कि मेरी बेटी का प्राथमिक उपचार नहीं करवाया गया और मेरी बच्ची को ऐसे ही छोड़ दिया उसके बाद हमने अपनी बच्ची का इलाज करवाया उसमे 15000 रुपए मेरे अतिरिक्त खर्चा हुआ जोकि प्रधानाध्यापिका ने देने से स्पष्ट मना कर दिया और कहा जाओ तुमको जो भी करना है कर लो मेरे स्टाफ का मामला है जो मै बोलूंगी वही होगा और मेरी ही कहेगा और वही खंड शिक्षा अधिकारी ने किया। पीड़ित के शिकायत करने पर खंड शिक्षा अधिकारी ने फर्जी तरीके से आख्या लगा दी और उसे फर्जी व्याख्या में दिखा दिया कि पीड़ित को ?10000 रुपए इलाज के लिए प्रधानाध्यापिका द्वारा दिलवा दिए गए हैं, शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले स्कूल में एक बड़ी लापरवाही सामने आई है।

मैगलगंज क्षेत्र के संविलियन विद्यालय में कक्षा 5 की छात्रा रेखा उम्र 12 वर्ष, निवासी मोहल्ला मुर्गीखाना का पैर टूट गया। परिजनों का आरोप है कि घटना के समय कक्षा की जिम्मेदारी संभाल रही प्रधानाध्यापिका उर्मिला रस्तोगी क्लास में मौजूद नहीं थीं, बल्कि बाहर मोबाइल फोन पर रील देखने में व्यस्त थीं जानकारी के अनुसार, घटना 16 जुलाई 2025 को दोपहर करीब 12 बजे घटी। कक्षा के अंदर बच्चों के बीच झगड़े के दौरान छात्रा रेखा गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तत्काल उपचार के लिए ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका पैर टूटने की पुष्टि की और प्लास्टर चढ़ाना पड़ा। पीड़ित छात्रा के पिता कुलदीप ने जिलाधिकारी खीरी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए प्रधानाध्यापिका पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि यदि प्रधानाध्यापिका अपनी ड्यूटी निभा रही होतीं तो यह हादसा नहीं होता। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जब अभिभावक ने मामले की शिकायत करनी चाही, तो प्रधानाध्यापिका ने उन्हें धमकाने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही अभिभावक ने जिलाधिकारी खीरी से गैर-जिम्मेदार शिक्षिका के खिलाफ क्क्त्र दर्ज करने और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, छात्रा के दर्दनाक हालात को देखते हुए स्थानीय लोगों में भी आक्रोश है।स्थानीय सामाजिक संगठनों और अभिभावकों का कहना है कि विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, और इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त प्रकरण मे जब बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार को उनके सी यू जी नंबर पर कॉल किया गया तो उनका फोन स्विच ऑफ गया।

## उपखनिज परिवहन वाहनों के पंजीकरण एवं प्रशिक्षण हेतु कैम्प का आयोजन

सीतापुर । अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/प्रभारी अधिकारी खनन नीतीश कुमार सिंह ने समस्त ट्रांसपोर्टरों/वाहन स्वामियों को सूचित किया है कि अपर निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उ0प्र0, खनिज भवन, लखनऊ की अध्यक्षता में दिनांक 01.09.2025 को प्रदेश में उपखनिज (मौरंग, गिट्टी आदि) का परिवहन करने वाले वाहनों का पंजीकरण खनिज विभाग के पोर्टल पर किये जाने के सम्बन्ध में वर्चुअल माध्यम से समीक्षा की गयी। जिसमें सार्वजनिक स्थल पर विभाग द्वारा कैम्प लगाकर समस्त ट्रांसपोर्टरों/वाहन स्वामियों को प्रशिक्षण व वाहनों के पंजीकरण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अतः प्रदेश में उपखनिज (मौरंग, गिट्टी आदि) का परिवहन करने वाले वाहनों का पंजीकरण किये जाने एवं प्रशिक्षण हेतु दिनांक 08 एवं 10 अक्टूबर 2025 को सीतापुर में खैराबाद स्थित टोल प्लाजा पर तथा दिनांक 09 एवं 11 अक्टूबर 2025 को कलेक्ट्रेट सीतापुर में खनन अनुभाग कार्यालय में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समस्त ट्रांसपोर्टर /वाहन स्वामी आवश्यक अभिलेखों सहित प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# उत्तर प्रदेश मत्स्य जीवी सहकारी संघ लि. के सभापति वीरू साहनी ने किया सम्भल जिले का भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सभापति के जनपद भ्रमण पर पहुंचने पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग विवेक कुमार ने उन्हे पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया**

**भ्रमण कार्यक्रम के तहत सभापति जनपद में चल रहे विभागीय कार्यक्रमों को लेकर उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की**

सम्भल, बहजोई। सभापति उत्तर प्रदेश मत्स्य जीवी सहकारी संघ लि. लखनऊ वीरू साहनी का शनिवार को जनपद सम्भल भ्रमण कार्यक्रम हुआ। सभापति का सर्वप्रथम मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग विवेक कुमार द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया।

इसके उपरांत सभापति की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक के अन्तर्गत उपस्थित सभी लोगों से मा. सभापति जी द्वारा परिचय प्राप्त किया गया। मा. सभापति जी द्वारा जनपद में सामूहिक मछुआ दुर्घटना बीमा योजना की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी। संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए जागरूक करें। मा. सभापति जी ने जनपद में कितनी मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठित हैं उसके विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि समितियों की संख्या को बढाया जाए।

ग्राम सभा के तालाबों के पट्टे की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पट्टों का चयन नियमानुसार हो नियम विरुद्ध कोई भी पट्टा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। माननीय सभापति जी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि 2 हेक्टेयर से अधिक एवं उससे कम के तालाबों की सूची उपलब्ध करायी जाए। माननीय सभापति जी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम सभा के तालाबों पर ध्यान दिया जाए तथा मत्स्य पट्टा वितरण में कश्यप एवं निषाद समाज को प्राथमिकता पर रखा जाए। माननीय सभापति जी ने जनपद से गुजरने वाली नदियों के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं खण्ड के अनुसार समिति बनाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना तथा सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना हेतु चयनित लाभार्थी, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, मोपेड विद आईस बॉक्स परियोजना, पर भी चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मत्स्य पालकों के लिए केसीसी को लेकर चर्चा की गयी। बैंकों द्वारा मत्स्य पालकों के लिए केसीसी कम किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा एलडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि मत्स्य पालकों के लिए बैंक केसीसी करें। गंगा नदी के किनारे रहने वाले कश्यप एवं निषाद समाज को मत्स्य से संबंधित योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए भी संबंधित को निर्देशित किया। समीक्षा बैठक के उपरांत मा. सभापति जी द्वारा नयी गठित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड ग्राम असदपुर तहसील गुन्नौर एवं मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड ग्राम भारतल मदापुर तहसील सम्भल को समिति गठन का प्रमाण पत्र दिया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग विवेक कुमार, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, एलडीएम ललित राय एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी, समिति के प्रतिनिधि एवं मत्स्य पालन से जुड़े लोग उपस्थित रहे। जारी जिला सूचना कार्यालय सम्भल।

## सफलता पूर्वक संपन्न हुआ साई बाजार वेलफ़ेयर सोसाइटी का चुनाव



लखनऊ । चिनहट के साई बाजार वेलफ़ेयर सोसाइटी का चुनाव आज शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न हुआ मतदान दोपहर 12:30 बजे से 3:00 बजे तक हुआ, जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक लिया था भाग।इस चुनाव में पदाधिकारी निर्वाचित अध्यक्ष ऽ मानवेन्द्र सिंह बघेल सचिव मो हारून , कोषाध्यक्ष शिवम टंडन उपाध्यक्ष राहुल सिंहचुनाव स्थल साई मार्केट, पेट्रोल पंप के नियर बाई क्राउन मॉल में रखा गया था, पूरे चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए चिनहट पुलिस भी मौजूद रही जहां पारदर्शी तरीके से संपूर्ण प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई।नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे सोसाइटी के विकास, व्यापारी हितों की रक्षा और पारदर्शी कार्यप्रणाली को सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

## रहमत ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

मुरादाबाद। मोहम्मद याकूब चेयरमैन नगर पंचायत पाकबड़ा के कार्यालय पर किया गया था। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया और सभी रक्तदाताओं को हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। टट ब्लड बैंक द्वारा लगाए गए इस शिविर का उद्देश्य रक्तदान को बढ़ावा देना और लोगों की जान बचाने में मदद करना था। रक्तदान के फायदे- हृदय स्वास्थ्य में सुधार, रक्तदान करने से हृदय रोगों के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है, नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। कैंसर के खतरे को कम करना- कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि नियमित रक्तदान करने से कैंसर के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है। रक्तदान शिविरों का महत्व-रक्तदान शिविरों का आयोजन करके हम रक्त की कमी को पूरा कर सकते हैं और लोगों की जान बचा सकते हैं। ये शिविर न केवल रक्तदान को बढ़ावा देते हैं, बल्कि लोगों को इसके महत्व के बारे में भी जागरूक करते हैं।इस तरह के आयोजनों से समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ती है और अधिक लोग रक्तदान करने के लिए प्रेरित होते हैं।

## सरकारी भूमि पर कब्जे के आरोप में सपा विधायक इकबाल महमूद पर प्रशासन की कार्यवाही

संभल। जिले की राजनीति में शनिवार को उस समय हलचल मच गई जब प्रशासन ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ विधायक इकबाल महमूद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। आरोप है कि विधायक ने रायसत्ती थाना क्षेत्र के गांव मंडलाई में स्थित एक आम के बाग में करीब साढ़े तीन बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा कर रखा था।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम विकास चंद्र के नेतृत्व में तहसील व राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जमीन की नापतौल कराई गई और कब्जे वाले हिस्से पर बुलडोजर से लाल निशान लगाए गए। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि बाग में खड़ा एक कटहल का पेड़ बिना अनुमति काटा गया है, जिसे अधिकारियों ने वन विभाग व पर्यावरण कानूनों का उल्लंघन बताया।एसडीएम विकास चंद्र ने कहा, ल्लसरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी चाहे कितना भी बड़ा हो, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।ङ्कइस कार्रवाई की खबर फैलते ही क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई। समर्थकों और ग्रामीणों में चर्चा तेज हो गई है। लोग इसे सपा सांसद जिला उर रहमान वर्क के बाद विधायक इकबाल महमूद पर प्रशासन का कड़ा कदम मान रहे हैं, वहीं कुछ लोग इसे राजनीतिक रंग देने से भी नहीं चूक रहे।

## खेत की मढ़ैया पर जुआ खेलते 5 गिरफ्तार

गुन्नौर, सम्भल। थाना गुन्नौर पुलिस ने शनिवार देर रात ग्राम सैजना में छापेमारी कर खेत की बंद मढ़ैया से पाँच जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से ?1.27 लाख नगद और 156 ताश के पत्ते बरामद किए।गिरफ्तार आरोपियों में भगवान सिंह (बिजुआ नगला), संकेत उर्फ भूरे (सिकंदरपुर), फुरकान (मौ. मासूम अली, गुन्नौर), शिव कुमार (कल्लू नगला, बबराला) और फिरोज गांधी (मौ. शेखान, गुन्नौर) शामिल हैं।थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई में जुआ अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। बरामद नकदी व ताश की गड्डियों को सील कर कब्जे में ले लिया गया है।

## मकान में चल रहा था देह व्यापार, पुलिस ने मारा छापा

बदायूं। बिल्सी में पुलिस ने अंबियापुर चौराहे के पास एक मकान पर छापा मारकर देह व्यापार रैकेट का खुलासा किया। पुलिस ने यहां से दो महिलाओं और दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोगों में मकान मालिक भी शामिल है, जो अपने ही दो मंजिला मकान में यह धंधा करवा रहा था। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि अंबियापुर चौराहे निवासी एक व्यक्ति अपने घर में देह व्यापार रैकेट चला रहा है। इस पर कोतवाली पुलिस की टीम- महिला उपनिरीक्षक रचना देशपाल, उपनिरीक्षक राममेहर सिंह और महिला कांस्टेबल सोनिया मौके पर पहुंची। टीम ने कमरों के दरवाजे खुलवाए। कमरों में महिला और पुरुष आपत्तिजनक हालत में मिले।पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आई। वहीं, दोनों महिलाओं के चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। मकान से आरोपियों को बाहर निकालते ही आसपास जुटी भीड़ ने इस घटना का वीडियो बनाना शुरू कर दिया।महिलाओ को जमानत पर छोड़ा कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में दीपक व मुरीद नामक दो युवकों को थाने में रखकर पूछताछ की जा रही है, जबकि दोनों महिलाओं को थाने से जमानत पर छोड़ दिया गया है। चारों के खिलाफ अश्लीलता और अनैतिक गतिविधियों से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक

संभल । जनपद में पुलिस अधीक्षक के के बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10 बजे महिला सेल प्रभारी अधिकारी डॉ रुकम पाल सिंह की देखरेख में महिला थाने में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य भी आपसी विवादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करने का प्रयास काउंसलन द्वारा किया गया जहां कुल 94 पत्रावली सुनकर 40 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा 16 परिवार को मिलाया गया तथा 23 पत्रावलियों को न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई। एवं 1 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई।इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, संगीता भार्गव,श्वेता गुप्ता सीमा आर्य कंचन महेश्वरी बबीता शर्मा तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत आदि लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षक दिवस पर प्रबंध समिति ने शिक्षकों को किया सम्मानित

मुरादाबाद। अनूपशहर एलडीएवी इंटर कालेज में डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के पर शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। शनिवार को एलडीएवी कालेज के सभी शिक्षकों को उपहार एवं डा. राधाकृष्णन की जीवनी से सम्बंधित पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय गर्ग, शिक्षाविद सेवक चंद गुप्ता, प्रधानाचार्य शशि वाला पंत ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर तथा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया?। अजय गर्ग ने कहा कि शिक्षक भगवान के समान होता है, और राष्ट्र के भावी भविष्य के रूप में विद्यार्थियों का निर्माण करने में सबसे अधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है?। सेवक चंद गुप्ता ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। प्रधानाचार्या शशि बाला पंत ने डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी शिक्षकों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

# डीएम ने किया पीईटी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शनिवार को प्रथम पाली में पंजीकृत 9840 अभ्यर्थियों में से 7370 ने तथा द्वितीय पाली में पंजीकृत 9840 अभ्यर्थियों में से 7462 ने परीक्षा दी**

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व सम्बंधित केन्द्र व्यवस्थापकों व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शनिवार को प्रथम पाली में पंजीकृत 9840 अभ्यर्थियों में से 7370 ने तथा द्वितीय पाली में पंजीकृत 9840 अभ्यर्थियों में से 7462 ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि जनपद में परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन कराया गया। 07 सितंबर 2025 को भी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। डीएम ने मदर एंथेना स्कूल, जीलॉट पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर व लॉर्ड कृष्णा स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां सीसीटीवी से की जा रही मॉनिटरिंग का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, पार्किंग आदि विभिन्न व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सुचिता पूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मा0 आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मा0 आयोग की मंशा के अनुरूप परीक्षा को संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 07 सितंबर 2025 को भी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पीईटी परीक्षा जनपद में 06 एवं 07 सितम्बर 2025 को आयोजित परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न कराई जा रही है, जिसमें प्रथम पाली प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 से 05:00 बजे तक निर्धारित है। इस परीक्षा में कुल 39,360 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे, जिनके लिए जिले में 24 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इस अवसर पर विभिन्न अधिकारी, परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक आदि मौजूद रहे।

08 सितम्बर को तहसील दातागंज में डीएम की अध्यक्षता में होगा संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजनबदायूँ । जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार 06 व 07 सितम्बर 2025 को जनपद में प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा(पीईटी)-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसको दृष्टिगत रखते हुए 08 सितम्बर 2025 सोमवार को जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में प्रातः 10:00 बजे से तहसील दातागंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

# अनंत चतुर्दशी पर बबराला के राजघाट पर धूमधाम से हुआ गणपति विसर्जन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल,बबराला। अनंत चतुर्दशी पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश जी की प्रतिमा को विराजमान किया था, उन गणपति बप्पा जी की प्रतिमाओं को राजघाट बबराला पर मूर्ति विसर्जन के लिए बनाये गये विशेष कुण्डों में बड़े ही धूमधाम से विसर्जन किया। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा राजघाट बबराला पहुँच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिमा विसर्जन से संबंधित कुण्डों को देखा गया तथा संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बड़े कुण्ड में स्लोव एवं पक्की सीढ़ी भी बनवायी जाएं एवं जिलाधिकारी ने साफ सफाई को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि घाट के परिसर में बनी दुकान एवं ठेलों खोमचों आदि के पास डस्टबिन लगें।प्लास्टिक का प्रयोग न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी दुकानदार एवं ठेले खोमचा वाले गंदगी फैलाएं उनसे जुर्माना वसूल किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा अपने आस पास गंदगी फैलाने वाले दुकानदार एवं ठेला खोमचे वालों पर जुर्माना लगाने के भी निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा,उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार,क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक तिवारी एवं खण्ड विकास अधिकारी गुन्नौर कमल कंात,खण्ड विकास अधिकारी जुनावई अखिलेश कुमार एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बबराला अमरेश तिवारी, थाना प्रभारी गन्नौर अखिलेश प्रधान थाना प्रभारी बबराला रोशन सिंह सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की उड़ाई धज्जियां गंगा जी में किया गणेश प्रतिमा का विसर्जन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। अनंत चतुर्थी पर अनेक गांवों तथा नगरों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने सीधे गंगा घाट पर जाकर गणेश प्रतिमाओं को गंगा जी में विसर्जन किया। जिससे सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की धज्जियां उड़ती दिखाई दी। शनिवार को सुबह से ही नगर में श्री गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए हजारों श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया। श्रद्धालु अपने साथ श्री गणेश की प्रतिमा को लेकर बैंड बाजा, डीजे तथा भजन कीर्तन गाते हुए आए फुब्बारा चौक पर पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं को मस्तराम रोड पर बनाए गए विसर्जन कुंड की ओर भेजा गया। किंतु अनेक श्रद्धालु पुलिस को चकमा देकर बबस्टर गंज घाट तक सीधे गंगा जी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करते रहे। जबकि सर्वोच्च न्यायालय का स्पष्ट निर्देश है की केमिकल से बनी हुई प्रतिमा को सीधे गंगा में प्रवाहित ना किया जाए। स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के चलते अनेक श्रद्धालुओं ने सीधे गंगा में प्रतिमाओं को विसर्जित कर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की धज्जियां उड़ा दी। पुलिस प्रशासन द्वारा शिव चौक पर श्रद्धालुओं को रोकने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई इसी के चलते अनेक श्रद्धालुओं द्वारा बबस्टर गंज घाट पर सीधी गंगा जी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। अधिकांश श्रद्धालु अलीगढ़, छतारी, पहासू, जहांगीराबाद, संभल, चंदौसी आदि नगरों से आए। देर शाम तक गणेश विसर्जन कार्यक्रम चलता रहा। इस संदर्भ में एसपी देहात डा. तेजवीर सिंह का कहना है, कि पुलिस द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रशासन द्वारा निर्मित विसर्जन कुंड की ओर भेजा जा रहा था। किंतु कुछ लोग निगाह बचाकर गंगा जी की ओर चले गए होंगे। वहां भी पुलिस व्यवस्था लगाकर तत्काल रोकने की व्यवस्था की गई है।

# जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**तहसील गुन्नौर के सभागार में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

संभल, बहजोई। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में तहसील गुन्नौर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा अंश निर्धारण से संबंधित शिकायतों पर जांच को लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आज तहसील गुन्नौर में कुल 95 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 07 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके को पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत गुन्नौर तहसील परिसर में दिव्यांग जनों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष कैंप भी लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक,परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह,जिला विकास अधिकारी राम आशीष,उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धमकाने वाले गुंडों का इलाज करना सीएम को आता है : असीम अरुण

झांसी । अखिलेश यादव एक रिटायर्ड अधिकारी को उनकी सरकार आने पर हिसाब लेने की धमकी दे रहे हैं। समाजवादी पार्टी के गुंडे भी इसी तरह गांव-गांव में लोगों को धमकी दे रहे हैं। ऐसे गुंडों का इलाज करना योगी जी को आता है। यह कहना है उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण का। वह झांसी में अखिलेश यादव द्वारा अवनीश अवस्थी को लेकर दिए बयान पर मीडिया से मुखातिब हो रहे थे।झांसी में दीनदयाल सभागार में समरसता सम्मेलन व मऊरानीपुर में ऐतिहासिक मेला जलविहार में भाग लेने झांसी पहुंचे प्रदेश सरकार के मंत्री और पूर्व पुलिस अधिकारी असीम अरुण ने सर्किट हाउस में मीडिया से बात की।उन्होंने कहा कि वह 1999 में राजगढ़ पीएसी में रहे हैं। उन्होंने अपने पुराने पुलिस के साथियों से भी मिलने की इच्छा जाहिर की।

# पितृपक्ष की शुरूआत, भारत में आज लगेगा साल का आखिरी चंद्र ग्रहण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। चंद्र ग्रहण खगोलीय, धार्मिक और ज्योतिषीय तीनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण माना जाता है। इसका सीधा प्रभाव देश-दुनिया की गतिविधियों से लेकर पूजा-पाठ और व्यक्तिगत जीवन पर पड़ता है। हिंदू धर्म में इसे अशुभ अवधि के रूप में जाना जाता है, इसलिए इसके आरंभ से समापन तक कई नियमों का पालन किया जाता है। हालांकि, खगोलशास्त्रियों के लिए यह आकाशीय घटनाओं को समझने का अवसर होता है। वहीं ज्योतिष में इसका असर 12 राशियों और 27 नक्षत्रों पर पड़ता है, जिससे कुछ जातकों को लाभ, तो कुछ की परेशानियां बढ़ने लगती हैं। इस वर्ष 7 सितंबर 2025 को साल का दूसरा और अंतिम चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। इसका दृश्य भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। ऐसे में ज्योतिषाचार्य डॉ धनंजय मणि त्रिपाठी से आइए इसके समय, प्रभाव, सूतक काल और उपायों को विस्तार से जानते हैं। 7 सितंबर यानी कल भारत में साल का दूसरा और आखिरी चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। यह चंद्र ग्रहण देश के सभी राज्यों में भी दिखाई देगा। वैसे तो चंद्र ग्रहण एक खगोलीय घटना है, लेकिन इसे ज्योतिर्विदों के नजरिए से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। वैसे भी इस बार के चंद्र ग्रहण पर 100 साल बाद पितृ पक्ष का संयोग बन रहा है। भारत में 7 सितंबर को लगेगा चंद्र ग्रहणज्योतिष के नजरिए से 7 सितंबर को लगने वाला चंद्र ग्रहण बहुत ही खतरनाक माना जा रहा है क्योंकि जब भी चंद्र ग्रहण लगता है तो उसका प्रभाव देश-दुनिया पर 3 महीने पहले और 3 महीने बाद तक दिखाई देता है। 7 सितंबर की रात लगने वाला चंद्र ग्रहण पूरे भारत में दृश्यमान होगा। वैसे तो 7 सितंबर को रात 8 बजकर 59 मिनट से चांद पर हल्की छाया पड़नी शुरू हो जाएगी। इसे चंद्र ग्रहण का पेनब्रा स्टेज कहा जाता है। लेकिन, सूतक काल इसके हिसाब से नहीं बल्कि गहरी छाया पड़ने के 9 घंटे पहले ही माना जाता है। चंद्र ग्रहण का आरंभ 7 सितंबर की रात 9 बजकर 58 मिनट से होगा और इस ग्रहण का समापन 8 सितंबर की आधी रात 1 बजकर 26 मिनट पर होगा। अगर ग्रहण के सबसे महत्वपूर्ण और पीक टाइमिंग की बात की जाए तो ये रात 11 बजकर 42 मिनट पर अपने चरम पर होगा। यानी भारत में संपूर्ण ग्रहण काल की कुल अवधि 3 घंटे 28 मिनट की रहेगी। चंद्र ग्रहण के सूतक काल की टाइमिंग7 सितंबर को पूर्ण चंद्र ग्रहण चूंकि रात 9 बजकर 58 मिनट पर लग रहा है इसलिए इसका सूतक काल 9 घंटे पहले यानी की दोपहर 12 बजकर 57 मिनट से लग जाएगा। कहां कहां दिखेगा ये चंद्र ग्रहणयह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई देगा। इसके अलावा यह चंद्र ग्रहण यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अमेरिका, फिजी और अंटार्कटिका के कुछ हिस्सों में भी दिखेगा। चंद्र ग्रहण के दौरान ग्रहों की स्थिति क्या रहेगी?7 सितंबर को लगने वाला चंद्र ग्रहण राहु के नक्षत्र शतभिषा से शुरू होगा और गुरु के नक्षत्र पूर्वभाद्रपद पर इसका समापन होगा। इस दिन सूर्य, शनि और गुरु जैसे बड़े ग्रहों का महासंयोग भी बन रहा है। इस दिन दो ग्रहों की अहम भूमिका रहेगी। चंद्र ग्रहण में राहु और चंद्रमा एक साथ होते ही हैं। इस बार ग्रहण रविवार को है तो सूर्य की भी एंट्री हो गई है। क्योंकि रविवार सूर्य देव का दिन होता है। साथ ही, यह साल मंगल का साल है तो मंगल भी आ गए हैं। जिस दिन ये ग्रहण लग रहा है, वो तारीख और उस तारीख का मूलांक 7 है जो केतु का प्रतिनिधित्व करता है। चंद्र ग्रहण का भारत पर प्रभाव 7 सितंबर को लगने वाला चंद्र ग्रहण भारत की राजनीति और प्रशासन पर भारी पड़ सकता है। इसके अलावा, पूर्णिमा पर लगने वाला ग्रहण ज्योतिष में खास माना जाता है, क्योंकि इस समय प्राकृतिक आपदाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। खासकर बाढ़, भारी बारिश और पहाड़ी इलाकों में तबाही देखने की संभावना रहती है। इसका असर लोगों और जानवरों दोनों की जिंदगी पर पड़ेगा। सूतक के दौरान क्या न करेंशास्त्रों में बताया गया है कि चंद्र ग्रहण का 9 घंटे पहले सूतक लग जाता है।

# जनपद में दोनों पालियों में पीईटी–2025 की परीक्षा सकुशल सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कुल पंजीकृत 19776 के सापेक्ष 15960 अभ्यर्थी उपस्थित रहें व 3816 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें**

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 हेतु जनपद में बनाए गए 23 परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों में परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि ठ्घ्क्ट्ठ 2025 की प्रथम पाली में पंजीकृत 9888 के सापेक्ष 7922 अभ्यर्थी उपस्थित रहें तथा 1966 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। द्वितीय पाली में पंजीकृत 9888 के सापेक्ष 8038 अभ्यर्थी उपस्थित रहे व 1850 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार आज की आयोजित दोनों पालियों की परीक्षा में पंजीकृत 19776 के सापेक्ष 15960 अभ्यर्थी उपस्थित रहें व 3816 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, कंट्रोल रूम से जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरा द्वारा निगरानी की जा रही है। कंट्रोल रूम में शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा उनका पर्यवेक्षण करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। अपर जिलाधिकारी ने आयोजित परीक्षा के दौरान बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, सीओ सिटी अमित सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## वाराणसी सिटी स्टेशन पर बढ़ाएं जाएंगे प्लेटफार्मः अपर महाप्रबंधक

वाराणसी । वाराणसी सिटी रेलवे स्टेशन पर विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक वीके शुक्ला ने बताया कि सिटी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म की संख्या बढ़ाकर 9 तक किए जाने की तैयारी है। अभी एक प्लेटफार्म का कार्य शुरू कराया जा रहा है। जल्द चार नई लाइन जोड़ी जाएगी।उन्होंने बताया कि प्लेटफार्म को जोड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पर ओवर ब्रिज बनेगा। आधुनिक शौचालय प्लेटफार्मो पर बनेंगे। ओवर ब्रिज पर चढ़ने के लिए लिफ्ट लगाई जाएगी। यात्रियों के ठहरने के लिए वीआईपी लॉज बनेगी। साथ ही 24 और 25 नंबर गेट पर जाम से मुक्ति के लिए रेलवे अंडरपास बनाने जा रहा है। दीपावली के आसपास ज्यादातर विकास कार्यों को स्थानीय लोग पूरा होते हुए देखेंगे, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा रेलवे दे पाएगी।

# शिवा कंपटीशन हब एवं लाइब्रेरी में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले 100 से अधिक शिक्षक को किया सम्मानित**

**मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रामचंद्र डीआईओएस**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रख्यात शिक्षाविद महान दार्शनिक भारतीय संस्कृति के संवाहक भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर प्रत्येक वर्ष मनाये जाने वाले शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहर के प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान शिवा कंपटीशन हब एवं लाइब्रे री में शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयो जित किया गया जिसमें विभिन्न संवर्ग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सैकड़ो से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रामचंद्र डीआईओएस विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफ़ेसर आर के पांडे प्राचार्य श्री लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज गोंडा, डॉ.ओपी मिश्रा पूर्व प्राचार्य एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर व पूर्व सदस्य उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन सेवा आयोग और अतुल कुमार तिवारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोंडा उपस्थित रहे,अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्य क्रम की शुरुआत की इसके बाद सरस्वती वंद ना सीमा यादव और स्वागत गीत मीनू वर्मा द्वा रा प्रस्तुत की गई।संस्थान के संस्थापक व प्रबं धक डॉ.अजय पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा की हमारे देश की संस्कृति में शिक्षकों की तुल ना ईश्वर से की गयी है और शिक्षक दिवस के अवसर पर इनका सम्मान करना सौभाग्य का विषय है आदि काल से हीं शिक्षकों के समक्ष तरह-तरह की चुनौतियां आती रही हैं और शिक्ष कों ने अपनी योग्यता और समर्पण से उन चुनौ तियों का सामना किया है वर्तमान में टेट को ले कर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के एक आदेश से शिक्षकों के समक्ष पुनः एक चुनौती आ गयी है ऐसे में हमारी संस्था ऐसे शिक्षक जिन्हे आगा मी टेट की परीक्षा देनी है उनके साथ खड़ी है और हर संभव मदद करने के लिए तैयार है शी घ्र हीं सेवारत शिक्षकों के लिए टेट और सीटेट का पृथक विशेष बैच चलाया जायगा।

### संस्था के तीन पुस्तकों का हुआ विमोचन

कार्यक्रम में डॉ.अजय पाठक द्वारा लिखित यू पीटीईटी और सीटेट के लिए प्रैक्टिस सेट एवं संस्थान के शिक्षकों द्वारा लिखित गणित और तर्कशक्ति की पुस्तक का विमोचन प्रोफ़ेसर आ रके पांडे प्राचार्य एलबीएस पीजी कॉलेज, राम चंद्र जिला विद्यालय निरीक्षक,अतुल कुमार तिवारी बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया।कार्यक्रम के अवसर पर राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का भी सम्बोधन हुआ जिसमे राखाराम गुप्ता और सुनील आनंद ने अ पने अनुभव साझा किए,तत्पश्चात सभी अतिथि यों ने वहां उपस्थित प्रत्येक शिक्षक को सम्मानि त किया और उन्हें अपने आशीर्वचन दिए,इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉ.अजय पाठक,डॉ.विष्णु शंकर तिवारी,अरुण मिश्र संजू मिश्रा,इमरान सर,सुमित सर, दिव्यांशु सर, सानू मन्नू सर,अरविंद सर, गिरिजेश सर,आदित्य, अरुण ओझा,राज शर्मा,उमेश शुक्ल छात्र संघ अध्यक्ष आशीष शंकर मिश्र सुबोध मिश्रा मैन प्रोफ़ेसर रेखा शर्मा प्रोफ़ेसर अरविंद शर्मा वरिष्ठ पत्रकार जानकी शरण द्विवेदी एवं विष्णु शंकर शुक्ल, युवा पत्रकार सत्यम मिश्र एवं सैकड़ो की संख्या में शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# नानपारा में सीरत मुहिम के तहत 145 फल किट्स वितरित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। रबीउल अव्वल के मुबारक माह में जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द उत्तर प्रदेश मशरिक की ओर से 05 से 14 सितम्बर तक ह.ज़रत मुहम्मद (सअव) मोहसिन-ए-इंसानियत विषय पर सीरत मुहिम चलाई जा रही है। इसी क्र म में नानपारा यूनिट की ओर से शहर के विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी अस्पतालों के मरीजों तथा जरूरतमंद परिवारों में 145 फल किट्स वितरित किए गए।कार्यक्र म के दौरान चिकित्सकों को हजरत मोहम्मद (सअव) की सीरत पर आधारित पुस्तकें और फोल्डर्स भी भेंट किए गए। आयोजन में जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द, एसआईओ नानपारा यूनिट और नानपारा एजुकेशन एंड वेलफ़ेयर सोसाइटी के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर जिम्मेदारों ने कहा कि सीरत मुहिम का उद्देश्य समाज में इंसानियत, सहयोग और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस तरह की पहल से समाज में सकारात्मक माहौल बनता है और दूसरों की मदद का जज्बा मजबूत होता है।

# मुख्यमंत्री ने राज्य अध्यापक पुरस्कृत प्रमोद सिंह को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । शिक्षक दिवस पर क्षेत्र के उसका कम्पोजिट विद्यालय के शिक्षक प्रमोद कुमार सिंह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया। खबर मिलते ही शिक्षकों सहित क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उक्त आशय की जानकारी देते हुए एम श्री कम्पोजिट विद्यालय उसका पिपराइच के शिक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि उ.प्र.शासन द्वारा प्रदेश भर के सभी जिलों से एक - एक शिक्षक का चयन कर राज्य अध्यापक पुरस्कार 2024 के लिए चयनित किया गया था । इस सूची में गोरखपुर जिले के विकास खण्ड पिपराइच क्षेत्र के हमारे गांव में स्थित पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय उसका के सहायक अध्यापक प्रमोद कुमार सिंह एकल शिक्षक का चयन किया गया था । इसी क्रम में प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर से आए शिक्षकों के साथ हमें सम्मानित किया गया है। इसके लिए हम लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आभारी हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ जया सिंह ने कहा कि विद्यालय के शिक्षक प्रमोद कुमार सिंह को सम्मानित करने पर मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। तथा कहीं कि भाजपा के शासन काल में सरकारी विद्यालयों के पठन पाठन में काफी सुधार हुआ है। ग्राम प्रधान दीपक गुप्ता, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि दशरथ गुप्ता ,शिक्षक राजू प्रसाद, अमित रानी, कुमुद लता, प्रियंका श्रीवास्तव, पवन पुत्र कुमार सिंह, इमरान खान, राम प्रकाश सिंह, शशि कला सिंह ,शिक्षक नेता रमेश मणि त्रिपाठी, संतोष सिंह,देवानन्द सिंह,विवेक श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश भगवान की पूजा कर किया गया विसर्जन

रायबरेली। कस्बे के एक प्रतिष्ठित व्यापारी द्वारा गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर घर पर प्रतिमा रखकर विधि विधान के साथ हवन पूजन कर त्यौहार मनाया। जिसमें कस्बे के अनेक प्रतिष्ठित व्यापारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बताते चले कि, कस्बे के व्यापारी सदाशिव निकम ने अपने घर पर विधि विधान से बाबा गणेश की प्रतिमा गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर रखी थी जिसका नगर में भ्रमण के साथ विसर्जन के लिए ले जाया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, शिव भजन स्वर्णकार, संदीप वैश्य, अंकुर वैश्य, घनश्याम चौरसिया, सचिन मौर्या, संतोष जायसवाल, शिव कैलाश सोनी, राजेश सोनी, श्याम प्रकाश वर्मा, धर्मेंद्र लोधी, कंचन वर्मा, दीपक वर्मा, शिव प्रकाश मोदनवाल, मनमोहन सिंह, कमल वर्मा, बृजेश सोनी सहित नगर वासी उपस्थित रहे।

# विद्यालय की प्रथम महिला शिक्षिका की स्थापित किया गया मूर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । शनिवार को शिक्षक दिवस के दिन बाबा हनुमान दास कन्या इंटर कालेज कुरी बाजार गोरखपुर में स्व विमला यादव शिक्षिका के प्रतिमा का अनावरण तथा शिक्षक सम्मान समारोह का संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक नेता भारतेंदु यादव और संचालन प्रबंधक शिवा जी चन्द ने किया। सम्मान समारोह और प्रतिमा अनावरण के कार्यक्रम में मुख्य के रूप में संतकबीरनगर के पूर्व जिलाध्यक्ष रामवृक्ष यादव इव विशिष्ट अतिथि के रूप में गोरखपुर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ छात्र नेता आकाश प्रताप यादव मौजूद रहें। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण की जीवनी को याद करते हुए विद्यालय के 27 शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया उसके पश्चात बाबा हनुमान दास कन्या इंटर कालेज की प्रथम शिक्षिका स्व विमला यादव के प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम कर पुष्प अर्पित किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक बाल गोविंद मौर्य ने बताया कि स्व विमला यादव हमारे विद्यालय की प्रथम महिला शिक्षिका रही जिन्होंने इस विद्यालय की स्थापना से लेकर अपने जीवन के अंतिम समय तक तन मन धन से इस विद्यालय को अपना जीवन समर्पित कर दिया जिसके लिए आज शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय परिवार ने भी उनके द्वारा लगवाए हुए शीतल पेय जल प्लांट के पास उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया जिससे उनको हर पल हर पर्व पे उनको याद किया जा सके। मुख्य अतिथि रामबृक्ष यादव एवं आकाश प्रताप यादव ने संयुक्त रूप से शिक्षकों का सम्मान करते हुए साल और पेन देकर सम्मानित किया और कहा कि स्व विमला यादव का अतुलनीय योगदान विद्यालय परिवार कभी नहीं भूलेगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्वजीत सिंह, ऋषिकेश सिंह,गोरख सिंह, संजय यादव,आनंद सिंह,अनूप यादव ईश्वर,दुर्गेश यादव,अमरनाथ यादव, अविनाश सिंह, किशन सिंह,नितेश पांडेय, दिवाकर यादव, अभिषेक यादव, अमित यादव,श्रवण निषाद,अनिल यादव, राघव दुबे भोजपुरी गायक,पध यादव, राजू सिंह, विनय यादव ,विकास कुमार, नीरज पासवान, विजित गुप्ता, अनिरुद्ध यादव, बबलू जायसवाल,जितेश यादव सहित सैकड़ों लोगों की गरिमामई उपस्थिति रही।

# बभनियावाँ में नवनिर्मित पुलिस चौकी का हुआ उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह द्वारा थाना पयागपुर क्षेत्र अन्तर्गत बभनियावाँ में क्षेत्रीय संभ्रान्तजनों की उपस्थिति में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर जनसहयोग से नवनिर्मित पुलिस चौकी का बच्चे से फीता कटवाकर उद्घाटन किया गया।उदघाटन अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि नई पुलिस चौकी स्थानीय लोगों की सुरक्षा और सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। चौकी के निर्माण से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था स्थापित होगी तथा आपातकाल की स्थिति में लोगों को नजदीकी पुलिस चौकी से सहायता मिल सकेगी। चौकी के निर्माण से अपराध की रोकथाम में भी पुलिस चौकी की भूमिका अहम होगी। डीएम ने कहा कि क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बेहतर होने से क्षेत्र का विकास भी बेहतर ढंग से हो सकेगा।कार्यक्रम को अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, उप जिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी कुमार पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर राज सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन चौकी प्रभारी शिवम कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी पयागपुर करूणाकर पाण्डेय, पुलिस बल के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण, प्रधान मल्लावां के प्रतिनिधि श्रवण द्विवेदी, बीआरसी राजेश मिश्रा सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पूर्व में घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने वाले तीन खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। कोतवाली पुलिस ने विगत कई दिनों पूर्व घर में घुसकर मारपीट करने गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आवेदक संदीप सिंह पुत्र साहेब बक्श सिंह निवासी सिरसोई मजरे जमुरावां थाना महराजगंज जनपद रायबरेली की तहरीर पर विपक्षी गण 1.प्रदीप सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह 2.डब्बू सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह 3. अमर बहादुर सिंह पुत्र हर्ष बहादुर सिंह निवासीगण सिरसोई मजरे जमुरावां थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया आवेदक का आरोप है कि विपक्षी गण द्वारा प्रार्थी तथा प्रार्थी के पिता को घर में घुसकर गाली गलौज देना तथा मारपीट करना और जान से मारने की धमकी देना ।

# नशे की चपेट में दम तोड़ती युवा पीढ़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा। जिले में नशे का जाल,इसमें युवाओं में बढ़ती नशे की लत को लेकर चिंता व्यक्त की गई है।गोंडा जिले के कस्बा या शहर में अवैध मादक पदार्थ बड़ी आसानी से खुले आम बिक रहे है।जो युवाओं को बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं।युवा पीढ़ी के ऐसे अभिभावक,जो अपनी व्यापारिक व्यस्तताओं में उलझे रहते हैं अपने बच्चों को समय नहीं दे पाते।वह कहां जाता है,किससे मिलता है,उसके मित्रों की आद तों की जानकारी लेने की चिंता नहीं करते हैं।ऐसी लापरवाही से ही युवा पीढ़ी नशे की गिर फ्त में आती चली जाती है।गलत संगत में पड़ कर नशा करने की छोटी-छोटी शुरुआत से ही धीरे-धीरे नशे की आदत उसके शरीर पर गहरी पकड़ बना लेती है।ऐसी अवस्था में नशे की भू ख उसके लिए असहनीय हो जाती है,तब नशी ले पदार्थों का सेवन करने के लिए अपने अभि भावकों पर पैसा लेने के लिए दबाव डालने लग ता है।मना करने पर तरह-तरह की धमकियां देने लगता है।पैसा नहीं मिलने पर चोरी जैसी बुराई को अपना लेने में भी शर्म महसूस नहीं करता है।ऐसी परिस्थिति आने पर नशे की लत पर अंकुश लगा ने में अभिभावक भी असमर्थ हो जाते हैं।युवाओं की चिंताजनक स्थिति होने के बाद ही नशे के जाल से नि कालने के लिए अभिभावकों की चेतना जागृत होती है पर शा यद तब तक देर हो चुकी होती है।नशे की आद त के शिकार युवाओं के मां-बाप सामाजिक बद नामी से डरकर किसी परामर्श आश्रम में भेज कर उसका इलाज कराने से भी हिचकने लगते हैं।

### नशे पर पुलिस को लगाम लगाने की जरूरत

अब सरकारी तंत्र के पुलिस विभाग को युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर लगाम लगाने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देना होगा।जिस युवा पीढ़ी के बल पर सरकार देश के विकास की प्रगति के स्वप्न देख रही है,वह युवा नशे के जाल में फंस कर अपना दिमागी संतुलन खोता जा रहा है।

## नानपारा में हृदय जांच शिविर, 90 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



नानपारा, बहराइच। शहर के नारायणी हॉस्पिटल में शनिवार को निःशुल्क हृदय जांच शिविर लगाया गया। शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में हिंद हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक दौर की बदलती जीवनशैली, अनियमित खानपान और मानसिक तनाव के कारण हृदय रोगों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने सलाह दी कि संतुलित भोजन, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच से हृदय रोगों से काफी हद तक बचाव किया जा सकता है। डॉ. श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि यदि शुरुआती अवस्था में ही हृदय संबंधी बीमारियों की पहचान कर ली जाए तो गंभीर स्थितियों से बचना संभव है। करीब 90 लोगों ने ब्लड शुगर, बीपी की जांच कराई और मुफ्त परामर्श लिया। अस्पताल प्रबंधन ने इसे समाज के लिए उपयोगी पहल बताते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की बात कही। शिविर के सफल संचालन में डॉ. राहुल वर्मा, टेक्नीशियन राघवेंद्र द्विवेदी, मुदित बाजपेई, आशीष श्रीवास्तव, एकांश तथा हिंद हॉस्पिटल पीआरओ पंकज सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

# कैथवलिया में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**विद्यालय में संसाधनों की नही होने दूंगा कमीः रमेश**

**विद्यालय में पठन पाठन व स्वास्थ्य सुविधाओं का रखा जाता है ध्यान : नागेन्द्र**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । शिक्षक दिवस के पावन पर्व पर 5 सितंबर को पूरा देश शिक्षक दिवस के रूप में मनाया । भटहट के प्राथमिक विद्यालय कैथवलिया के छात्र/छात्राओं ने शिक्षकों से केक कटवा व स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमेश मणि त्रिपाठी ने छात्रों द्वारा उत्साहपूर्वक शिक्षक दिवस मनाए जाने पर आभार व्यक्त किया तथा यह आश्वस्त किया कि अपने स्तर से विद्यालय में किसी भी संसाधन की कमी नही होने दूंगा । रोड टू स्कूल के शिक्षक नागेन्द्र कुमार सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों से अपील किया कि विद्यालय में छात्रों के पतन पाठन व स्वास्थ्य पर पर विशेष ध्यान दिया जाता है । बच्चों के निगरानी हेतु सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरा व स्मार्ट टीवी की भी व्यवस्था है तथा शारिरिक विकास हेतु झूला,फुटबॉल, बॉलीवाल, बैटमिंटन, क्रिकेट सहित तमाम सुविधाएं उपलब्ध है जिसका आनंद बच्चों द्वारा लिया जाता है । इसलिए अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराते हुए प्रतिदिन विद्यालय अवश्य भेजे । शिक्षिकाएं रचना श्रीवास्तव व ऋतु कोरी ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए बच्चों को शुभाशीष दी । इस अवसर परआंगनवाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, रसोइया सहित अध्ययनरत सभी बच्चें व अभिभावकगण उपस्थित रहे ।

# समाधान दिवस में 44 फरियादें, 7 का निस्तारण मौके पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। शनिवार की सुबह नानपारा तहसील सभागार में हर कोने से फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुँचे। कोई आवास की आस लिए आया तो कोई श्मशान भूमि की रक्षा के लिए। उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 44 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 7 मामलों का निस्तारण वहीं मौके पर ही कर दिया गया। ग्राम ताजपुर निवासी भगवानदीन ने श्मशान भूमि पर कब्जे की शिकायत की, जबकि कहारनपुरवा की प्रेमा ने आवास योजना से वंचित होने का दर्द सुनाया। उपजिलाधिकारी ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरण जल्द निपटाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान तहसीलदार अंबिका चौधरी, कोतवाल रामाजा सिंह, राजा बाजार चौकी प्रभारी राम गोविंद वर्मा सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# गड्ढों में तब्दील पक्की सड़क, डामर गायब

**ग्रामीणों ने रोड बनवाने की लगाई गुहार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। सरकार के लाख प्रयास के बावजूद संबंधित विभाग के ठेकेदार वह अधिकारियों की खाऊ कमाऊ नीति के चलते जल्द ही बनी डामरी कृत रोड गड्ढों में तब्दील हो गई और ग्रामीणों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी कई बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारियों ने आज तक उसको बनवाना मुनासिब नहीं समझा जिसके चलते अधिकारियों व निर्माण करता ठेकेदारों के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बताते चलें कि, क्षेत्र के बारी गोहन्ना ग्राम सभा के गंगापुर कुटी गांव में नई आबादी के अंदर बनी लगभग 150 मीटर पक्की सड़क से डामर पूरी तरह गायब हो गया है। पक्की सड़क से डामर गायब होने के कारण ग्रामीण आए दिन गिरकर चोहटिल हो रहे हैं। जर्जर सड़क पर पानी भर जाने से गांव सहित आसपास के गांवों के राहगीरों को इस रास्ते से गुजरने पर परेशानी होती है। यह सड़क सेमरौता से गंगापुर कुटी होते हुये कोटवा मोहम्मदाबाद तक मार्ग है। गंगापुर कुटी स्थित नई आबादी के निवासी रामप्रताप (क्षेत्र पंचायत सदस्य) इंसान अली, रतिपाल प्रजापति, रामकुमार, सुखई, रामनरायन, रघुवीर, गुरु प्रसाद, नियामत अली आदि ने बताया कि लगभग 10 वर्ष पहले जिला पंचायत द्वारा इस सड़क का निर्माण कराया गया था। निर्माण कराये जाने के बाद आज तक किसी ने इस सड़क की तरफ मुड़कर नहीं देखा। इस पक्की सड़क से डामर पूरी तरह गायब हो गया है और जगह जगह पानी भर गया है, जिससे ग्रामीण पुरुष, महिलाएं व स्कूली बच्चे आयेदिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि, देखने से लगता ही नही है कि यह पक्की सड़क है।

# गुमिया ड्रेन पुल पर पड़ी गिट्टियां दुर्घटना को दे रही दावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी ।तहसील तिलोई क्षेत्र के कस्बा सेमरौता से इन्हौना मार्ग पर स्थित गुमिया ड्रेन के पुल पर कई महीनों से पड़े पत्थर दुर्घटना को दावत दे रहे हैं अब तक आधा दर्जन से अधिक राहगीर चोटहिल हो चुके हैं लेकिन लोक निर्माण विभाग कुम्भकर्णी नींद में सो रहा है और महकमे के खेवनहार शायद किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने नाराजगी जताई है।तहसील तिलोई क्षेत्र के कस्बा सेमरौता से इन्हौना मार्ग पर स्थित गुमिया ड्रेन के पुल का निर्माण लाखों रुपये की लागत से कराया गया है। इस पुल के निर्माण हो जाने से आम जनमानस के साथ ही राहगीरों में यह आस जगी थी कि अब बिना किसी रिश्क के सफर किया जा सकता है। इस पुल का निर्माण तो जैसे तैसे हो गया है लेकिन सड़क के किनारे की मिट्टी को खोदकर पुल के आसपास इतना गहरा कर दिया गया है कि अगर गलती से भी कोई वाहन नीचे चला जाय तो उसका ऊपर वाला ही मालिक है। गुमिया ड्रेन के पुल पर करीब तीन माह पूर्व बड़े बड़े पत्थर गिरा दिये गये है जो कि आवागमन में रोड़ा बने हुये है और राहगीरों को चोटहिल कर रहे हैं। बताते चलें कि पुल पर पड़े इन पत्थरों की चपेट में आने से आधा दर्जन से दो पहिया वाहन चालक चोटहिल हो चुके हैं और एक चौपहिया वाहन का भी क्षतिग्रस्त हो चुका है लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की आंखें नही खुल रही हैं वह कुम्भकर्णी नींद में सो रहे हैं और शायद किसी बड़े हादसे या फिर अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं।इसी मार्ग से दर्जनों स्कूली वाहन और हजारों की संख्या में स्कूली बच्चों का भी आवागमन है।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने बताया कि देर रात तक इस मार्ग पर वाहन चलते रहते हैं और आये दिन बाइक सवार दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं लेकिन इस विकराल समस्या को महकमे के जिम्मेदार अधिकारी नजर अंदाज कर मुंह फ़ेर रहे हैं। लोक निर्माण के अधिकारियों की कार्यप्रणाली से क्षेत्रीय नागरिकों ने उक्त समस्या को निस्तारित किये जाने की मांग आला अधिकारियों से की है।

**सेमरौता इन्हौना मार्ग पर अब तक आधा दर्जन से अधिक राहगीर हो चुके चोटहिल**

# अमेठी के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।तहसील अमेठी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम संजय चौहान ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण का निर्देश दिया।तहसील अमेठी में कुल आई बयालीस शिकायतों के सापेक्ष मात्र दो शिकायतों को मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील तिलोई में सत्ताइस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो का निस्तारण किया गया। तहसील मुसाफिरखाना में अठारह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक शिकायत का निस्तारण किया गया तथा तहसील गौरीगंज में इकतालीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो शिकायत का निस्तारण किया गया शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम आशीष कुमार सिंह, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, बीएसए संजय तिवारी के साथ ही तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**जनपद की चारों तहसीलों में आई एक सौ अठाइस में मात्र सात शिकायतों का हुआ निस्तारण**

## गणेश प्रतिमा विसर्जन से पहले डीएम व एसपी ने किया घाटों का निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गणेश प्रतिमा विसर्जन के मद्देनज़र जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार को तहसील मुसाफिरखाना क्षेत्र के इसौली घाट और आम घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।डीएम ने घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, नाव, गोताखोरों की तैनाती, पार्किंग व्यवस्था तथा आवागमन के लिए सुगम मार्ग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विसर्जन कार्यक्रम से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और कार्यक्रम सकुशल संपन्न कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया, क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह तथा संबंधित थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

## तहसीलदार सदर अपनी टीम के साथ लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंच कर वितरण कर रही खाद्य सामग्री

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में कई दिन हुई लगातार बारिश चारों तरफ पानी ही अपनी नजर आ रहा है बरसात तो रुक गई लेकिन पड़ोसी राज्य उत्तराखंड में स्थित नानकमत्ता बैराज से छोड़ेंगे पानी से जनपद में बाढ़ जैसी स्थिति हो गई हैं। चिड़ियादाह, चंदोई,नगर से सटी नगर पंचायत नौगामा सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पानी भर जाने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। उनके आगे आर्थिक स्थिति उत्पन्न हो गई है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया सड़कों पर पानी भर गया है। बाढ़ जैसे हालत होने पर तहसीलदार अपनी टीम के साथ विभिन्न जगहों पर निरीक्षण कर उनको मदद कर रही है। क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में तहसीलदार सदर अर्चि गुप्ता अपनी टीम के साथ बाढ़ पीड़ितों की मदद कर रही हैं। वह नगर पंचायत नौगामा पकड़िया सहित अन्य गांवों में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं सुन रही हैं और उन्हें खाद्य सामग्री उपलब्ध करा रही हैं। उनकी टीम में शहर कानूनगो एवं लेखपाल पुनीत सहित अन्य स्टाफ सहयोग कर रहे हैं। बाढ़ पीड़ित तहसीलदार और लेखपाल पुनीत की काफी प्रशंसा कर रहे हैं।उनका कार्य लगातार बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को सुनना और उनकी मदद करना उनकी दिनचर्या में शामिल हो गया है।शहर कानूनगो एवं लेखपाल पुनीत सहित अन्य स्टाफ का सहयोग उनको मिल रहा जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आसानी से खाद्य सामग्री उपलब्ध हो रही है।

## हाईकोर्ट अवध बार के अध्यक्ष एस चंद्रा का हुआ भव्य स्वागत

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर में इंट्री करते हुए अमहट के पास सीनियर अधिवक्ता अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एस चंद्रा व महासचिव ललित किशोर तिवारी का जिले में पहली बार आगमन पर फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालो में सीनियर अधिवक्ता चंद्र भान तिवारी, इसके बाद कलेक्ट्रेट कैंपस में पूर्व बार अध्यक्ष अरुण उपाध्याय के नेतृत्व में राम कुमार सिंह, रणजीत सिंह, विपिन मिश्र, अनुराग द्विवेदी, जयंत सिंह, चंद्रमणि पांडेय, अभिषेक मिश्र शामिल रहे। कमिश्नरी बार संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन दुबे समेत कई अधिवक्ताओं ने किया। श्री चंद्रा का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ फूल वर्षा की गई।

## सावधान! पशुओं में बढ़ा लम्पी वायरस का खतरा

सुल्तानपुर। कैनविज टाइम्स संवाददाता जिले में इन दिनों पशुओं में लम्पी वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है पशु चिकित्सकों के अनुसार यह एक गंभीर और जानलेवा रोग है, जिसका अभी तक कोई स्थाई इलाज नहीं खोजा जा सका है. लक्षणों के आधार पर ही उपचार होता है. अगर समय पर बीमारी की पहचान और इलाज न मिले, तो यह रोग पशुओं के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

जिले के दूबेपुर विकासखंड में पशुओं में लम्पी वायरस का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है क्षेत्र के भाईं, लौहर दक्षिण और आरडीह सहित कई गांवों में यह बीमारी देखने को मिल रही है। लम्पी वायरस एक संक्रामक रोग है जो खासतौर पर गाय और भैंस जैसे पशुओं में फैलता है. यह वायरस पशु के शरीर में पहुंचते ही उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है.संक्रमण की चपेट में आने पर पीड़ित पशु के शरीर पर गोल-गोल कठोर गांठें निकल आती हैं. इसके अलावा उन्हें तेज बुखार, आंख-नाक से पानी आना, लार का अधिक गिरना, थन सूज जाना और दूध की मात्रा कम होने लगती है. गंभीर स्थिति में पशु खाना-पीना भी छोड़ देता है और बहुत कमजोर हो जाता है। दूबेपुर विकास खंड के पशु चिकित्सक डॉ. राजेश वर्मा बताते हैं कि यह वायरस मुख्य रूप से मच्छर, मक्खी और टिक (कीड़े) के जरिए पशुओ में फैलता है। बरसात और नमी वाले मौसम में लम्पी वायरस का संक्रमण तेजी से बढ़ता है पशुओं के बचाव के लिए पशुओं को साफ-सुथरे और सूखे स्थान पर रखना चाहिए. मच्छर और मक्खियों से बचाने के लिए पशुओं पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करना चाहिए। डॉ वर्मा का कहना है कि लम्पी वायरस से घबराने की बजाय समय रहते सतर्क रहना जरूरी है. पशुपालकों को अपने पशुओं में जैसे ही लक्षण नजर आएं, तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण कराना जरूरी है। जल्द ही पशुओं के टीकाकरण का अभियान शुरू किया जाएगा।

## होम्योकेयर का शुभारंभ

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिविल लाइन स्थित जिला उद्योग केंद्र के सामने राजिता होम्योपैथी क्लीनिक का शुभारंभ शुक्रवार की शाम को किया गया। प्रसिद्ध सर्जन डॉ एके सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने क्लीनिक का फीता काटकर पूजन अर्चन कर विधिवत शुभारंभ किया। डॉ राजिता सिंह ने बताया कि होम्योपैथी वर्तमान समय की सबसे कारगर इलाज में से एक है। क्लीनिक में विभिन्न रोगों के लिए परामर्श और उपचार मिल सकेगा। डॉ राजिता होम्यो केयर के उद्घाटन समारोह में जीआईसी के पूर्व प्रधानाचार्य अनिल सिंह, केएनआई के पूर्व प्राचार्य प्रो राधेश्याम सिंह, केएनआई के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष रंजना सिंह, संस्कृत विभागाध्यक्ष वंदना सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो प्रवीण सिंह, प्रो किरन सिंह, प्रो सुशील सिंह, जीआईसी के प्रधानाचार्य विजय कुमार सिंह, केशव प्रसाद सिंह, रणधीर सिंह, डॉ एमपी सिंह, एसपी सिंह, भानु प्रताप सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित गांव के मसीहा बने प्रधान विवेकानंद सरकार हो रही चारों तरफ प्रशंसा लगातार नाव पर बैठकर वितरण कर रहे खाद्य सामग्री



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के युवा शिक्षित ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए हैं। वह नाव पर बैठकर बाढ़ पीड़ितों के पास पहुंचकर खाद्य सामग्री वितरित कर रहे हैं। उनकी इस पहल की चारों तरफ प्रशंसा हो रही है, और ग्रामीण उन्हें मसीहा के रूप में देख रहे हैं। ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार लगातार बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए लगातार प्रयासरत हैं।ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार नाव पर बैठकर बाढ़ पीड़ितों तक पहुंच रहे हैं और उन्हें खाद्य सामग्री प्रदान कर रहे हैं। प्रधान की टीम बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान कर रही है। ग्रामीण ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार की प्रशंसा कर रहे हैं और उन्हें बाढ़ पीड़ितों के लिए मसीहा के रूप में देख रहे हैं। प्रधान विवेकानंद सरकार की इस पहल से बाढ़ पीड़ितों को काफी राहत मिल रही है और उनके चेहरों पर मुस्कान लौट रही है।प्रधान विवेकानंद सरकार ने बताया कि अन्य जगहों पर भी बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए प्रयास जारी हैं।ग्राम प्रधान लगातार अपनी ग्राम पंचायत के रहने वाले प्रत्येक ग्रामीण की चिंता में लगे रहते हैं। उनको सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कई बार देश और प्रदेश की राजधानी लखनऊ और दिल्ली में जा चुके हैं। उन्होंने अपने मन ठाना है। कि अपनी ग्राम पंचायत को एक आदर्श ग्राम पंचायत बनाएंगे जिसकी मिसाल पूरे जनपद में पेश हो सके।जिसके लिए उनका प्रयास लगातार जारी है और आगे भी जारी रहेगा।

# डीएम साहब ! अमेठी जनपद में मुर्दों को बांटा जा रहा नि:शुल्क राशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । आपको जानकर हैरानी होगी लेकिन यह सच है कि जनपद की सैकड़ों ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों में आज भी मुर्दों को निःशुल्क राशन वितरित किया जा रहा है।आपूर्ति महकमा इस मामले पर मौनधारण कर उचित दर विक्रेताओं का मददगार बना हुआ है और वर्षो पूर्व जान गंवा चुके कार्डधारकों के परिजन लाखो रुपया महीना सरकार को चूना लगाने से बाज नही आ रहे हैं।प्रदेश सरकार द्वारा अन्त्योदय कार्ड धारकों को प्रति माह पैंतीस किलो तो पात्र गृहस्थी योजना के कार्ड धारकों को प्रति यूनिट पांच किलो खाद्यान्न अनवरत कई वर्षो से निःशुल्क वितरित किया जा रहा है। जनपद अमेठी के तेरह ब्लाकों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की ग्रामीण इलाकों में सात सौ तिरपन दुकानें और नगरीय क्षेत्रों में एक दर्जन दुकानें हैं। जनपद की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की इन दुकानों पर पात्र गृहस्थी योजना के दो लाख सत्तर हजार एक सौ सत्रह तो अन्त्योदय योजना के उनहत्तर हजार नौ सौ अरसठ राशन कार्ड बने हैं।नगरीय इलाकों में पात्र गृहस्थी योजना के छह हजार छह सौ तैतालिस व अन्त्योदय योजना के चार सौ दो राशन कार्ड बने हैं।जनपद में पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्ड बनाने में जगदीशपुर विकास खण्ड प्रथम स्थान तो अन्त्योदय योजना के राशनकार्ड बनाने में सिंहपुर ब्लाक प्रथम स्थान पर है। जगदीशपुर ब्लाक में पैंतीस हजार तीन सौ अड़तालिस पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्ड बने हुये है।विकास खण्ड सिंहपुर में आठ हजार तीन सौ पचास राशन कार्ड अन्त्योदय योजना के तहत बनाये गये है। नगरीय इलाकों में नगर पालिका परिषद जायस में पात्र गृहस्थी योजना के तीन हजार छह सौ तिहत्तर कार्ड बनाकर पहला स्थान हासिल किया है तो अन्त्योदय राशन कार्ड बनाने में नगर पंचायत अमेठी पहले स्थान पर है नगर पंचायत अमेठी में अन्त्योदय योजना के एक सौ बावन राशन कार्ड बने हैं। सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि बीते कई वर्षों में हजारों की संख्या में लोगों की मौत हुई लेकिन उनका नाम आज भी राशनकार्ड में अंकित है और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा उनको आज भी खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। तहसील से लेकर जनपद तक के अधिकारी इस मामले पर मौन धारण किये हुये है।

## डीएम कायार्लय के अनूप का प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन खेल में चयन

सुलतानपुर। जिले के डीएम कार्यालय में तैनात अनूप कुमार गुप्ता ने केन्द्रीय सिविल सर्विसेज सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025-26 हेतु उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए अयोध्या संभाग के सुलतानपुर जनपद से चयन हुआ। यह सेलेक्शन ट्रायल 03-04 सितंबर को अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, प्रयागराज में आयोजित किया गया। इस ट्रायल में प्रदेश भर के संभागों के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने कोच मनीष गुप्ता के सानिध्य में प्रतिभाग किया। अयोध्या मंडल की तरफ से सुलतानपुर के जिलाधिकारी कार्यालय के अनूप कुमार गुप्ता का चयन किया गया। सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। अनूप कुमार गुप्ता ने पुरुष ओपेन वर्ग में में स्थान हासिल कर प्रदेश में सुलतानपुर जनपद का गौरव बढ़ाया। कलेक्ट्रेट में आयुध, आईजीआरएस व अन्य पटलों का कार्य संभालने के साथ ही अनूप ने यह मुकाल हासिल किया है।

# 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक भाजपा ''सेवा पखवाड़ा'' के रूप में मनायगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक भाजपा ''सेवा पखवाड़ा'' के रूप में मनायगी मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दुग्विजय शाक्य रहें।विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी गुलशन आनन्द रहें।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने की सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री अमित अग्रवाल ने संचालन किया ,सह संयोजक अनुराग अग्निहोत्री,सत्यपाल वर्मा,संतराम राठौर,शिवम जयसवाल ने किया। मंचासीन अतिथियों में माननीय बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, जिला महामंत्री दिनेश पटेल, लेखराज भारती, महादेव ग्यान,नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल,ब्लॉक प्रमुख बीसलपुर अशोक शर्मा,मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा,युवा मोर्चा अध्यक्ष चेतन शर्मा,अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष संतनाम सिंह,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष डालचंद वर्मा,अनूसूचित मोर्चा अध्यक्ष शांति स्वरूप सोनकर, किसान मोर्चा अध्यक्ष महेश वर्मा उपस्थित रहे। भाजपा जिला कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत ''जिला कार्यशला'' आयोजित की गई।17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत जिले भर में वृहद रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा।मुख्य अतिथि ने कहा कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव के साथ यह सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रम प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर गांधी जी की जयंती तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनायेंगे।जिसमें 17 सितम्बर से 24 सितम्बर तक पूरे जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य शिविर लगायें जायेंगे।रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री के जीवन पर जिला स्तर पर प्रदर्शनी लगाई जायेगी और चारों विधानसभाओं में भी यह प्रदर्शनी लगाई जायेगी।19 एवं 20 सितम्बर को प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन किये जायेंगे।21 सितम्बर को मैराथन दौड़ की जायेगी।25 सितम्बर पं दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर स्वदेशी अपनाओ,आत्मनिर्भर भारत एवं स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

एक पेड़ मां के नाम भी इन कार्यक्रमों के साथ किया जायेगा।जिला एवं मंडल स्तर पर रहने वाले सामाजिक,धार्मिक,खेल, सम्मानित शिक्षक एवं विभिन्न क्षेत्रों में वरिष्ठ लोगों को एक कार्यक्रम में बुलाकर उनका सम्मान करना।

दिव्यागजनों को उपक्रम वितरण करना।

2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उनके चित्रों पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर जिला एवं मंडल स्तर पर गोष्ठी करेंगे।ऐसे विभिन्न कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी एवं मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहकर सभी कार्यक्रम को सफल बनायेंगे।

इस कार्यक्रम जिला महामंत्री लेखराज भारती,जिला उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी,रेखा सिंह परिहार, जिला मंत्री संजीव मोहन अग्रवाल,आयुष मिश्रा,जिला मीडिया प्रभारी स्वतंत्र देवल, जिला कार्यालय मंत्री हेमराज दिवाकर, सुमित गंगवार, अमरीश शर्मा, पीयूष अग्रवाल,जिला सोशल मीडिया प्रभारी अनिक पाण्डेय, रेनूराज,अनुरिता सक्सेना, मंडल अध्यक्ष इन्देश चौहान,हर्ष प्रधान,सुमित सागर,हरिशंकर वर्मा, संजीव मौर्य में उपस्थित रहे हैं।

# भाजपा के गढ़ में सेंध, बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख और जिलापंचायत अध्यक्ष सुभासपा में होंगे शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। सुल्तानपुर की राजनीति में इस वक्त सबसे बड़ा उलटफ़ेर सामने आने वाला है। बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह और जिलापंचायत अध्यक्ष ने भाजपा से किनारा कर, भाजपा के ही सहयोगी दल सुभासपा में शामिल होने का मन बना लिया है। यह कदम न केवल जिले की राजनीति को हिला देने वाला है बल्कि इसौली विधानसभा के समीकरण पर भी प्रभाव डालेगा। छह सितंबर को बल्दीराय ब्लॉक सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुभासपा जिलाध्यक्ष विनीत सिंह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि 17 सितंबर को एक विशाल जनसभा में मंत्री ओम प्रकाश राजभर की मौजूदगी में दोनों नेता सुभासपा का दामन थामेंगे। उन्होंने स्पष्ट संकेत दिए कि पार्टी इसौली से शिवकुमार सिंह को मजबूत प्रत्याशी के रूप में उतार सकती है।

सहयोगी दल ही दे रहा भाजपा को बड़ा झटका , जिला की राजनीति में आयेगा भूचाल पत्रकारों ने जब सवाल किया कि क्या भाजपा के ही ब्लॉक प्रमुख और जिलापंचायत अध्यक्ष को सुभासपा में लाना भाजपा को बड़ा झटका नहीं है, तो विनीत सिंह ने पलटवार किया ह्लवे घटक दल के भीतर ही आ रहे हैं, इसे झटका कैसे कहा जा सकता है? जिन सीटों पर भाजपा लगातार हारती आई है, वहां से सुभासपा अपने प्रत्याशी उतारेगी। उनका यह बयान पूरे राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बन गया है। माना जा रहा है कि भाजपा का सहयोगी दल होते हुए भी सुभासपा अब सीधे-सीधे भाजपा के प्रभावशाली चेहरों को अपने पाले में खींचकर चुनौती देने की तैयारी कर रही है। इससे जिले की राजनीति में भूचाल आना तय माना जा रहा है। विनीत सिंह ने दावा किया कि वह संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती देने में जुटे हैं। इस मौके पर जिला महासचिव मनोज शर्मा, प्रमुख महासचिव संतोष राणा समेत लगभग आधा दर्जन ग्रामप्रधान भी मौजूद रहे। सबसे अहम बात यह रही कि खुद बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह भी मीटिंग में पहुंचे और उनकी मौजूदगी ने सियासी कयासों को और हवा दे दी। फिलहाल, यह तय माना जा रहा है कि 17 सितंबर की जनसभा सुल्तानपुर की राजनीति में हलचल बना सकती है।

# पानी में डूबने पर बालक की हुई मौत शौक संवेदना व्यक्त करने पहुंची ब्लॉक प्रमुख



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने विकासखंड मरौरी की ग्राम पंचायत जनकपुरी औरैया में एक दुखद घटना के बाद शोक संवेदना प्रकट करने के लिए परिवार से मुलाकात की अनुज नामक एक बालक की पानी से भरे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई थी, जब वह अपने पिता को खेत से बुलाने गया था। ब्लॉक प्रमुख ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और उन्हें इस कठिन समय में धैर्य और साहस प्रदान करने का प्रयास किया। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने अनुज के परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी है। उन्होंने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें इस दुख की घड़ी में हर संभव सहायता देने का प्रयास किया है। ब्लॉक प्रमुख ने परिवार को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और उन्हें इस कठिन समय में साथ देने का वादा किया है।इस तरह की घटनाओं में शोक संवेदना प्रकट करना और पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहना एक महत्वपूर्ण सामाजिक और मानवतावादी भूमिका है। जो ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने निभाई है।

## राहतकारी जीएसटी

जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के बाद घोषित जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू करने करने की घोषणा की गई है। जिसमें अब 12 व 28 फीसदी के दो स्लैब को खत्म करके सिर्फ 5 व 18 फीसदी कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि यह सरकार की ओर से आर्थिक सुधारों की कड़ी में एक नई पहल है, जिससे जीएसटी को तार्किक बनाने व आम जनता को महंगाई से राहत देने का प्रयास है। वहीं दूसरी ओर विलासिता आदि वस्तुओं के लिये चालीस फीसदी का एक नया स्लैब जोड़ा गया है। विपक्ष इसे देर से उठाया गया कदम बता रहा है, तो सरकार आर्थिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम। वहीं कुछ अर्थशास्त्री इस कदम को ट्रंप के टैरिफ वॉर के परिप्रेक्ष्य में उठाया गया सुरक्षात्मक कदम मानते हैं। जिससे घरेलू खपत को बढ़ाकर निर्यात घाटे को कम किया जा सके। वहीं कुछ लोग इसे नवरात्र में दिवाली से पहले सरकार का तोहफा बता रहे हैं। माना जा रहा है कि सरकार की सोच है कि आर्थिक सुधारों के जरिये घरेलू उपभोग व निवेश को बढ़ाया जाए। निस्संदेह, इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का विस्तार होगा। यही वजह है कि कुछ अर्थशास्त्री जीएसटी दरों को घटाने को साहसी व दूरदर्शी कदम बताते हैं, जो उपभोक्ता के उपभोग को बढ़ाएगा। उल्लेखनीय है कि सरकार ने एक जुलाई 2017 को पूरे देश में जीएसटी लागू किया था। उसके बाद समय-समय पर विभिन्न उत्पादों की दरों में परिवर्तन किए जाते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद विपक्षी दलों द्वारा शासित सरकारें कई उत्पादों पर जीएसटी दरें तार्किक बनाने की मांग करती रही हैं। जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर घटाने की मांग की थी। इतना ही नहीं, कुछ उद्योगों, विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों व जन-स्वास्थ्य से जुड़ी वस्तुओं के उत्पादकों द्वारा जीएसटी कम करने की मांग की जाती रही है। इसी तरह किसान संगठन भी कृषि उत्पादों पर कर कम करने की मांग करते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जीएसटी दरों में बदलाव की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। उनका मानना है कि इसकी पृष्ठभूमि में ट्रंप के टैरिफों को कम करने की कवायद भी है ताकि घरेलू उपभोग बढ़ाया जा सके और सस्ते निर्यात को बढ़ावा मिल सके। कालांतर इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिल सकेगी। इसका संकेत प्रधानमंत्री ने पंद्रह अगस्त को लाल किले से संबोधन में भी दिया था। वहीं आगामी वर्ष मार्च में राज्यों को राहत देने वाले कम्पंसेशन सेस की समाप्ति से पहले राज्यों को राहत देने के लिये भी यह कदम उठाया गया हो सकता है। निस्संदेह, इस कदम से सरकारी खजाने में जीएसटी कम आएगा, लेकिन आर्थिक विशेषज्ञ मानते हैं कि विलासिता की वस्तुओं पर चालीस फीसदी का जीएसटी सरकार के घाटे की पूर्ति में किसी हद तक मदद करेगा। फिर भी कहा जा रहा है कि सरकार को अड़तालीस हजार करोड़ का नुकसान हो सकता है, लेकिन चीजें सस्ती होने पर उपभोग वृद्धि से सरकार को राहत मिल सकती है। वहीं कहा जा रहा है कि असंगठित क्षेत्र को जीएसटी कटौती दर का लाभ नहीं मिलेगा। अर्थशास्त्री लंबे समय से मांग करते रहे हैं कि देश में सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले असंगठित क्षेत्र को आर्थिक सुधारों का लाभ दिया जाना चाहिए। बहरहाल, इतना तय है कि जीएसटी दरों में कमी से उपभोक्ता मांग में वृद्धि होगी तो अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। आम आदमी कम पैसे में ज्यादा सामान खरीद पाएगा। वैसे यहां यह बात महत्वपूर्ण है कि इस बदलाव से वास्तव में आम उपभोक्ता को कितना फायदा होता है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उद्योग कर कटौती का लाभ उपभोक्ता तक कैसे पहुंचाते हैं। साथ ही नियामक कितनी सतर्कता से अनुपालन सुनिश्चित करते हैं। निस्संदेह यह सही दिशा में उठाया गया एक कदम है। लेकिन यह कितना लाभ आम आदमी को पहुंचाएगा, इस बात पर निर्भर करेगा कि सुधार को कितनी निरंतरता और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाता है।

# शिक्षा : संघर्ष से अधिकार तक की यात्रा

आज हम यह मानकर चलते हैं कि हर बच्चे को शिक्षा पाने का अधिकार है, परंतु यह अधिकार हजारों वर्षों की असमानता, संघर्ष और त्याग के बाद ही हमें मिला है। यदि इतिहास के पन्नों को पलटें तो पाएँगे कि जिस शिक्षा को अमृत कहा गया, वह सदियों तक केवल कुलीन और उच्च वर्ग तक सीमित रही। समाज का बड़ा हिस्सा शूद्र, दलित और स्त्रियाँ ज्ञान से वंचित कर दिए गए। यही कारण है कि भारतीय शिक्षा का इतिहास केवल ज्ञान का प्रसार नहीं, बल्कि भेदभाव और संघर्ष से अधिकार पाने की गाथा भी है। प्राचीन भारत में महर्षि व्यास ने वेदों का संकलन किया और महाभारत रचकर ज्ञान को लोकभाषा के माध्यम से आमजन तक पहुँचाने का प्रयास किया। पाणिनि ने संस्कृत व्याकरण को व्यवस्थित किया ताकि भाषा के माध्यम से ज्ञान अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके। चाणक्य ने तक्षशिला विश्वविद्यालय में राजनीति और अर्थशास्त्र का अध्ययन कराया और शिक्षा को शासन और समाज सुधार से जोड़ा। आर्यभट्ट ने गणित और खगोलशास्त्र के द्वारा यह बताया कि शिक्षा केवल धर्मग्रंथों तक सीमित नहीं, बल्कि विज्ञान और ब्रह्मांड की जिज्ञासाओं तक फैली है। लेकिन यह भी सच है कि इस समय शिक्षा का अधिकार समाज के सीमित वर्ग तक ही था। आम जनता और स्त्रियों के लिए शिक्षा के द्वार लगभग बंद थे। इस विषमता को तोड़ने का बीड़ा मध्यकाल के संतों ने उठाया। कबीर ने दोहों और भजनों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि शिक्षा का सार जीवन के आचरण और मानवता में है, न कि केवल पोथियों में। रविदास ने समानता का संदेश दिया और गुरु नानक देव ने भाईचारे और नैतिकता की शिक्षा देकर सामाजिक बंधनों को चुनौती दी। ये सभी संत शिक्षा को सामाजिक न्याय और मानवीय चेतना का माध्यम बना रहे थे। औपनिवेशिक काल में अंग्रेजों ने शिक्षा को सीमित वर्ग और अपने प्रशासनिक ढांचे तक सीमित रखने की कोशिश की। लेकिन इसी समय भारतीय समाज में शिक्षा का नया जागरण हुआ। राजा राममोहन राय ने आधुनिक शिक्षा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया। ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने बालिकाओं के लिए विद्यालय खोले और विधवा विवाह जैसे सुधारों से शिक्षा को जीवन-सुधार का साधन बनाया। ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने वंचित वर्गों और स्त्रियों को शिक्षित करने का आंदोलन चलाया। सावित्रीबाई फुले पर जब रास्ते में कीचड़ और पत्थर फेंके जाते, तब वे अतिरिक्त साड़ी लेकर निकलतीं ताकि विद्यालय जाकर बच्चों को पढ़ाना न रुके। उनका यह त्याग शिक्षा के इतिहास की अमर गाथा है। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने शिक्षा को दलितों और वंचित समाज की मुक्ति का सबसे बड़ा हथियार बताया। कठिन परिस्थितियों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर उन्होंने यह दिखाया कि शिक्षा सामाजिक न्याय की कुंजी है। उन्होंने दलितों, पिछड़ों और स्त्रियों के लिए शिक्षा को संवैधानिक अधिकार बनाने की लड़ाई लड़ी। उनकी प्रेरणा से ही शिक्षा समानता और अधिकार की दिशा में आगे बढ़ सकी। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान शिक्षा को राष्ट्रीय जागरण का हथियार बनाया गया। महात्मा गांधी ने ''नई तालीम'' की अवधारणा दी, जिसमें शिक्षा और श्रम को जोड़ा गया। उनका मानना था कि शिक्षा केवल दिमाग का नहीं, बल्कि हाथ और दिल का भी विकास करे। रवींद्रनाथ ठाकुर ने शांति निकेतन की स्थापना कर शिक्षा को प्रकृति, कला और सृजनशीलता से जोड़ा। मदन मोहन मालवीय ने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय और सर सैयद अहमद खान ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना कर शिक्षा को राष्ट्र और समुदाय के उत्थान से जोड़ा। आजादी के बाद शिक्षा के विस्तार के बावजूद असमानता बनी रही। अंततः लंबे संघर्षों और सामाजिक आंदोलनों के बाद 2009 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE Act, 2009) लागू किया गया। इसने 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा को मौलिक अधिकार घोषित किया। यह अधिनियम सदियों से चली आ रही उस लड़ाई का परिणाम था जिसमें शिक्षा को विशेषाधिकार से निकालकर सार्वभौमिक अधिकार बनाया गया। वर्तमान समय में शिक्षा ने डिजिटल माध्यमों से नई उड़ान भरी है।

प्राचीन भारत में महर्षि व्यास ने वेदों का संकलन किया और महाभारत रचकर ज्ञान को लोकभाषा के माध्यम से आमजन तक पहुँचाने का प्रयास किया। पाणिनि ने संस्कृत व्याकरण को व्यवस्थित किया ताकि भाषा के माध्यम से ज्ञान अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके। चाणक्य ने तक्षशिला विश्वविद्यालय में राजनीति और अर्थशास्त्र का अध्ययन कराया और शिक्षा को शासन और समाज सुधार से जोड़ा। आर्यभट्ट ने गणित और खगोलशास्त्र के द्वारा यह बताया कि शिक्षा केवल धर्मग्रंथों तक सीमित नहीं, बल्कि विज्ञान और ब्रह्मांड की जिज्ञासाओं तक फैली है। लेकिन यह भी सच है कि इस समय शिक्षा का अधिकार समाज के सीमित वर्ग तक ही था। आम जनता और स्त्रियों के लिए शिक्षा के द्वार लगभग बंद थे। इस विषमता को तोड़ने का बीड़ा मध्यकाल के संतों ने उठाया। कबीर ने दोहों और भजनों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि शिक्षा का सार जीवन के आचरण और मानवता में है, न कि केवल पोथियों में। रविदास ने समानता का संदेश दिया और गुरु नानक देव ने भाईचारे और नैतिकता की शिक्षा देकर सामाजिक बंधनों को चुनौती दी। ये सभी संत शिक्षा को सामाजिक न्याय और मानवीय चेतना का माध्यम बना रहे थे। औपनिवेशिक काल में अंग्रेजों ने शिक्षा को सीमित वर्ग और अपने प्रशासनिक ढांचे तक सीमित रखने की कोशिश की। लेकिन इसी समय भारतीय समाज में शिक्षा का नया जागरण हुआ। राजा राममोहन राय ने आधुनिक शिक्षा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया। ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने बालिकाओं के लिए विद्यालय खोले और विधवा विवाह जैसे सुधारों से शिक्षा को जीवन-सुधार का साधन बनाया। ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने वंचित वर्गों और स्त्रियों को शिक्षित करने का आंदोलन चलाया। सावित्रीबाई फुले पर जब रास्ते में कीचड़ और पत्थर फेंके जाते, तब वे अतिरिक्त साड़ी लेकर निकलतीं ताकि विद्यालय जाकर बच्चों को पढ़ाना न रुके। उनका यह त्याग शिक्षा के इतिहास की अमर गाथा है। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने शिक्षा को दलितों और वंचित समाज की मुक्ति का सबसे बड़ा हथियार बताया। कठिन परिस्थितियों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर उन्होंने यह दिखाया कि शिक्षा सामाजिक न्याय की कुंजी है। उन्होंने दलितों, पिछड़ों और स्त्रियों के लिए शिक्षा को संवैधानिक अधिकार बनाने की लड़ाई लड़ी। उनकी प्रेरणा से ही शिक्षा समानता और अधिकार की दिशा में आगे बढ़ सकी। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान शिक्षा को राष्ट्रीय जागरण का हथियार बनाया गया। महात्मा गांधी ने ''नई तालीम'' की अवधारणा दी, जिसमें शिक्षा और श्रम को जोड़ा गया। उनका मानना था कि शिक्षा केवल दिमाग का नहीं, बल्कि हाथ और दिल का भी विकास करे।

अब ज्ञान केवल विद्यालय और विश्वविद्यालय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इंटरनेट और ऑनलाइन मंचों के जरिए हर घर तक पहुँच रहा है। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने युवाओं को शिक्षा और विज्ञान के माध्यम से सपने देखने और उन्हें पूरा करने की प्रेरणा दी। आज खान सर जैसे शिक्षकों ने यूट्यूब और ऑनलाइन कक्षाओं से लाखों गरीब विद्यार्थियों तक शिक्षा पहुँचाई है। डॉ. विकास दिव्यकीर्ति जैसे शिक्षकों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को सुलभ और सार्थक बनाया है। ये आधुनिक समय के ''जन-शिक्षक'' हैं जिन्होंने शिक्षा को फिर से आंदोलन का रूप दिया है। यहाँ तक की यात्रा हमें यह सिखाती है कि भारत में शिक्षा केवल ज्ञान की खोज नहीं, बल्कि समानता और अधिकार की लम्बी संघर्षगाथा रही है। प्राचीन काल में शिक्षा सीमित वर्ग की जागीर थी, मध्यकाल में संतों ने इसे मानवता का पाठ बनाया, औपनिवेशिक काल में सुधारकों और समाज-सुधारकों ने इसके लिए संघर्ष किया, और आज यह संवैधानिक अधिकार बन चुकी है। निष्कर्षः आज जब हर बच्चा शिक्षा पाने का अधिकार रखता है, हमें याद रखना चाहिए कि यह अधिकार हमें यूँ ही नहीं मिला। यह उन महर्षियों, संतों, समाज सुधारकों और आधुनिक शिक्षकों की कठिन तपस्या, त्याग और बलिदान का परिणाम है जिन्होंने शिक्षा को जन-आंदोलन बनाया। सावित्रीबाई फुले की कीचड़ सनी साड़ी से लेकर डॉ. आंबेडकर की कलम तक, गांधी की नई तालीम से लेकर अब्दुल कलाम के सपनों तक और आज खान सर तथा विकास दिव्यकीर्ति की डिजिटल कक्षाओं तक–यह पूरी यात्रा बताती है कि शिक्षा सबसे बड़ा समता-दाता और समाज परिवर्तन का हथियार है। यदि हम शिक्षा को केवल नौकरी और परीक्षा तक सीमित कर देंगे तो यह उन महान आत्माओं का अपमान होगा। सच्चा विद्यार्थी वही है जो शिक्षा को अपने विकास के साथ-साथ समाज की बेहतरी का साधन बनाए। यही हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ी विरासत होगी और यही हमारे महान शिक्षकों को सच्ची श्रद्धांजलि। **–मो. सुलेमान, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर**

# रील्स की दुनिया और गुम होते सामाजिक आदर्श

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारत की सामाजिक चेतना कभी गांधी, नेहरू, भगत सिंह, अंबेडकर और सुभाष जैसे महापुरुषों की कहानियों से गढ़ी जाती थी। आज वही जगह सोशल मीडिया के वायरल सितारों ने ले ली है। लाखों फॉलोअर्स और लाइक्स वाले ब्लॉगर और रील-निर्माता युवाओं के नए रोल मॉडल बन बैठे हैं। मनोरंजन के नाम पर यह संस्कृति असली आदर्शों को धुंधला कर रही है। सवाल यही है कि क्या हमारी अगली पीढ़ी त्याग और संघर्ष की विरासत को याद रखेगी या सिर्फ़ ट्रेंडिंग वीडियो तक सीमित रह जाएगी? कभी इस देश की आत्मा अपने महापुरुषों के विचारों और संघर्षों में बसती थी। हमारे आदर्श थे महात्मा गांधी, जिन्होंने सत्य और अहिंसा से साम्राज्य को हिला दिया। भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद, जिन्होंने प्राणों की आहुति देकर युवाओं को साहस और बलिदान का संदेश दिया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस, जिनकी गूंज आज भी ''तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा'' में सुनाई देती है। डॉ. भीमराव अंबेडकर, जिन्होंने आधुनिक भारत के संविधान की नींव रखी। चौधरी छोटूराम, जिन्होंने किसानों और मजदूरों की आवाज़ बुलंद की और समाज में न्याय की लड़ाई लड़ी। यह वे लोग थे जो संघर्ष, त्याग और विचारशीलता के प्रतीक बने। गाँव की चौपाल से लेकर शहर की बैठकों तक, हर सभा और हर संस्थान में इन्हीं महापुरुषों की तस्वीरें लगती थीं। बच्चे इन्हीं के किस्से सुनकर बड़े होते थे। समाज में जो भी व्यक्ति आगे बढ़ना चाहता, वह इन आदर्शों से प्रेरणा लेता। त्याग, अनुशासन, साहस और समाजसेवा रोल मॉडल की परिभाषा हुआ करती थी। रोल मॉडल होना मतलब था दूसरों को प्रेरित करना, समाज को दिशा देना और भविष्य की पीढ़ी को ऊँचाइयों तक पहुँचाना। समय बदल गया। तकनीक और सोशल मीडिया ने पूरी तस्वीर उलट दी। अब रोल मॉडल का अर्थ समाज में गहरी छाप छोड़ने वाला महापुरुष नहीं, बल्कि वह व्यक्ति हो गया है जो कैमरे पर सबसे ज़्यादा शोर मचाए, जो सबसे अजीब हरकतें करे और जिसकी वीडियो सबसे ज़्यादा ''वायरल'' हो जाए। आज जिनके नाम युवा ज़ुबान पर हैं, वे न तो किसी आंदोलन के नायक हैं और न ही किसी बड़े विचारधारा के संवाहक। वे हैं ''गंवार फैमिली ब्लॉग'', ''टिंकू सूटों आली'', ''ढिमाकाणा सिंह कूल्हे मटकाण आला'' जैसे किरदार, जो केवल हंसी-मज़ाक, तड़क-भड़क या दिखावे के दम पर मशहूर हो गए। विडंबना यह है कि लोग इन्हें देखकर अपना समय, ऊर्जा और कभी-कभी अपनी सोच भी खर्च कर देते हैं। गाँव-गाँव और गली-गली में आज बच्चे और युवा इन्हीं यूट्यूब चैनलों, टिकटॉक-स्टाइल रीलों और इंस्टाग्राम लाइव वालों को अपने आदर्श मानने लगे हैं। जहाँ पहले बच्चे कहते थे कि वे बड़े होकर भगत सिंह या अंबेडकर जैसे बनना चाहते हैं, वहीं अब बहुत से बच्चे कहते मिलेंगे कि वे ''यूट्यूबर'', ''ब्लॉगर'' या ''इंफ्लुएंसर'' बनना चाहते हैं। सोशल मीडिया का यह चलन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है। यह धीरे-धीरे हमारे समाज की सोच और संस्कारों को प्रभावित कर रहा है। जब कोई महिला सिर्फ़ ध्यान खींचने के लिए अपने निजी रिश्तों को पब्लिक प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित करती है, जब पति-पत्नी की नोंकझोंक मनोरंजन बन जाती है, जब ''लुगाई लुगाई को अपणा खसम बताण लागी'' जैसी बातें ट्रेंड करने लगती हैं, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारे समाज का एक बड़ा हिस्सा मनोरंजन और मज़ाक के नाम पर गंभीर मूल्यों से दूर होता जा रहा है। यह बदलाव खतरनाक इसलिए है क्योंकि समाज वही बनता है जैसा वह अपने आदर्श चुनता है। अगर रोल मॉडल ऐसे लोग होंगे जो सिर्फ़ ताली और व्यूज़ के लिए अजीबोगरीब हरकतें करते हैं, तो आने वाली पीढ़ी त्याग और संघर्ष की जगह केवल सस्ते लोकप्रियता के रास्ते तलाशेगी। असली मेहनत, पढ़ाई, चिंतन और सामाजिक योगदान हाशिए पर चला जाएगा। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि इस ट्रेंड का एक आर्थिक पहलू भी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने लोकप्रियता को सीधा पैसे से जोड़ दिया है। जिसके वीडियो ज़्यादा चलेंगे, वह कमाई भी ज़्यादा करेगा। इस कारण लाखों युवा बिना सोचे-समझे इसी राह पर दौड़ पड़े हैं। वे समझते हैं कि समाज की सेवा करने से ज़्यादा फायदेमंद है एक मज़ाकिया वीडियो बनाना। यही कारण है कि महापुरुषों की जीवनी पढ़ने वाले युवाओं की संख्या घटती जा रही है, जबकि ''कंटेंट क्रिएटर'' बनने वाले युवाओं की भीड़ बढ़ती जा रही है।

### सेहत मंत्र

## सर्दी–जुकाम से लेकर कमर दर्द, हर तरह की परेशानियों को दूर करता है अदरक

अदरक हर घर में पाई जाने वाली एक बेहतरीन औषधि है। सुबह की चाय से लेकर रात की सब्जी तक में लोग अदरक का प्रयोग करते हैं। वहीं कई छोटी?मोटी स्वास्थ्य परेशानियां होने पर भी अदरक का प्रयोग लोग बतौर घरेलू नुस्खों के रूप में करते हैं। इससे पैसों की बचत तो होती है ही, साथ ही शरीर पर किसी तरह का साइडइफ़ेक्ट नहीं होता। तो चलिए जानते हैं अदरक के कुछ बेजोड़ घरेलू नुस्खों के बारे में? अपच की समस्याः अगर आपको भोजन के डाइजेशन में परेशानी हो रही है तो आप अदरक का सेवन करें। इसके लिए अदरक के रस को नींबू के रस में मिलाकर गर्म पानी के साथ भोजन के पश्चात लें। इससे आपको भोजन के डाइजेशन में आसानी होगी। वैसे अदरक अपच के अतिरिक्त पेट संबंधी अन्य परेशानियों को भी दूर करता है। इसके लिए आप भोजन से पहले अदरक के ऊपर नमक छिड़क इसका सेवन करें। ऐसा करने से आपके मुंह में लार बढ़ती है जो पेट की सभी समस्याओं से बचाव करने में सक्षम करता है। वहीं अगर आपको पेट फूलने या पेट की गैस को कम करना है, तो आप भोजन के कुछ देर बाद अदरक की चाय पीएं। खांसी-जुकामः खांसी-जुकाम को दूर करने में अदरक से बेहतर दूसरा कोई उपाय हो ही नहीं सकता। इसके लिए अदरक का रस निकालकर उसे शहद में मिलाकर सेवन करें। इससे गले की खराश, खांसी व जुकाम से आराम मिलेगा। वहीं अगर आपको खांसी के साथ बलगम की भी समस्या है तो आप दूध में अदरक उबालें और रात को सोने से पहले इस गरमा-गरम दूध का सेवन करें। कुछ दिनों तक ऐसा करने से आप पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। बस अदरक का दूध पीने के बाद पानी पीने से परहेज करें।

### धर्म मंत्र

## श्रीकृष्ण सच्चे अर्थों में सृष्टि के कुशल महाप्रबन्धक

भगवान श्रीकृष्ण हमारी संस्कृति के एक अद्भुत एवं विलक्षण राष्ट्रनायक हैं। श्रीकृष्ण का चरित्र एक प्रभावी एवं सफल मैंनेजमेंट गुरु वाले लोकनायक का चरित्र है। वह द्वारिका के शासक भी है किंतु कभी उन्हें राजा श्रीकृष्ण के रूप में संबोधित नहीं किया जाता। वह तो ब्रजनंदन है। कुशल प्रबंधन सोच के कारण ही समाज एवं राष्ट्र व्यवस्था उनके लिये कर्त्तव्य थी, इसलिये कर्त्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिये उसे कभी नकारा नहीं। वे प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों की संयोजना में सचेतन बने रहे। श्रीकृष्ण के प्रबंधन रहस्य को समझना होगा कि उन्होंने किस प्रकार आदर्श राजनीति, व्यावहारिक लोकतंत्र, सामाजिक समरसता, एकात्म मानववाद और अनुशासित सैन्य एवं युद्ध संचालन किया। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए किस तरह की नीति और नियत चाहिए- इन सब प्रश्नों के उत्तर श्रीकृष्ण के प्रभावी प्रबंधन सूत्रों से मिलते हैं। श्रीकृष्ण के आदर्शों से ही देश एवं दुनिया में शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। सही प्रबंधन के बिना किसी भी कार्य से श्रेष्ठतम परिणाम प्राप्त नहीं किये जा सकते। जिस तरह जीवन के प्रत्येक कार्य में सुनिश्चित सफलता के लिये सही प्रबंधन अति आवश्यक है, उसी तरह सही ढंग से जीने एवं सार्थक जीवन के लिये भी सही प्रबंधन जरूरी है। श्रीकृष्ण ने मैंनेजमेंट गुरु की भूमिका निभाते हुए सफल एवं सार्थक जीवन जीने के प्रबंधन सूत्र दिये, जो सदियों से सम्पूर्ण मानवजाति का पथ-दर्शन कर रहे हैं।

### पर्यटन



## कन्याकुमारी में आप देख सकते हैं सूरज और चांद को एक साथ

कश्मीर से कन्याकुमारी तक.. समूचे देश की बात होने पर अक्सर इस जुमले का इस्तेमाल होता है। देश के दो छोरों पर स्थित ये इलाके न केवल कुदरती सौंदर्य, बल्कि पर्यटन के लिहाज से भी अव्वल रहे हैं। कन्याकुमारी को अक्सर धार्मिक स्थल के रूप में मान्यता दी जाती है लेकिन यह शहर आस्था के अलावा कला व संस्कृति का भी प्रतीक रहा है। तीन समुद्रों हिंद महासागर, अरब सागर, बंगाल की खाड़ी के संगम पर स्थित यह शहर 'एलेक्जेंड्रिया ऑफ ईस्ट' भी कहा जाता है। दूर-दूर फैले समंदर की विशाल लहरों के बीच आपको यहां जो सबसे अधिक लुभा सकता है वह है यहां का सूर्योदय और सूर्यास्त का नजारा। चारों ओर प्रकृति के अनंत स्वरूप को देखकर ऐसा लगता है मानो पूर्व में सभ्यता की शुरुआत यहीं से हुई थी। जब आप कन्याकुमारी मंदिर यानी माता अम्मन के मंदिर जाते हैं तो यह आवाज आपकी आस्था को और बढ़ाने का काम करेगी। मान्यता के अनुसार देवी आदिशक्ति के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक कन्याकुमारी माता (अम्मन) मंदिर भी है। तीन समुद्रों के संगम स्थल पर स्थित यह एक छोटा-सा मंदिर है जो मां पार्वती को समर्पित है। लोग मंदिर में प्रवेश करने से पहले 'त्रिवेणी संगम' में डुबकी लगाते हैं, जो त्रिवेणी मंदिर के बाईं ओर 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। मंदिर का पूर्वी प्रवेश द्वार को हमेशा बंद रखा जाता है, क्योंकि मंदिर में स्थापित देवी के आभूषणों की रोशनी से समुद्री जहाज इसे लाइटहाउस समझने की भूल कर बैठते हैं और जहाज को किनारे करने के चक्कर में दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं! यदि यह कहें कि कन्याकुमारी आने की सबसे बड़ी वजहों में एक यह भी है कि लोग कुदरत की सबसे अनूठी चीज देखने आते हैं तो गलत नहीं होगा। यह अनूठी चीज है चांद और सूरज का एक साथ नजारा। पूर्णिमा के दिन यह नजारा और हसीन होता है। दरअसल, पश्चिम में सूरज को अस्त होते और उगते चांद को देखने का अद्भुत संयोग केवल यहीं मिलता है। 31 दिसंबर की शाम इस साल को विदा कीजिए और अगले दिन तड़के वहीं जाकर नए साल की आगवानी करने का सुख भी पा सकते हैं आप।

# डॉ. राजेंद्र प्रसाद दुबे की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा के साथ आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर, बाराबंकी। विश्व हिंदू परिषद बाराबंकी के पूर्व विभाग मंत्री एवं समाजसेवी चिकित्सक डॉ. राजेंद्र प्रसाद दुबे की प्रथम पुण्यतिथि पर रामनगर कस्बे में श्रद्धांजलि सभा और विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुढ़वल चौराहा स्थित कार्यालय पर हनुमान चालीसा पाठ और श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई। कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पौधारोपण के साथ मरीजों व तीमारदारों को फल, पानी और बिस्कुट वितरित किए गए। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश ने कहा कि डॉ. दुबे संगठन और समाज दोनों में ही अपनी सेवाओं के लिए याद किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य ने उन्हें कुशल संगठक, प्रतिष्ठित समाजसेवी और योग्य चिकित्सक बताया। आरएलबी प्रबंधक रामकिशोर शुक्ला ने कहा कि उनका न रहना हम सबके लिए अपूर्ण क्षति है, वे हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।इस अवसर पर सीएचसी प्रांगण में पीपल, बरगद, पाकड़, नीम, गुलमोहर, जामुन और आम समेत दो दर्जन से अधिक पौधे रोपे गए। कार्यक्रम का संचालन वीएचपी जिला मंत्री राहुल कुमार वर्मा ने किया।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में इंद्रेश, रामनाथ मौर्य, रामकिशोर शुक्ला, अवधेश अग्रवाल, डॉ. प्रणव कुमार श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन मौजूद रहे। वहीं सुमित्रा प्रसाद, विनय मिश्रा, रमाकांत वर्मा, आशुतोष दुबे, विनय वर्मा, चंदन सिंह, सुमन अवस्थी, मोनिका दीक्षित, दिव्य प्रकाश, भानु, सुनील गौतम, पप्पू यादव, उमेश गोलू, मूलचंद व अमित चौहान आदि ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# जब बिटिया ने लिखा दर्द भरा पत्र एसडीएम ने थामा जिम्मेदारी का हाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी । समाधान दिवस पर पहुंचे सैकड़ों फरियादियों के बीच एक ऐसा पत्र सामने आया, जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर दीं। यह शिकायती पत्र किसी जमीन विवाद, बिजली बिल या सड़क की मांग का नहीं था, बल्कि एक मासूम बिटिया की शिक्षा से जुड़ी करुण पुकार थी।कस्बा हैदरगढ़ के पूरे मितई वार्ड निवासी स्व. राकेश की पुत्री राधिका ने समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी श्री राजेश विश्वकर्मा को पत्र सौंपा। पत्र में लिखा था कि उसके पिता का हाल ही में निधन हो गया है, जिसके बाद परिवार पर जीविकोपार्जन तक का संकट आ गया है। घर की बिगड़ी परिस्थितियों के चलते अब स्कूल की फीस भरना असंभव हो गया है। ऐसे में वह और उसकी बहन अनुराधा तथा भाई रणवीर, जो प्रकाश इंटर कॉलेज में अध्ययनरत हैं, आगे पढ़ाई जारी नहीं रख पा रहे। बिटिया ने अपने शिकायती पत्र में सिर्फ इतना अनुरोध किया था कि कॉलेज से उनका स्थानांतरण प्रमाण पत्र दिलवा दिया जाए। पत्र पढ़ते ही समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम राजेश विश्वकर्मा आवाक रह गए। बिटिया की शिक्षा की ललक ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया। उन्होंने बिना देर किए कॉलेज प्रबंधन से वार्ता की और तत्काल घोषणा करते हुए कहा कि अब बच्चों की संपूर्ण पढ़ाई की जिम्मेदारी वे स्वयं उठाएंगे।यह उदार और मानवीय निर्णय सुनते ही न सिर्फ बच्ची की आंखों से आंसू बह निकले, बल्कि वहां मौजूद अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीण भी भावुक हो उठे। क्षणभर के लिए समाधान दिवस का माहौल मानवीय करुणा और संवेदनशीलता से सराबोर हो गया।एक अधिकारी का यह कदम केवल तीन बच्चों की जिंदगी ही नहीं बदलता, बल्कि पूरे समाज के लिए मिसाल बनता है। एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने साबित कर दिया कि प्रशासनिक पद केवल आदेश देने के लिए नहीं, बल्कि दुख की घड़ी में सहारा बनने के लिए भी होता है।

**समाधान दिवस पर पिता को खो चुकी बिटिया का पत्र पढ़कर पसीज गया प्रशासनिक हृदय**

**प्रशासनिक पद पर संवेदनशीलता का उदाहरण एसडीएम राजेश विश्वकर्मा**

# डीएम ने अधिकारियों के साथ तैयारियों की करी समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देवा बाराबंकी । शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा ऐतिहासिक देवा मेला इस बार खास अंदाज़ में आयोजित होगा। मेला की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मेला ऑडिटोरियम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मेला प्रदर्शनी समिति के सचिव एवं अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह सहित तमाम विभागीय अधिकारी मौजूद रहे द्य डीएम ने बैठक में साफ निर्देश दिया कि इस बार मेला की भव्यता और व्यवस्थाएं ऐतिहासिक होनी चाहिए। स्वच्छता, सुरक्षा, यातायात और चिकित्सा सुविधाएं उनकी प्राथमिकता में रहीं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए विभागवार जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं बैठक में पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, पशु बाजार, सांस्कृतिक मंच, अस्थायी शौचालय, जर्जर भवनों की मरम्मत और मार्ग सुधार समेत 28 प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी ने बैठक के बाद मेला परिसर का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को मौके पर ही दिशा-निर्देश दिए जिलाधिकारी ने कहा कि 8 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में लाखों श्रद्धालुओं की आमद होगी, लिहाज़ा तैयारियों में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश सिंह, चेयरमैन देवा हारुन वारसी, मेला सुपरवाइजर इत्तीदार अहमद, इंस्पेक्टर देवा अजय कुमार त्रिपाठी सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# बेजुबान पेड़ों पर चला आरा, वन विभाग ने ओढ़ी चुप्पी

**सरकार कहती है मां के नाम एक पेड़, और वन माफिया कहते हैं मुनाफ़े के नाम जंगल साफ़**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबाकी। जिले के सिद्धौर नगर पंचायत और आसपास के क्षेत्रों में हरे-भरे पेड़ों की निर्मम हत्या हो रही है। आरोप है कि हरख रेंज क्षेत्र की बंजर भूमि (गाटा संख्या 1380) पर लगे 35 प्रतिबंधित पेड़ और ग्राम कोपवा में 22 पेड़ ठेकेदार द्वारा काट डाले गए। यह सब वन विभाग की मिलीभगत से हुआ और क्षेत्रीय वन दरोगा ने ठेकेदार को बिना जुर्माना किए ही छोड़ दिया। भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट के जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने इस घोटाले को उजागर करते हुए एडीएम अरुण कुमार सिंह को मांगपत्र सौंपा। उनका कहना है कि सरकार एक ओर ललमां के नाम एक पेड़ल अभियान चलाकर वाहवाही बटोर रही है, वहीं दूसरी ओर उन्हीं पेड़ों की बलि वन माफियाओं को चढ़ाई जा रही है। मानो सरकार पेड़ लगाने का ठेका देती है और ठेकेदार उन्हें काटने का। कटे गए पेड़ों में गूलर, आम, पकारिया और जामुन जैसी प्रजातियां थीं, जो अब केवल ठूंठ में तब्दील हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने जब मीडिया के जरिए यह मामला उठाया तो वन विभाग का बयान और भी हैरान करने वाला रहा। विभाग का कहना है कि उन्हें किसी प्रकार की जानकारी ही नहीं है, जांच कराई जाएगी। यानी पेड़ गिरे, आवाज़ आई, गांव जागा, किसान यूनियन चीखी—लेकिन वन विभाग के कान शायद लकड़ी के बने हैं। भाकियू ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो 18 सितंबर को डीएफओ कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी के साथ प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव, रामानंद यादव, अरविंद यादव और मोनू रस्तोगी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सरकारी जमीन पर स्वरूप यूनिवर्सिटी का कब्जा, सीएम ने लिया संज्ञान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जनपद में सरकारी व सार्वजनिक संपत्तियो एवं बेशकीमती जमीनों पर राजस्व कार्मिकों की साठ गांठ से अवैध कब्जेदारी का एक बड़ा प्रमाण आज राज्य सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ महाराज से प्रत्यक्ष हुआ। मोटी चमड़ी नौकरशाह 17 वर्षों से सरकारी जमीन पर कबजेदारी का प्रकरण दबाए बैठ थे। श्रीरामस्वरूप यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा देश कीमती सरकारी जमीन पर 17 वर्षों से कब्जा था। शनिवार को भारी पुलिस बल और राजस्व टीम की मौजूदगी में विश्वविद्यालय परिसर में बने अवैध ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्यवाही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर बिगतदिन हुए बर्बर लाठी चार्ज के बाद , परिषद के ही कार्यकर्ताओं की शिकायत पर संभव हो सका।

बताते हैं कि जन सामान्य द्बावारा बार-बार की गई शिकायतें वर्षों तक अधिकारियों की फाइलों में दबी रहीं। लेकिन छात्रों और एबीवीपी के विरोध प्रदर्शनों के बाद प्रशासन हरकत में आया। नवागत एडीएम न्यायिक राजकुमार शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय ने ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर रखा था। पैमाइश पश्चात करीब चार सौ वर्गमीटर क्षेत्र में बना ढांचा ध्वस्त किया गया। स्मरण रहे कि एक सितंबर को छात्रों और पुलिस के बीच विश्वविद्यालय प्रबंधन की ज्यादती को लेकर टकराव हुआ था। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज भी हुआ। एबीवीपी ने अवैध कब्जे का भी हवाला दिया। सीएम श्री योगी ने संज्ञान लिया फल स्वरुप प्रशासन को कार्यवाही करनी पड़ी।

## विहिप नेता को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



बाराबंकी। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व विभाग मंत्री समाजसेवी और चिकित्सक डॉ. राजेंद्र प्रसाद दुबे की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित हुए।विहिप कार्यालय पर हनुमान चालीसा पाठ व पुष्प अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधारोपण किया गया और मरीजों व तीमारदारों को फल व नाश्ता वितरित किया गया।वक्ताओं ने डॉ. दुबे को संगठन व समाज के लिए समर्पित कुशल संगठक और प्रेरणादायी चिकित्सक बताया। इस अवसर पर 24 से अधिक पौधे लगाए गए और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग शामिल हुए।

## प्रतिमा विसर्जन अगले बरस बप्पा का आमंत्रण



निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर धूमधाम से गणेश प्रतिमा विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में भगवान गणेश की प्रतिमा को जयकारों और भजन-कीर्तन के बीच नगर भ्रमण कराया गया। गांव और कस्बे के श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की थाप और बैंड बाजों के बीच भक्तगण ''गणपति बप्पा मोरया'' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर रहे थे। विसर्जन यात्रा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई।इस मौके पर सुनील विश्वकर्मा,प्रदीप रावत सहित सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे।

## चार दिनों से लापता, सड़क किनारे मिला, मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर कोतवाली क्षेत्र के धौरहरा गांव के भगना निवासी मोहनलाल 55 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई। वह बीते तीन सितंबर को अपने एक रिश्तेदार के साथ घर से निकला था।लेकिन वापस नहीं लौटा। चार दिन बाद मोहनलाल लहूलुहान हाल गांव के पास सड़क किनारे लावारिस हाल मिला।परिजन लखनऊ के निजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र मनोज ने आरोप लगाया था कि पिता को रिश्तेदार पुतान पुत्र फकीरे निवासी बराखेमपुर, थाना महिंगवां (लखनऊ) अपने साथ ले गया था,और इस पर हत्या का संदेह जताया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या जैसी कोई बात सामने नहीं आई है।

## फैंसी फंदे पर झूली नव विवाहित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के हसनापुर मजरे हजरतपुर गांव में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक पूजा की शादी 30 अप्रैल को राजाराम यादव उर्फ पप्पू से हुई थी।राजाराम के अनुसार वह बदोसराय से रात करीब 2 बजे घर लौटा। कमरे का दरवाजा बंद था। अंदर जाने पर उसने देखा कि पूजा छत के पंखे से लटक रही थी।बताया कि शाम को खाने को लेकर पत्नी से विवाद हुआ था।जिससे वह नाराज थी।मृतका के पिता बड़कऊ पुत्र अवध राम जो बेहटा थाना दरियाबाद के निवासी हैं ने बताया कि कल बेटी से बात हुई थी और वह ठीक थी। रात 2 बजे उन्हें फोन पर बेटी की मौत की सूचना मिली। ससुराल वाले शव का अंतिम संस्कार सरयू नदी के किनारे करने जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली।बदोसराय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## ड्रोन चहल कदमी रात भर हलकान रही पुलिस

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र की ग्राम पंचायत भोरहेमऊ और चौरी आलादासपुर में शुक्रवार की रात आसमान में ड्रोन देख गांव में हड़कंप मच गया। घटना से डरे-सहमे ग्रामीणों ने पूरी रात रतजगा करते हुए गांव की निगरानी की। ग्रामीणों के अनुसार रात करीब 10 से 11 बजे के बीच सबसे पहले भोरहेमऊ गांव के पास में एक ड्रोन उड़ता हुआ दिखाई दिया। इसके कुछ समय बाद चौरी अलादासपुर गांव मे भी ड्रोन की खबर फैली।प्रधान प्रतिनिधि सौरभ सिंह ,उदल सिंह, अखिलेश सिंह अलखराम,अंकित ने बताया कि रात में आसपास ड्रोन को कुम्हारन पुरवा में देखा गया। और इसके बाद चौरी आलादासपुर की तरफ यह उड़ता हुआ दिखाई दिया । जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी श्री त्रिपाठी सूचना पर गांव पहुंचे बताया अफवाह है।

## सुरक्षा व्यवस्था बीच मूर्ति विसर्जन

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को गोमती नदी के नैपुरा घाट पर किया गया। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धालुओं द्वारा गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया।इस दौरान गणेश जी के जयकारों की आवाजें वातावरण में गुंजायमान रही। जिससे वातावरण भक्तिमय रहा।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना असंद्रा थानाध्यक्ष सिद्धौर चौकी प्रभारी रामप्रकाश मिश्रा समेत पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## आधुनिक उपकरणों की उपयोगिता की दी जानकारी

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नवाबगंज, बड़ागांव बाराबंकी में चल रहे ओरिएंटेशन प्रोग्राम के अंतिम दिन कॉलेज मे वृक्षारोपण किया गया तथा प्रशिक्षार्थियों को संस्थान का विस्तृत भ्रमण कराया गया। आईटीआई भ्रमण के दौरान व्यवसाय के वर्कशॉप एवं उपलब्ध आधुनिक उपकरणों की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई।और बताया गया कि हर व्यवसाय अपने आप में सबसे अलग है। भ्रमण उपरांत आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य महेश चन्द्र ने प्रशिक्षार्थियों से रूबरू होते हुए कहा कि स्वयं का कौशल विकास ही भविष्य की सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी को अपने हुनर को निखारने तथा तकनीकी शिक्षा का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया और प्रशिक्षार्थियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन को जीवन का मूल मंत्र अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर संस्थान के अनुदेशकों द्वारा प्रशिक्षार्थियों को जनपद की विशेषताओं के बारे में जैसे भाषा, ऐतिहासिक धरोहर, देश की आजादी में जनपद वासियों का विशिष्ट योगदान, एक जनपद एक उत्पाद आदि का परिचय कराया गया।

# समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जन समस्याएं 17 शिकायतें निस्तारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर तहसील में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता व उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के संयोजन में आयोजित संपूर्ण समाधानदवस में कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 17 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। विभिन्न विभागों में प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग में सर्वाधिक 34 शिकायतें आईं, जिनमें से 9 का निस्तारण हुआ। पूर्ति विभाग में 12 में से 5 शिकायतें निपटाई गईं। पुलिस विभाग में 5, विकास विभाग में 4 और प्रोबेशन विभाग की 5 शिकायतों में से 2 का समाधान किया गया। नलकूप विभाग में 2 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिला अग्रणी बैंक, स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग और टिकैतनगर के अधिशासी अधिकारी को एक-एक शिकायत मिली।जिलाधिकारी के निर्देश पर कुछ प्रमुख मामलों का तत्काल समाधान किया गया। अनय कुमार के राशन कार्ड में यूनिट जोड़ी गई और विजय कुमार भारथीपुर का नया राशन कार्ड बनाया गया। छविनाथ की शिकायत पर बिजली कनेक्शन 2 किलोवाट से घटाकर 1 किलोवाट कर दिया गया।मवईपुर के लल्लू प्रसाद ने पुश्तैनी पट्टे से अतिक्रमण हटाने और मुंशीपुरवा के राकेश कुमार ने सोंधवा तटबंध पर लगे साइफन की सफाई की मांग की। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को गुणवत्तापरक समाधान के निर्देश दिए।कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह, तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा,सीओ गरिमा पंत,नायब तहसीलदार अन्नू सिंह, दिनेश पांडेय, सीडीपीओ अर्चना वर्मा, विद्युत अधिशासी अभियंता खालिद सिद्दीकी, विद्युत एसडीओ विमलेश मौर्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

रामनगरः तहसील रामनगर में एसडीएम मधुमिता सिंह और तहसीलदार विपुल सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ।इस जन सुनवाई में 74 प्रार्थनापत्र आए जिनमें से 8 का तत्काल निस्तारण किया गया।सबसे अधिक 37 शिकायतें राजस्व विभाग में आईं जिनमें 6 निपटाई गईं।पुलिस विभाग में 14 में से 2 विकास विभाग में 8 खाद्य एवं रसद में 6 समाज कल्याण में 3 कृषि व चकबंदी में 2 जल निगम और विद्युत विभाग में एक एक शिकायतें दर्ज हुईं। फरियादी अशोक कुमार सिंह ने जुरौंडा गांव में निर्माण कार्यों में अनियमितता की शिकायत की जिस पर जांच के निर्देश दिए गए।अधिकारियों ने सभी मामलों के समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण का आश्वासन दिया। रामसनेहीघाट : तहसील रामसनेहीघाट में शनिवार को आहुत सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह फरियादियों से रूबरू हुए। इस दौरान राजस्व विभाग24 , पुलिस 26, विकास 7, आपूर्ति 3, विधुत 5 अन्य 3 सहित कुल 68 शिक़ायती पत्र आए जिसमें 4 का निस्तारण हुआ ।शेष संबंधित को निस्तारित के लिए आदेश किया गया।

# शमशान स्थल निर्माण कार्य प्रारंभ, जता रहे प्रसन्नता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**आलोचक भी कर रहे अब बाबा की प्रशंसा**

रामनगर बाराबंकी। महादेवा तीर्थ में शमशान स्थल का निर्माण कार्य तीव्र गति से आरंभ हो गया। शमशान स्थल के निर्माण से लोधेश्वर महादेवा तीर्थ समेत पास पड़ोस के मजरों के सैकड़ों लोग प्रसन्न हैं। स्मरण रहे कि यहां हिंदुओं के श्मशान स्थल का अभाव था। जबकि प्रशासन द्वारा शमशान की भूमि पहले से ही आरक्षित की गई थी। श्मशान की आरक्षित भूमि पर अराजक तत्वों ने कब्जा कर रखा था। शमशान के एक रकवा पर रैन बसेरा बन गया । जिसके चलते किसी अंतिम संस्कार के समय अफरा तफरी मचती थी। नाथ कुटी के महंत बाबा राम नाथ जी ने शमशान की भूमि कब्जेदारों से खाली कराने के लिए संघर्ष करते थे। कई बार स्थितियां विस्फोटक हुई। अंततः उसे समय आ गया जब शमशान की भूमि खाली हुई। ग्रामवासी सूत्र बताते हैं कि जिस समय जमीन खाली हुई भूमि प्लाटिंग के लिए बिक चुकी थी। करीब 45 लाख, खरीदारों को वापस करना पड़ा। फल स्वरुप बाबा रामनाथ महाराज की असामाजिक तत्वों द्वारा शुरू घेराबंदी अभी तक बड़ास्तूर है। वर्तमान प्रधान अजय कुमार तिवारी की देखरेख में आवंटित सरकारी धन से बाउंड्री का निर्माण कार्य शुरू है। शुरुआती दौर में घटिया निर्माण सामग्री और मानक हीन निर्माण शुरू हुआ था। इसका भी विरोध ग्रामीणों,स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। अब जब शमशान स्थल का निर्माण कार्य प्रारंभ है तो बाबा रामनाथ के आलोचक भी मुस्कुरा रहे हैं, और बाबा की प्रशंसा भी कर रहे हैं। उनका कहना है कि बाबा रामनाथ ने शमशान की जमीन अवैध कब्जेदारों के हाथों से मुक्त करा कर अच्छा कार्य किया है।सबसे अधिक खुशी यहां के स्थानीय बाशिंदों को है ,क्योंकि अंत्येष्टि स्थल ना होने से लोगों को भारी दुश्वारियां झेलनी पड़ती थी।





## श्रेयस अय्यर ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ बहु दिवसीय मैचों में भारत ए की कप्तानी करेंगे

**एजेंसी**



मुंबई। सितंबर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया ए के ख़िलाफ दो बहुदिवसीय मुकाबलों के लिए श्रेयस अय्यर को इंडिया ए का कप्तान नियुक्त किया गया है। के एल राहुल और मोहम्मद सिराज पहले मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, हालांकि दूसरे मुकाबले के लिए यह दोनों ही खिलाड़ी दल में शामिल होंगे। बीसीसीआई द्वारा मीडिया रिलीज में बताया गया है कि वास्तविक दल में से दो खिलाड़ियों को राहुल और सिराज दूसरे मुकाबले के लिए रिप्लेस करेंगे। चयनित दल में ध्रुव जुरेल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं लंबे समय से भारत के लिए टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहे अभिमन्यु ईश्वरन को भी जगह दी गई है। तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को भी शामिल किया गया है, जगदीशन को ऋषभ पंत के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड दौरे पर पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम का बुलावा भी आया था। जगदीशन ने हाल ही में दलीप ट्रॉफ़ी सेमीफाइनल में साउथ जोन के लिए खेलते हुए नॉर्थ जोन के ख़िलाफ 197 रनों की पारी भी खेली थी। इंग्लैंड दौरे पर भारत के लिए डेब्यू करने वाले साई सुदर्शन के अलावा देवदत्त पड़िक्कल, नीतीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा भी दल में शामिल किए गए हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित करने वाले स्पिन ऑलराउंडर हर्ष दुबे और तनुष कोटियान को भी दल में जगह दी गई है। युवा चेहरों में आयुष बदोनी, यश ठाकुर, गुरनूर बराड़ और मानव सुथार को भी चुना गया है। वहीं तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण में प्रसिद्ध का साथ देने के लिए खलील अहमद भी मौजूद रहेंगे। हालांकि चयनित दल में ऋतुराज गायकवाड़ का नाम नहीं है, गायकवाड़ ने दलीप ट्रॉफ़ी सेमीफ़ाइनल में सेंट्रल जोन के ख़िलाफ वेस्ट जोन के लिए 184 रनों की पारी खेली थी। वेस्ट जोन के कप्तान शार्दुल ठाकुर भी इस दल का हिस्सा नहीं हैं। ठाकुर इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टेस्ट दल का हिस्सा थे। ऑस्ट्रेलिया ए के ख़िलाफ पहला मुका बला 16 सितंबर से 19 सितंबर और दूसरा मुकाबला 23 से 26 सितंबर तक चलेगा। यह दोनों ही मुकाबले लखनऊ में खेले जाएंगे। वहीं इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए और इंडिया ए के बीच 30 सितंबर, 3 अक्तूबर और 5 अक्तूबर को कुल तीन वनडे मुकाबले भी खेले जाएंगे। तीनों ही वनडे मुकाबले कानपुर में खेले जाएंगे।

इंडिया ए का दलः श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, एन जगदीशन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान और विकेटकीपर), हर्ष दुबे, देवदत्त पड़िक्कल, आयुष बदोनी, नीतीश कुमार रेड्डी, तनुष कोटियान, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, खलील अहमद, मानव सुथार, यश ठाकुर।

## लुइस सुआरेज पर कर्मचारी पर थूकने के लिए छह मैचों का प्रतिबंध

**एजेंसी**

न्यूयॉर्क। इंटर मियामी के फॉरवर्ड लुइस सुआरेज पर लीग्स कप फ़ाइनल के बाद सिएटल साउंडर्स के एक कर्मचारी पर थूकने के लिए छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया है, आयोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह घटना पिछले रविवार को सिएटल में साउंडर्स की फ्लोरिडा टीम पर 3-0 से खिताब जीतने वाली जीत के बाद हुई झड़प के दौरान हुई।

लीग्स कप आयोजन समिति ने एक बयान में कहा कि उसने इंटर मियामी के सर्जियो बुस्केट्स और टॉमस एविलेस पर भी हाथापाई के दौरान हिंसक व्यवहार के लिए क्रमशः दो और तीन मैचों का प्रतिबंध लगाया है। साउंडर्स के सहायक कोच स्टीवन लेनहार्ट को भी इस झड़प में उनकी भूमिका के लिए पाँच मैचों का निलंबन दिया गया है। सुआरेज की सजा का मतलब है कि वह अगले साल होने वाले लीग्स कप में पूरी तरह से हिस्सा नहीं ले पाएंगे, और चूंकि ग्रुप चरण में प्रति सीजन केवल तीन मैच खेलने की गारंटी होती है, इसलिए यह प्रतिबंध 2027 के संस्करण तक जारी रह सकता है।

हालांकि इस प्रतिबंध का मेजर लीग सॉकर में उनकी उपलब्धता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन लीग्स कप समिति ने कहा कि एमएलएस ''संबंधित खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।''

यह विवादों की एक लंबी सूची में नवीनतम है जो सुआरेज के 20 साल के पेशेवर करियर के दौरान उनके साथ रहे हैं, जिसमें लिवरपूल, बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड सहित अन्य क्लबों में उनके कार्यकाल शामिल हैं। उन्हें विरोधियों को काटने के लिए तीन बार निलंबन का सामना करना पड़ा है, जिसमें 2014 की एक घटना भी शामिल है जब उन्होंने ब्राज़ील में एक विश्व कप मैच के दौरान इटली के जियोर्जियो चिएलिनी के कंधे को पकड़ लिया था।

सुआरेज ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी इस हालिया लापरवाही के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा, ''यह बहुत तनाव और निराशा का क्षण था, जहां खेल खत्म होने के तुरंत बाद ऐसी चीज़ें हुईं जो नहीं होनी चाहिए थीं, लेकिन यह मेरी प्रतिक्रिया को उचित नहीं ठहराती।''

''मैंने गलती की और इसके लिए मैं तहे दिल से माफी मांगता हूँ। यह वह छवि नहीं है जो मैं अपने परिवार के सामने देना चाहता हूँ, जो मेरी गलतियों के कारण पीड़ित हैं, मेरे क्लब के सामने, जो खुद को इस तरह की किसी चीज से प्रभावित होते हुए देखने के लायक भी नहीं हैं।

## मैं टेस्ट क्रिकेट के लिए अपने शरीर का पूरा इस्तेमाल करना चाहता हूं: मिशेल स्टार्क

**एजेंसी**



सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के 35 वर्षीय तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट खेलने के लिए उनमें अभी भी बहुत कुछ बचा है तथा वह खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अधिक सफलता हासिल करने के लिए अपने शरीर का भरपूर इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं। स्टार्क ने हाल ही में टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की ताकि वह खुद को एशेज, आईपीएल, भारत में टेस्ट श्रृंखला और दो साल में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए तैयार रख सकें। इसका मतलब है कि यह स्टार तेज गेंदबाज अगले साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी नहीं खेलेगा। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने स्टार्क के हवाले से कहा, ''मैं जितना संभव हो सके उतना टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए अपने शरीर का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, ''मुझे लगा कि मुझे दूसरे प्रारूपों में से एक को छोड़ना होगा। मुझे लगता है कि मेरे पास वनडे टीम को देने के लिए बहुत कुछ है और मेरा लक्ष्य 2027 तक अपनी फिटनेस बनाए रखना है। साथ ही 2027 में होने वाले विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने के लिए भी काफी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। स्टार्क ने संयुक्त अरब अमीरात में 2021 में टी20 विश्व कप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां ऑस्ट्रेलिया ने इस प्रारूप में अपना पहला विश्व खिताब जीता था। उन्होंने कहा, ''मैं इसको लेकर असमंजस में था कि कौन सा प्रारूप रखना सही रहेगा। मैंने 2027 में होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए वनडे को चुना। मुझे अब भी लगता है कि मेरे पास वनडे टीम को देने के लिए बहुत कुछ है। मैंने इस बारे में काफी सोचा था। मुझे लगता है कि शायद यह सही समय था। मैं 35 साल का हो गया हूं। टेस्ट क्रिकेट हमेशा मेरे लिए पहली प्राथमिकता रहा है और आगे भी रहेगा।

## यूएई के लिए निराशा, अफगानिस्तान ने आखिरी ओवर में जीत हासिल की

**एजेंसी**



शारजाह। अफगानिस्तान ने त्रिकोणीय श्रृंखला के आखिरी लीग मैच में यूएई को रोमांचक मुकाबले में चार रनों से हरा दिया, जिससे मेज़बान टीम अंत तक जीत से महरूम रही। यूएई को आखिरी ओवर में 17 रन चाहिए थे, और उसने पहली तीन गेंदों पर 12 रन बनाए, इससे पहले फरीद अहमद मलिक ने दो डॉट गेंदें फेंकी और आखिरी गेंद पर आसिफ खान का विकेट लेकर मेजबान टीम को मुश्किल में डाल दिया। 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अलीशान शराफू, जिन्होंने पिछली रात 68 रन बनाए थे, ने एक शानदार चौका जड़ा। यूएई के लिए पावरप्ले बेहतरीन रहा क्योंकि शराफू और मुहम्मद वसीम ने लगातार बाउंड्री लगाकर स्कोरिंग गति को बनाए रखा। उन्होंने पहले छह ओवरों में चार चौके और तीन छक्के लगाए और इस चरण के अंत तक यूएई का स्कोर 54/0 हो गया। मेजबान टीम के लिए दुर्भाग्य से, नूर अहमद ने शराफू को 27 रन पर आउट करके अफ़ग़ानिस्तान के लिए रास्ता खोल दिया। नूर ने यूएई के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया और उनकी चालाकी के कारण दूसरे छोर से दबाव बढ़ गया। वसीम 40 के पार पहुंच गए थे जब करीम जनत ने गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया , लेकिन अगली ही गेंद पर कैच आउट होकर 44 रन बनाकर आउट हो गए। मुहम्मद ज़ोहैब दो बार बाउंड्री पार करने के बाद आउट हुए और मेहमान टीम लगातार रन बना रही थी। आसिफ आउट हुए और अफ़ग़ान स्पिनरों के सामने जूझते रहे। ऐसा लग रहा था कि वह कहीं नहीं जा पाएंगे क्योंकि 17वें ओवर की समाप्ति पर वह 13 गेंदों पर 7 रन बनाकर खेल रहे थे। लेकिन जैसे ही गति वापस आई, उन्होंने अपनी टाइमिंग फिर से हासिल कर ली। आखिरी तीन ओवरों में 43 रनों की ज़रूरत थी, उन्होंने पहले 18वें ओवर में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 16 रन बनाए और फिर अगले ओवर में लॉन्ग-ऑफ पर चौका जड़ दिया। दूसरे छोर से हर्षित कौशिक ने एक चौका और एक छक्का लगाकर अंतिम ओवर में लक्ष्य 17 रन कर दिया। यूएई को 3 गेंदों में 5 रनों की जरूरत थी, इसलिए वे जीतना चाहते थे, लेकिन फरीद की चतुराई भरी डेथ बॉलिंग ने मेहमान टीम के लिए मैच तय कर दिया।

इससे पहले, अफ़ग़ानिस्तान ने 170/4 का स्कोर बनाया, जिसकी शुरुआत इब्राहिम जादरान (48) और रहमानुल्लाह गुरबाज (40) के बीच 98 रनों की ओपनिंग साझेदारी से हुई। यूएई ने रन आउट का एक मौका गंवा दिया और एक कैच छोड़ दिया, जिससे अफ़ग़ानिस्तान को शुरुआत में ही राहत मिल गई। गुरबाज और इब्राहिम ने अच्छी दौड़ लगाई और यूएई के गेंदबाजों के नियंत्रण में किसी भी कमी का फायदा उठाया। दोनों ने 8वें ओवर में 50 रनों की साझेदारी पूरी की। इसके बाद इब्राहिम ने अपनी रणनीति बदली और क्षैतिज बल्ले से शॉट लगाए, फिर लेग स्पिनर मुहम्मद फ़ारूक़ की गेंद पर छक्का जड़ दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### बीसीसीआई के चुनाव 28 सितंबर को मुंबई में होंगे

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक आम बैठक 28 सितंबर को निर्धारित की है। आम सभा की बैठक सुबह 11:30 बजे मुंबई स्थित बीसीसीआई मुख्यालय में होगी, जिसका मुख्य एजेंडा चुनाव कराना है। सचिव देवजीत सैकिया द्वारा राज्य संघों को भेजे गए एक पत्र के अनुसार, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव होंगे।

### अडानी पावर ने ड्रुक ग्रीन के साथ 570 मेगावाट की हाइड्रोपावर के लिए किया समझौता, 6 हजार करोड़ रुपये का होगा निवेश

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की कंपनी अडाणी पावर ने लगभग 6 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 570 मेगावाट की वांगछू जलविद्युत परियोजना स्थापित करने के लिए भूटान की सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन (डीजीपीसी) के साथ समझौता किया है। अडाणी पावर ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि भूटान की सरकारी कंपनी ड्रुक ग्रीन पावर के साथ 570 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना स्थापित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे और अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी की उपस्थिति में बिजली खरीद और रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। कंपनी ने बताया कि समझौते के अनुसार अडाणी पावर और ड्रुक ग्रीन पावर कॉर्प लिमिटेड (डीजीपीसी) पीकिंग रन-ऑफ-रिवर वांगछू जलविद्युत परियोजना का निर्माण बूट (निर्माण, स्वामित्व, संचालन, हस्तांतरण) मॉडल पर करेंगे। इस संबंध में बिजली खरीद समझौते और एक रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। अडाणी पावर के मुताबिक इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पहले ही तैयार हो चुकी है और निर्माण कार्य साल 2026 की पहली छमाही तक शुरू होने की उम्मीद है। इसे शिलान्यास के पांच वर्षों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वांगचू परियोजना में बिजली संयंत्र और संबंधित बुनियादी ढाँचे की स्थापना में लगभग 6,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

### टीवीएस मोटर ने पेश किये अपाचे के लिमिटेड संस्करण

**बेंगलुरु।** दुपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी ने अपाचे मोटरसाइकिल की लॉन्चिंग के 20 साल पूरे होने पर शनिवार को इसके विभिन्न संस्करणों के सीमित संस्करण लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने बताया कि वह टीवीएस अपाचे आरटीआर 160, 180, 200 और आरआर310 तथा आरटीआर 310 के सीमित संस्करण पेश कर रही है। इसके अलावा उसने दो नये संस्करण आरटीआर160 4वी और आरटीआर 200 4वी भी पेश किये हैं। इन सभी के लिए बुकिंग शुरू हो गयी है। सीमित संस्करण में डुएल टोन अलॉय व्हील और यूएसबी चार्जिंग के साथ कुछ नये फीचर दिये गये हैं। नये 4वी संस्करणों में टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 और 200 में कई नये फीचर जोड़े गये हैं। इनमें अत्याधुनिक क्लास-डी प्रोजेक्टर हेडलैंप, एलईडी लाइटिंग, पांच इंच का कनेक्टेड टीएफटी क्लस्टर और ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम शामिल हैं। इन्हें नये बोल्ड रंगों में डायनामिक ग्राफिक्स के साथ पेश किया गया है। टीवीएस मोटर कंपनी के निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के.एन. राधाकृष्णन ने अपाचे के दो दशक पूरे होने पर दुनिया भर में इसके 65 लाख ग्राहकों को धन्यवाद देते हुये कहा कि उनके प्यार के कारण टीवीएस अपाचे इस मुकाम पर पहुंच सका। उन्होंने बताया कि कंपनी भविष्य में नये सेगमेंट में कदम रखेगी तथा कुछ और बाजारों में प्रवेश करेगी। दो नये मॉडलों में अपाचे आरटीआर160 4वी की दिल्ली में एक्स-शोरूम कीमत 1,28,490 रुपये से 1,47,990 रुपये तक होगी।

### महिंद्रा ने तत्काल प्रभाव से कारों के दाम 1.56 लाख रुपये तक घटाये

**नयी दिल्ली।** देश की अग्रणी वाहन निर्माता कंपनी महिंद्रा ने शनिवार को तत्काल प्रभाव से अपने वाहनों की कीमतों में 1.56 लाख रुपये तक की कटौती की घोषणा की। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितंबर से वाहनों पर कर कटौती की घोषणा के बाद अपने यात्री वाहनों के दाम घटाने वाली यह तीसरी कंपनी है। इससे पहले टाटा मोटर्स और रेनॉ इंडिया ने 22 सितंबर से कीमतों में कटौती की घोषणा की थी। महिंद्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा की वह आज (06 सितंबर) से ही ग्राहकों को जीएसटी में कटौती का पूरा लाभ देगी। उसने बताया कि इस कटौती के बाद बोलेरो/ निओ के दाम 1.27 लाख रुपये, एक्सयूवी3एक्सओ (पेट्रोल) के 1.40 लाख रुपये और एक्सयूवी3एक्सओ (डीजल) के दाम 1.56 लाख रुपये तक कम होंगे।

## रेनॉल्ट भी कार की कीमतों में करेगी 96,395 रुपये की कटौती, नई दरें 22 सितंबर से होंगी लागू

**एजेंसी**




नई दिल्ली। टाटा मोटर्स के बाद महिंद्रा एंड महिंद्रा और रेनॉल्ट इंडिया ने शनिवार को अपनी कारों की कीमतों में 96,395 रुपये तक की कटौती का ऐलान किया है। नई कीमतें नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर से शुरू होने वाली सभी कारों की डिलीवरी पर लागू होंगी। हालांकि, देशभर के डीलरशिप पर संशोधित कीमतों पर बुकिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। रेनॉल्ट इंडिया ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि वह अपनी कारों की कीमतों में 96,395 रुपये तक की कटौती करेगी, जिससे हाल ही में जीएसटी की दरों में की गई कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को मिलेगा। कंपनी ने कहा कि नई कीमतें नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर, 2025 से शुरू होने वाली सभी डिलीवरी पर लागू होंगी। रेनॉल्ट इंडिया के एमडी वेंकटराम मामिलपल्ले ने जारी बयान में कहा, ''जीएसटी 2.0 का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाना ग्राहकों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारा मानना है कि यह समय पर की गई पहल न केवल हमारी कारों को और अधिक सुलभ बनाएगी, बल्कि त्योहारी सीज़न के दौरान मांग को भी बढ़ावा देगी। नई जीएसटी व्यवस्था के तहत छोटी कारों पर 18 फीसदी, जबकि बड़ी कारों पर 40 फीसदी जीएसटी लगेगा। कंपनी के नवीनतम संशोधनों के साथ रेनॉल्ट इंडिया के मॉडल अब पहले से कहीं अधिक सुलभ हैं। एंट्री-लेवल पर रेनॉल्ट क्विड की शुरुआती कीमत अब केवल 4.29 लाख रुपये है, जबकि रेनॉल्ट काइगर और रेनॉल्ट ट्राइबर की शुरुआती कीमत 5.76 लाख रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) है। वेरिएंट के आधार पर कीमतों में 40,095 रुपये से लेकर 96,395 रुपये तक की कटौती की गई है। 22 सितंबर से नई कर दरें लागू होने के साथ ऑटो कंपनियां ग्राहकों को जीएसटी का लाभ देने की तैयारी कर रही हैं। इसी के तहत टाटा मोटर्स ने शुक्रवार देर रात अपनी कारों की कीमतों में 1.40 लाख रुपये की कटौती की घोषणा की थी। वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा ने आज कहा कि वह कीमत में 1.56 लाख रुपये तक की कटौती करेगी और इसका पूरा लाभ ग्राहकों को देगी। वहीं, मारुति सुजुकी इंडिया से भी जल्द ही कीमतों में कटौती की घोषणा करने की उम्मीद है।

## इंडिगो की अबू धाबी फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते से ही कोच्चि लौटी

**एजेंसी**



नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी जाने वाली इंडिगो की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के कारण शुक्रवार देर रात केरल के कोच्चि स्थित कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापस लौटना पड़ा। विमान में सवार सभी 180 यात्री सुरक्षित हैं, जिन्हें दूसरे विमान से अबू धाबी ले जाया गया। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि अबू धाबी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक उड़ान संख्या 6ई-1403 (सीओके-एयूएच) को देर रात तकनीकी खराबी के कारण कोच्चि वापस लौटना पड़ा। खराबी का पता चलने से पहले दो घंटे से ज़्यादा समय से उड़ान भर रहा ये विमान 180 से ज्यादा यात्रियों और छह क्रू सदस्यों को लेकर जा रहा था। एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे रवाना हुआ ये विमान दो घंटे से ज्यादा समय तक हवा में रहने के बाद कोच्चि एयरपोर्ट पर वापस लौट आया। इसके बाद वैकल्पिक विमान सुबह 3.33 बजे हवाई अड्डे से रवाना हुआ, जिससे यात्रियों को अबू धाबी ले जाया गया। इस विमान में 180 से अधिक यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि 6 सितंबर को कोच्चि से अबू धाबी जा रही इंडिगो की उड़ान संख्या-6ई 1403 में एक तकनीकी समस्या का पता चला। एहतियातन पायलटों ने विमान को वापस मोड़ने का फैसला किया और विमान कोचीन एयरपोर्ट पर सुरक्षित रूप से उतार लिया। हालांकि, विमान का संचालन फिर से शुरू करने से पहले आवश्यक रखरखाव जांच चल रही है, लेकिन यात्रियों की यात्रा पूरी करने के लिए तुरंत एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई।

## भारतीय कपड़ा उद्योग पर कितनी है संकट की घड़ी? अमेरिकी टैरिफ का विकल्प हैं 40 नए बाजार

**एजेंसी**




नई दिल्ली। अमेरिका ने हाल ही में भारतीय कपड़ा और परिधान उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक का भारी-भरकम टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। यह फैसला केवल एक व्यापारिक कदम नहीं है, बल्कि वैश्विक व्यापार समीकरणों में बदलते संतुलन का भी प्रतीक है। इस निर्णय ने भारतीय कपड़ा उद्योग को चिंता में डाल दिया है, क्योंकि अमेरिका भारत के लिए वर्षों से एक प्रमुख निर्यात बाजार रहा है। लेकिन हर संकट अपने भीतर अवसर भी छिपाए होता है। सवाल यह है कि क्या भारत इस चुनौती को अवसर में बदल पाएगा? क्या हमारे कपड़ा निर्यातक अमेरिकी बाजार पर निर्भरता घटाकर नए बाजारों में टिकाऊ पैठ बना सकेंगे? और क्या केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर इस विशाल उद्योग को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में और मजबूत बना पाएंगी? भारतीय कपड़ा उद्योग का अतीत इस संबंध में बताता है कि यह क्षेत्र कठिनाइयों से घबराकर पीछे हटने वाला नहीं है। कोविड-19 महामारी के दौरान जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला चरमरा गई थी और लाखों श्रमिकों की रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा था, तब भी यही उद्योग धीरे-धीरे उठ खड़ा हुआ और आज पहले से अधिक मजबूत दिखाई देता है। यही वजह है कि केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह का दावा है कि अमेरिकी टैरिफ से झटका जरूर लगेगा, लेकिन यह पूरे उद्योग को डिगा नहीं पाएगा। भारत का कुल कपड़ा और परिधान निर्यात लगभग 40 से 45 बिलियन डॉलर का है। इसमें अमेरिका की हिस्सेदारी केवल 8 से 10 प्रतिशत है। इस हिस्से में भी 50 से 60 प्रतिशत निर्यात सिर्फ 5 से 7 बड़े व्यापारी करते हैं। यानी अमेरिका पर निर्भरता इतनी व्यापक नहीं है जितनी दिखाई देती है। दरअसल, इसका अर्थ यह हुआ कि बड़े निर्यातक तो प्रभावित होंगे, लेकिन छोटे और मध्यम स्तर के व्यापारी तुलनात्मक रूप से कम संकट में रहेंगे। फिर भी यह कहना गलत नहीं होगा कि अमेरिकी टैरिफ ने प्रतिस्पर्धा की चुनौती को और बढ़ा दिया है। अमेरिकी बाजार में बांग्लादेश, वियतनाम, मैक्सिको और तुर्की जैसे देशों की पकड़ पहले से ही मजबूत है। जब भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क लगेगा, तो अमेरिकी खरीदार विकल्प तलाशने में देर नहीं करेंगे। ऐसे में भारत को अपनी रणनीति बदलनी ही होगी। यही वजह है कि सरकार ने इस चुनौती का जवाब बाजार विविधीकरण के रूप में दिया है। कपड़ा मंत्रालय ने 40 नए संभावित बाजारों की पहचान की है, जिनमें यूनाइटेड किंगडम, जापान, दक्षिण कोरिया, संयुक्त अरब अमीरात, रूस, जर्मनी, फ्रांस, इटली, स्पेन, नीदरलैंड्स, पोलैंड, कनाडा, मैक्सिको, बेल्जियम, तुर्की और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश शामिल हैं। यह सूची बताती है कि भारत केवल पारंपरिक साझेदारों तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि यूरोप, खाड़ी, एशिया-प्रशांत और लैटिन अमेरिका जैसे विविध क्षेत्रों में भी पैठ बनाना चाहता है। इनमें से यूरोप सबसे बड़ा अवसर प्रस्तुत करता है। यूरोपीय संघ का कुल कपड़ा आयात अमेरिकी बाजार से कहीं अधिक है, करीब 268 बिलियन डॉलर सालाना। यदि भारत इस बाजार में अपनी हिस्सेदारी को दोगुना भी कर ले, तो अमेरिकी टैरिफ से हुए नुकसान की भरपाई आसानी से हो सकती है। यही कारण है कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत पर सबकी निगाहें टिकी हैं। यदि यह समझौता सफल होता है, तो भारतीय उत्पादों को यूरोपीय बाजार में शुल्क राहत मिलेगी और प्रतिस्पर्धा में बढ़त हासिल होगी। एफटीए का महत्व यहीं तक सीमित नहीं है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में यूएई और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ व्यापार समझौते किए हैं। इन समझौतों ने भारतीय कपड़ा उद्योग को तत्काल लाभ भी पहुँचाया है। उदाहरण के लिए ऑस्ट्रेलिया में भारतीय वस्त्र अब अपेक्षाकृत कम कीमत पर उपलब्ध हो पा रहे हैं। यदि यूरोप के साथ भी समझौता होता है, तो भारतीय कपड़ा उद्योग के लिए यह निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। अभी जुलाई में ही भारत-ब्रिटेन द्वारा एफटीए पर हस्ताक्षर किए गए हैं, स्वाभाविक है कि इसका लाभ वर्तमान दौर में भारत को मिलेगा ही।

# मुख्यमंत्री धामी ने 15 सहायक अध्यापकों को सौंपे नियुक्ति पत्र, 15 करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को देहरादून में मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में जनजाति कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में चयनित 15 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 15 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न विभागीय निर्माण योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि ये सभी परियोजनाएं न केवल जनजातीय समाज की आधारभूत सुविधाओं को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगी, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगी। मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी युवा शिक्षक नई पीढ़ी के समग्र विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि पूर्व की सरकारें केवल दिखावे के लिए ही आदिवासी समाज के विकास की बात किया करती थीं, जबकि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आदिवासी समाज के समग्र विकास के लिए धरातल पर नए-नए कार्य किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने जनजातीय समाज के विकास के लिए दिए जाने वाले बजट को पहले के मुकाबले 3 गुना तक बढ़ाया दिया है। वहीं जनजातीय समाज के लिए एकलव्य मॉडल स्कूल, प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, वन धन योजना, प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन जैसी योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के अंतर्गत उत्तराखंड के 128 जनजातीय गांवों का चयन किया गया है। आज हमारे राज्य में 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी, मेहरावना, बाजपुर व खटीमा में संचालित हो रहे हैं, जिसमें जनजातीय समुदाय के छात्रों को निशुल्क शिक्षा एवं हॉस्टल की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी तरह सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ में भोटिया तथा राजी जनजाति के शैक्षिक उन्नयन के लिये एकलव्य विद्यालय खोलने के लिए अभी हाल ही में केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार भी आदिवासी समाज के कल्याण के लिए अनेकों कार्य कर रही है।

# जोकीहाट के सोहन्दर हाट मैदान में राजग का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। बिहार में अररिया जिले के जोकीहाट के सोहन्दर हाट मैदान में कल यानी रविवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबधन (राजग) कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें राजग के घटक दलों के नेता कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

सोहन्दर हाट मैदान में होने वाले राजग कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं जदयू नेता मंजर आलम,भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्यनारायण झा ने शनिवार को अपने समर्थकों के साथ जायजा लिया और मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मौके पर भाजपा बलुआ ड्योढ़ी मंडल अध्यक्ष रामानंद साह, जोकीहाट नगर अध्यक्ष बिनोद यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र जायसवाल,अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद याकूब अलम, विधानसभा संयोजक विवेक साह, युवा मोर्चा के प्रवक्ता चंद्रकांत झा, सोहन्दर पंचायत अध्यक्ष चमन लाल मंडल, बाराकुमा पंचायत अध्यक्ष पशुपति मंडल के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। मौके पर पूर्व मंत्री मंजर आलम और भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने बताया कि राजग कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में पशुपालन विभाग की मंत्री रेणु देवी,आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल,पूर्णिया के पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा एवं राजग घटक दल के सभी पार्टी के प्रदेश स्तर के नेता एवं राजग के सभी विधायक मौजूद रहेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के दस हजार कार्यकर्ताओं के शामिल होने का दावा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### ‘सेवा पखवाड़ा’ में 75 नई सेवाएं जनता को समर्पित करेगी दिल्ली सरकार : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से आयोजित ‘सेवा पखवाड़ा’ में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आवास और नागरिक सुविधाओं से जुड़ी 75 नई सेवाएं जनता को समर्पित की जाएंगी। मुख्यमंत्री शनिवार को भाजपा केंद्रीय विस्तार कार्यालय में आयोजित भाजपा दिल्ली प्रदेश कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली भाजपा की सह-प्रभारी अलका गुर्जर, सांसद, विधायक एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ सम्मिलित हुईं। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले ‘सेवा पखवाड़ा- संगठन की पहचान’ पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आवास और नागरिक सुविधाओं से जुड़ी 75 नई सेवाएं जनता को समर्पित की जाएंगी। साथ ही 150 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, व्यापक स्वच्छता अभियान तथा अनेक जनकल्याणकारी कार्यों को भी साकार किया जाएगा।

### डेंगू और अन्य बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम ने फॉगिंग अभियान तेज़ किया

फगवाड़ा। पंजाब में कपूरथला जिले का फगवाड़ा नगर निगम पिछले दो महीनों से शहरवासियों को डेंगू, मलेरिया और अन्य जलजनित बीमारियों से बचाने और उनकी सुरक्षा के लिए लगातार फॉगिंग कर रहा है। महापौर रामपाल उप्पल ने शनिवार को कहा कि हाल ही में हुई भारी बारिश के बाद, नगर निगम ने अब शहरवासियों की अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभियान तेज़ कर दिया है। फॉगिंग के साथ-साथ, मच्छरों, लार्वा और अन्य रोग पैदा करने वाले वेक्टरों को मारने के लिए लार्वानाशक और कीटनाशक का भी छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन निवारक उपायों के साथ-साथ, शहरवासियों से अपने घरों और आस-पड़ोस में स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गयी हैं। नगर आयुक्त डॉ अक्षिता गुप्ता ने जन स्वास्थ्य के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता पर ज़ोर देते हुए कहा कि जन सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मानसून के मौसम में बीमारियों के प्रकोप के जोखिम को कम करने के लिए फॉगिंग और छिड़काव जैसे निवारक उपाय बेहद ज़रूरी हैं। नगर निगम पिछले दो महीनों से सक्रिय है और अब बारिश के बाद भी मच्छरों के प्रजनन और बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चला रहा है। यह अभियान सभी आवासीय क्षेत्रों, बाज़ारों और संवेदनशील क्षेत्रों में नागरिकों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए चलाया जा रहा है। डॉ गुप्ता ने शहरवासियों से अपील की कि वे अपने आस-पास की सफाई रखकर और यह सुनिश्चित करके प्रशासन का सहयोग करें कि कहीं भी पानी जमा न हो, क्योंकि यह मच्छरों के प्रजनन का कारण बनता है।

### पंजाब में बाढ़ के हालात सुधर रहे हैं: कटारिया

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हालात पहले से बेहतर हैं। उन्होंने हाल ही में प्रभावित स्थानों का दौरा किया और बताया कि समाजसेवी संस्थाएं, युवा, गायक और स्थानीय संगठन राहत कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। राज्यपाल ने इन सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में पंजाब की जनता ने एकजुट होकर सेवा और सहयोग की मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों में राहत सामग्री लगातार पहुंच रही है जिससे प्रभावित लोगों को मदद मिल रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि सामूहिक प्रयासों से हालात जल्द सामान्य हो जाएंगे। श्री कटारिया ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की तबीयत पर भी चिंता जताई और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जल्द ठीक होकर पुन पूरी ऊर्जा के साथ जनता की सेवा करेंगे।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुधन की रक्षा के लिए राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी: उपायुक्त

**कपूरथला।** पंजाब में कपूरथला जिला प्रशासन द्वारा पशुधन की रक्षा के लिए चार टीमें 24 घंटे सेवायें प्रदान करने के साथ-साथ पशुओं के लिए चारे का निरंतर वितरण भी कर रही हैं। उपायुक्त अमित कुमार पांचाल ने शनिवार को बताया कि बाढ़ प्रभावित लोगों के पशुओं के लिए पशुपालन और कृषि विभाग द्वारा बाऊपुर जदीद/कदीम, सांगरा, रामपुर गोरे, भैणी कादरबख्श और मंड बंदू जदीद में चारे और हरे चारे आदि का निरंतर वितरण किया गया ताकि पशुओं को किसी प्रकार की समस्या न आये।म उन्होंने कहा कि कल देर शाम तक 403 क्विंटल चारे के वितरण के अलावा पशुपालन विभाग की टीमों द्वारा 19 से अधिक गांवों में 415 पशुओं का उपचार किया गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कृषि और किसान कल्याण विभाग की टीमों द्वारा 48 क्विंटल साइलेज का वितरण भी किया गया है। पशुपालन विभाग के डॉ लखविंदर सिंह और मुख्य कृषि अधिकारी डॉ एच.पी.एस. भरोत ने बताया कि पशुपालन और कृषि विभाग की टीमें बाढ़ प्रभावित लोगों के पशुधन की रक्षा के लिए निर्बाध राहत कार्य चला रही हैं। उन्होंने बताया कि टीमें पूर्ण लगन और दृढ़ता के साथ बाढ़ प्रभावित पशुओं को जहां खाने के लिए चारा, हरा चारा, पीने के लिए पानी आदि उपलब्ध करा रही हैं, वहीं उनका उपचार भी किया जा रहा है।

### राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री भी वितरित की

**सुल्तानपुर लोधी/ कपूरथला।** राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को सुल्तानपुर लोधी क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ हलका प्रभारी सज्जन सिंह चीमा और अतिरिक्त उपायुक्त वरिंदरपाल सिंह बाजवा भी मौजूद थे। श्री सिंह ने मंड इंद्रपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए बाढ़ पीड़ित परिवारों से बातचीत की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार इस मुश्किल घड़ी में पूरी मजबूती और दृढ़ता के साथ बाढ़ पीड़ित लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि पंजाब में आई बाढ़ के कारण किसानों की फसलों और पशुधन के साथ-साथ आम लोगों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों के हुए नुकसान की पूरी भरपाई करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। राज्यसभा सदस्य ने यह भी कहा कि जहां पंजाब सरकार द्वारा लोगों के हुये नुकसान का मुआवजा दिया जा रहा है, वहीं केंद्र सरकार से भी अपील की गयी है कि इस मुश्किल घड़ी में राज्य के लोगों को बाहर निकालने और जीवन को फिर से सामान्य शुरू करने के लिए बड़े पैमाने पर वित्तीय पैकेज की घोषणा की जाये, ताकि किसानों को अधिक से अधिक मुआवजा देकर उनकी दुख-तकलीफों को कुछ हद तक कम किया जा सके।

# थाईलैंड से दिल्ली तक फैले अंतरराष्ट्रीय गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय ड्रग सप्लाई सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में 6 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 5.737 किलो गांजा (ओजी), 3 गाड़ियां और 2 पासपोर्ट बरामद किए गए हैं। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार यह गिरोह थाईलैंड के बैंकॉक से ओजी गांजा मंगवा कर दिल्ली-एनसीआर और अन्य शहरों में ऊंचे दामों पर बेचता था। पकड़े गए आरोपितों की पहचान तिलक नगर निवासी मेहराज खान (42), निलोठी निवासी प्रताप सिंह (32), आज़मगढ़ निवासी निवासी अनिल कुमार सिंह (37), चंदर विहार निवासी सुरजीत सिंह (34), विकासपुरी निवासी हरप्रीत सिंह (27) और निहाल विहार निवासी राजवंत सिंह (49) के रूप में हुई है। डीसीपी के अनुसार आरोपितों में मेहराज खान गारमेंट शॉप चलाता था और ईशान नाम के व्यक्ति के कहने पर गांजे के स्थानीय खरीदारों से संपर्क कराता था। वहीं, प्रताप सिंह पहले ट्रैवल एजेंट था और गांजा लाने वालों के वीजा और टिकट का इंतजाम करता था। इसी क्रम में अनिल कुमार सिंह 18 साल बैंकॉक में रहा और वहीं से गिरोह की गांजा सप्लाई कराता था। जनवरी 2025 में आईजीआई एयरपोर्ट पर दो पासपोर्ट के साथ पकड़ा भी जा चुका है। पकड़ा गया सुरजीत सिंह ऑटो ड्राइवर और पार्ट टाइम प्रॉपर्टी डीलर है। वह भी ईशान के निर्देश पर कैरियर उपलब्ध कराता था। वहीं, हरप्रीत सिंह गांजा लाने वाला कैरियर था। इसके अलावा राजवंत सिंह पेशे से ऑटो ड्राइवर है। वह भी कैरियर के तौर पर शामिल था। डीसीपी के अनुसार 26 अगस्त को क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कुछ जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान प्रताप सिंह और मेहराज खान को केशोपुर मंडी स्थित होटल गोल्डन मैन्शन के पास से दो कारों सहित गिरफ्तार किया गया। तलाशी में 3.708 किलो ओजी गांजा मिला। डीसीपी के अनुसार 01 सितंबर को इस मामले में मुख्य सप्लायर अनिल कुमार सिंह को तकनीकी निगरानी के आधार पर हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर उत्तर प्रदेश के आज़मगढ़ स्थित उसके गांव से एक कार में छिपा कर रखा गया 2.029 किलो ओजी गांजा बरामद हुआ। उसके बाद 03 सितंबर को टीम ने चंदर विहार, दिल्ली से तीन और आरोपित हरप्रीत सिंह, राजवंत सिंह और सुरजीत सिंह को दबोचा। इनसे पूछताछ में पता चला कि ये सभी थाईलैंड से आने वाले गांजे की तस्करी में सक्रिय भूमिका निभाते थे और गिरोह के सदस्य प्रताप सिंह व अनिल कुमार सिंह के साथ जुड़े हुए थे। जांच में पता चला कि यह सिंडिकेट अनिल कुमार सिंह और दुबई में बैठे ईशान द्वारा संचालित हो रहा है। थाईलैंड से 1.5 लाख रुपये किलो के भाव पर गांजा खरीदा जाता और दिल्ली-एनसीआर में 6Ś7 लाख रुपये किलो तक बेचा जाता था। गिरोह युवाओं को विदेश यात्रा और जल्दी पैसे का लालच देकर ‘कैरियर’ बनाता था। जांच में पता चला है कि आरोपित बैंकॉक में स्थानीय सप्लायर कैरियर्स को पैकेट सौंपते थे। भारत लौटने पर ये कैरियर्स अमृतसर, चंडीगढ़, मुंबई और दिल्ली हवाई अड्डों पर उतर कर मेहराज खान और प्रताप सिंह से संपर्क करते। उसके बाद आगे यह माल दिल्ली-एनसीआर में एजेंटों के जरिए पहुंचाया जाता था।

# तरनतारन हत्याकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार

तरनतारन। पंजाब में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने तरनतारन पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में तरनतारन के जगदीप मोला हत्याकांड मामले की चल रही जांच पड़ताल के आधार पर तेजी से कार्रवाई करते हुए शनिवार को हत्याकांड में शामिल दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपी की पहचान अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श, गांव बठ, तरनतारन के तौर पर हुई है। इससे पहले एजीटीएफ ने मार्च 2025 में जगदीप मोला की हत्या के मुख्य आरोपी राहुल सिंह को गिरफ्तार किया था।

उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मोटरसाइकिल पर आए दो अज्ञात हमलावरों ने तरनतारन के गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब के पास जगदीप सिंह पर गोलियां चलाईं और मौके से भागने से पहले उसकी हत्या कर दी।

श्री यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस संगठित अपराध नेटवर्क को ध्वस्त करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराती है।

# बीबीएमबी के जलाशयों में जलस्तर अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के जलाशयों में जलस्तर अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। अधिकतर जलस्तर के साथ भाखड़ा, पौंग और रणजीत सागर बांध में जल विद्युत उत्पादन अधिकतम स्तर पर रहा। उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र (एनआरएलडीसी) की दैनिक रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को भाखड़ा विद्युत गृहों ने 315 लाख यूनिट, रणजीत सागर ने 145 लाख यूनिट और पौंग बांध ने 85 लाख यूनिट बिजली उत्पादन किया। पौंग बांध का जलस्तर 1394.60 फुट है, जोकि खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। पौंग बांध में 94500 क्यूसेक पानी की आवक हुई और लगभग 99700 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। भाखड़ा में 62600 क्यूसेक और रणजीत सागर बांध में 51400 क्यूसेक पानी की आवक हुई। भाखड़ा में जलस्तर 1678.1 फुट और रणजीत सागर बांध में 1724.5 फुट है। भाखड़ा बांध से 70000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बीबीएमबी के सूत्रों अनुसार बांधों से तब तक पानी छोड़ जाता रहेगा, जब तक भाखड़ा बांध का जलस्तर 1677 फुट और पौंग बांध का जलस्तर 1390 फुट से नीचे नहीं आ जाता। पंजाब में शनिवार को कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। कुछ एक स्थानों पर छिटपुट बारिश के अतिरिक्त मौसम सामान्य रहा। धूप खिली हुई है, मौसम विभाग द्वारा आने वाले दिनों के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया है, लेकिन राज्य के कुछ हिस्सों में सात, आठ और नौ सितंबर को स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं।

# पद्मश्री डॉ. बी. के. एस. संजय और डॉ. गौरव संजय ने 45वें सिकॉट वर्ल्ड कांग्रेस में प्रस्तुत किए शोधपत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। प्रख्यात ऑर्थोपीडिक सर्जन पद्म श्री डॉ. बी. के. एस. संजय एवं डॉ. गौरव संजय ने 45वें सिकॉट ऑर्थोपीडिक वर्ल्ड कांग्रेस में अपने महत्वपूर्ण क्लीनिकल अध्ययन प्रस्तुत किए। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 3 से 5 सितम्बर 2025 तक मैड्रिड, स्पेन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर पिता-पुत्र की चिकित्सक जोड़ी ने उन गंभीर ऑर्थोपीडिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला, जिनका सामना विकसित और विकासशील दोनों तरह की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में किया जाता है। उन्होंने अपने व्यापक सर्जिकल अनुभव से प्राप्त निष्कर्ष सांझा करते हुए यह दर्शाया कि जटिल हड्डी-जोड़ संबंधी समस्याएं—जैसे गंभीर घुटना फ्रैक्चर, सेरेब्रल पाल्सी से उत्पन्न स्थायी विकलांगता, टीबी एब्सेस और बढ़ती गठिया (अर्थराइटिस) के लिए किफायती, नवाचारी और जीवन-परिवर्तनकारी समाधान संभव हैं। अपने शोधपत्र में पद्म श्री डॉ. बी. के. एस. संजय ने बताया कि मीडियल ओपन वेज हाई टिबियल ऑस्टियोटॉमी एक तकनीकी रूप से सरल और आर्थिक रूप से अत्यंत किफायती प्रक्रिया है। यह टोटल नी रिप्लेसमेंट की तुलना में ओस्टियोआर्थराइटिस के रोगियों के लिए एक प्रभावी और व्यवहार्य विकल्प हो सकती है। विशेषकर एशियाई देशों में, जहाँ दैनिक जीवन की गतिविधियों में पालथी मारकर बैठना और स्क्वाटिंग आवश्यक होते हैं, यह तकनीक अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती है। वहीं, डॉ. गौरव संजय ने अपने शोधपत्र में बताया कि पर्क्यूटेनियस नेगेटिव सक्शन ड्रेनेज तकनीक एक सुरक्षित, सरल और प्रभावी विधि है, जो इंट्रा-आर्टिकुलर प्रॉक्सिमल टिबिया फ्रैक्चर के बाद होने वाली गंभीर जटिलता कंपार्टमेंट सिंड्रोम की आशंका को काफी हद तक कम करती है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सेरेब्रल पाल्सी पर भी अपने अध्ययन निष्कर्ष साझा किए। उन्होंने बताया कि भारत जैसे विकासशील देशों में यह रोग सामाजिक-आर्थिक कारणों से अधिक पाया जाता है। जब डिफॉर्मिटी या कॉन्ट्रैक्चर रोगियों की दैनिक गतिविधियों में बाधा डालते हैं, तब शल्य-चिकित्सा आवश्यक हो जाती है। शोध से स्पष्ट हुआ कि युवा रोगियों में शल्य-चिकित्सा के परिणाम अधिक संतोषजनक रहे।

# महिषी उग्रतारा मंदिर परिसर में एक दिवसीय सरस्वती संवाद सह संस्कृतोत्सव कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सहरसा। बिहार में सहरसा जिले के के ऐतिहासिक व पुरातात्विक महत्व के तीर्थ स्थल भगवती उग्रतारा की कृपा एवं ग्रामीण आयोजकों के सहयोग से एक दिवसीय सरस्वती संवाद सह संस्कृतोत्सव के एकदिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों व सम्मानित आमजनों के सहयोग से संस्कृत और संस्कृति को समर्पित यह प्रयोजन अति प्रेरणादायक रहा।

नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा, कला संस्कृति पदाधिकारी श्रीमती स्नेहा झा, लोकप्रिय समाजसेवी डॉ रमण झा, युवा साहित्यकार व मिट्टी के गौरव विकास वर्धन मिश्र,नंदकुमार चौधरी, समेत सभी अति विशिष्ट अतिथियों के स्नेहिल सान्निध्य से इस वर्ष का कार्यक्रम अत्यधिक प्रभावशाली रहा। विधिवत दीप प्रज्ज्वलन, मंगलाचरण एवं स्वागत गान के पश्चात कार्यक्रम का स्वरूप और अधिक दिव्य होता गया।वही वेदपाठी बच्चों के मध्य श्लोक अन्त्याक्षरी प्रतिस्पर्धा, वक्तृता, संस्कृत संवाद समेत कई उत्सवपूर्ण गतिविधियां की गई।जिसमे विजित प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार राशि से प्रतिष्ठित किया गया। सम्पूर्ण महिषी ग्रामवासियों सहित बाहर से आगत शताधिक अभ्यागतों ने इस गौरवशाली परम्परा के अक्षुण्ण संवहन हेतु अत्यंत उत्साह प्रकट किया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063